# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

शनिवार, 24 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 239 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3




मोदी गारंटी के साथ बैंक दे रही उद्यमियों को ...पेज-12


Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams



/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093



आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)



सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977


# खुद के होश ठिकाने नहीं, यूपी के बच्चों को बता रहे नशेड़ी








**वाराणसी (स्पष्ट आवाज)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी की एक जनसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज काशी की धरती पर आकर काशी और यूपी के युवाओं को नशेड़ी कह रहे हैं।

जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं, वे मेरे काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं, अरे परिवारवादियों यूपी का भविष्य युवा बदल रहे हैं। बता दें कि राहुल गांधी ने 20 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अमेठी में कहा था, मैं वाराणसी गया और मैंने देखा की रात को बाजा बज रहा है। वहां पर शराब पिए सड़क पर लेटे हुए लोग बाजा बजा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का भविष्य रात को शराब पीकर नाच रहा है... दूसरी तरफ राम मंदिर है जिसमें पीएम मोदी दिखेंगे, अंबानी दिखेंगे... आपको हिंदुस्तान के सभी अरबपति दिखेंगे लेकिन एक भी पिछड़ा या दलित व्यक्ति नहीं दिखेगा। वाराणसी के करखियांव में पीएम मोदी 13 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। सबसे पहले उन्होंने रोप वे की ट्रॉली का उद्घाटन किया । पीएम मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आप लोगन के बीच आने का मोका मिलल हौ। जब तक बनारस नाहीं आईत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहले आप लोग आपन सांसद बनइल। अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बनाई दिहलस। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को प्रभु श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं। जब परिणाम नील बटा सन्नाटा होता है तो एक दूसरे को गाली देकर अलग हो जाते हैं। मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि ई बनारस हव इहां सब गुरू ह, इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा ये परियोजनाएं पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का राह बनेंगी। पीएम ने कहा इन योजनाओं से पूर्वांचल में नौकरी के ढ़ेर सारे अवसर बनेंगे। इन सभी परियोजनाओं के लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा पहले बनारस जाम से जूझता था। जितना समय दिल्ली जाने में नहीं लगता था उससे ज्यादा समय फ्लाइट पकड़ने में लग जाता था। कल रात में पैदल चलकर मैंने फुलवरिया फ्लाइओवर देखा। आज बनारस की रफ्तार कई गुना बढ़ने लगी है। पीएम ने कहा बनास डेयरी में पशुपालक परिवारों से बात करने का मौका मिला। दो साल पहले दिए मेरे सुझाव के बाद गीर गायों की संख्या 350 तक पहुंच गई है। जिससे दूध में वृद्धि हो रही है। आज दुग्धपालक हमारी बहनें लखपति दीदी बन रही हैं। मैं जब लोकल से वोकल कहता हूं तो मैं बुनकरों, छोटे उद्यमियों का ब्रांड एंबेडर बन जाता हूं। मैं टूरिज्म को बढ़ावा देता हूं। जब से विश्वनाथ धाम का पुर्ननिर्माण हुआ है, तब से 12 करोड़ लोग काशी आ चुके हैं। इससे होटल, ढ़ाबा, फूल माला सभी कारोबार से जुड़े लोगों की आय बढ़ी है। पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टचार ने यूपी के विकास को रोका।

आज यूपी बदल रहा है। यूपी के नौजवान जब अपना भविष्य बना रहे हैं तो ये परिवारवादी लोग विरोध कर रहे हैं। अरे परिवारवादियों यूपी का भविष्य युवा बदल रहे हैं। पीएम ने कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा टैलेंट से डरते हैं। उनको लगता है कि सामान्य युवा को मौका मिला तो वे आगे बढ़ जाएंगे। इन्हें काशी का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा। ये परिवारवादी अपने भाषणों में राम मंदिर को लेकर कैसी बातें करते हैं।

## संक्षिप्त आवाज़



### सेंसेक्स 15 अंक टूटा, निफ्टी 22250 के नीचे

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को सुबह से बाजार हरे और लाल निशान के बीच झूलता दिखा। आखिरकार सेंसेक्स 15.44 अंकों की गिरावट के साथ 73,142.80 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 4.75 अंक नीचे 22,212.70 के स्तर पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान यस बैंक और एचएफसीएल के शेयर चार-चार प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

### राहुल की याचिका खारिज

**रांची।** देश में लोकसभा चुनाव का माहौल बना हुआ है। सभी दल चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए है। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय के जरिए जनता के संपर्क साधने में लगे हुए हैं लेकिन इस बीच, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को झारखंड कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। 2018 में अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया। अब इस मामले में राहुल के खिलाफ निचली कोर्ट में ट्रायल चलेगा। राहुल गांधी ने एमपी एमएलए कोर्ट के समन के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### 13 मार्च के बाद हो सकता है लोकसभा चुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। एक तरफ जहां राजनीतिक दलों ने चुनावों को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। वहीं अब चुनाव आयोग जल्द आम चुनावों का शेड्यूल जारी कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 13 मार्च के बाद लोकसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। वहीं बताया जा रहा है कि 7-8 चरणों में मतदान होने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में जबरदस्त मुकाबला होने वाला है। पीएम मोदी ने बीजेपी के लिए अकेले 370 का टार्गेट रखा है। वहीं दूसरी तरफ उनका दावा है कि एनडीए इस बार 400 का आंकड़ा पार कर लेगी। विपक्षी गठबंधन इंडिया भी मोदी सरकार को टक्कर देने की तैयारी में है।

### 'न्याय यात्रा' में मुरादाबाद से शामिल होंगी प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा आगामी शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होंगी और फतेहपुर सीकरी तक इस यात्रा में साथ रहेंगी। पार्टी के अनुसार, प्रियंका गांधी मुरादाबाद से यात्रा के साथ जुड़ेंगी और फिर अमरोहा, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस तथा आगरा होते हुए फतेहपुर सीकरी तक साथ रहेंगी। प्रियंका को चंदौली से ही इस यात्रा में शामिल होना था, लेकिन अस्वस्थ होने के चलते वह इसमें शामिल नहीं हो सकीं।

## प्रधानमंत्री के प्रयास से यूएई में बना पहला हिंदू मंदिर

- वैश्विक मंच पर सांस्कृतिक रूप से बुलंद हो रही है काशी की आभा
- जब दुनिया सोती है तो रात्रि 11 बजे भी जगकर काशी की सड़कों पर आपके हित में कार्य कर रहे थे पीएम



**वाराणसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के प्रभु श्रीरामलला के वनवास के कालखंड को समाप्त कर अयोध्या धाम में अपनी दूरदर्शिता, वचनबद्धता और कर कमलों से प्रभु को विराजमान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी आए हैं। अयोध्या धाम के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात में पहला हिंदू मंदिर बना है। गत सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर पीएम काशी में पधारे हैं। काशी मंदिरों का ही शहर है। अब काशी की आभा वैश्विक मंच पर सांस्कृतिक रूप से बुलंद हो रही है। अबूधाबी में बना मंदिर भी इसका नया उदाहरण है। पीएम का दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक नगरी काशी में ऐसे समय में आगमन हो रहा है, इसलिए सबसे प्राचीन सांस्कृतिक नगरी में काशीवासियों की तरफ से पीएम का जोरदार अभिनंदन करता हूं। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। सीएम ने शुक्रवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित सांसद खेलकूद, सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि काशी सर्व विद्या की राजधानी होगी। जब दुनिया सोती है तो पीएम जगकर सड़कों पर आपके हित में कार्य करते हैं सीएम ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए काशी नए कलेवर के रूप में दुनिया के सामने आई है। कल रात्रि 11 बजे भी लोकप्रिय सांसद के रूप में सड़क पर अपने संसदीय क्षेत्र काशी में रहकर प्रधानमंत्री को आप सभी ने विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए देखा होगा। रात्रि 11 बजे जब दुनिया सोती है, तब प्रधानमंत्री जी जगकर आपके हित में कार्य कर रहे थे। यह बताता है कि राजनेता कैसे जनमानस का विश्वास अर्जित कर सकता है। प्रधानमंत्री ने विकास के साथ काशी को नया रूप और हर तबके को मंच भी दिया है।

**काशी की तर्ज पर सीरगोवर्धन का दिख रहा नया स्वरूप :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सीरगोवर्धनपुर में नया स्वरूप काशी की तर्ज पर देखने को मिलता है। 10 वर्ष पहले यह कल्पना थी, विवाद थे। भव्य समागम की जगह नहीं मिल पाती थी। सड़कें संकरी थी, लेकिन प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता, मार्गदर्शन व नेतृत्व में आज पूज्य संत रविदास जी महराज का पावन तीर्थ नई दिव्यता-भव्यता से चमकता दिखाई दे रहा है। आज संग्रहालय का शिलान्यास हुआ है। यह संगत जब उनकी 650वीं जयंती को मनाएगा तो अगले तीन वर्ष के अंदर ही भव्य स्मारक संग्रहालय के रूप में देखने को मिलेगा। सीएम ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ। उसके पहले भी लोग घोषणाएं करते थे, लेकिन क्या कार्य हो पाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जगद्गुरु रामानंद व रविदास जी की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए कार्यों को धरातल पर उतारा है। जगद्गुरु रामानंद जी ने यही कहा था 'जाति-पाति पूछे नहीं कोई-हरि को भजे सो हरि का होइ'... यह हमें आज देखने को मिल रहा है। समाज में सबका साथ-सबका विकास का मंत्र साकार हो रहा है। हर गरीब को मकान, शौचालय, पांच लाख रुपये की आयुष्मान भारत की गारंटी मिल रही है। साथ ही जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है।

## नैमिष के प्रति राजस्थान के लोगों की गहरी आस्था

- सीतापुर पहुँचे राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा
- माँ ललिता दरबार में टेका माथा, चक्रतीर्थ का किया पूजन
- लोकसभा कलस्टर प्रवास बैठक के बाद प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुँचे सीएम



**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा शुक्रवार को सीतापुर पहुंचे। सीएम शर्मा यूपी के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ नैमिषारण्य आये। उन्होंने माँ ललिता दरबार में माथा टेका और चक्रतीर्थ का पूजन किया।

ललिता मंदिर के प्रधान पुजारी गोपाल शास्त्री ने सीएम भजन लाल शर्मा को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कराया। शहर के गेस्ट हाउस में लोकसभा कलस्टर प्रवास बैठक में मौजूद पांच लोकसभा क्षेत्रों के संयोजकों, संगठन पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ करीब तीन घंटे तक बैठक की। शाम को खैराबाद में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करने के बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गये। नैमिष की आध्यात्मिक धरती को प्रणाम करते हुए शर्मा ने कहा कि नैमिष तपोभूमि सनातन धर्म की आध्यात्मिक विरासत का परम पुनीत धाम है। राजस्थान के लोगों में नैमिषारण्य के प्रति गहरी आस्था है। प्रति वर्ष बड़ी संख्या में राजस्थान राज्य से श्रद्धालु नैमिष तीर्थ आते हैं। सीएम भजन लाल शर्मा ने कहा कि हमारी इच्छा है कि नैमिषारण्य में राजस्थान का अधिकारिक भवन बनाये ताकि इस तीर्थ में आने वाले हमारे प्रांत के लोगों को तीर्थ का सानिध्य भी प्राप्त हो और वह यहां रह कर अपनी माटी से निकटता का अनुभव भी कर सके। इस मौके पर एमएलसी व भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला मौजूद रहे। क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव व मिश्रिख ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडेय ने भजन लाल शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

### महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मनोहर जोशी का आज (शुक्रवार) तड़के यहां के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 86 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। परिवार ने कहा है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद यहां भर्ती कराया गया था। शिवसेना के दिग्गज नेता जोशी को पिछले साल मई में भी ब्रेन हैमरेज के बाद इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जोशी 1995 से 1999 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

## संदेशखाली में बवाल, गुस्साए लोगों ने शाहजहां के ठिकाने पर लगाई आग



**कोलकाता।** बीते कई दिनों से अशांत चल रहे संदेशखाली में फिर से बवाल हुआ है। दरअसल गुस्साए लोगों ने शुक्रवार सुबह भगोड़े शाहजहां शेख के ठिकानों पर आगजनी की। लोगों ने जिस जगह आगजनी की है, वह शाहजहां शेख के भाई सिराज की बताई जा रही है। बवाल की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह भीड़ को नियंत्रित किया।

गुस्साए लोगों का आरोप है कि वर्षों से पुलिस ने कुछ नहीं किया, यही वजह है कि अब वे खुद अपना सम्मान और जमीन पाने के लिए सबकुछ करेंगे। भाजपा की महिला नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज संदेशखाली के दौरे पर है। जहां प्रतिनिधिमंडल पीड़ित महिलाओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात करेगा। हालांकि पुलिस ने भाजपा के प्रतिनिधिमंडल को संदेशखाली जाने से रोक दिया है, जिसके चलते भाजपा नेताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा की राज्य ईकाई की महासचिव लॉकेट चटर्जी और अग्निमित्रा पॉल कर रही हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल भी आज संदेशखाली का दौरा करेगी। मानवाधिकार आयोग ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी कर संदेशखाली हिंसा पर जवाब भी मांगा था।

**शाहजहां शेख के सहयोगियों के आवास पर ईडी का छापा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापेमारी की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर और उसके आसपास पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा कि ये छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि ईडी मामले की सूचना रिपोर्ट के तौर पर आमतौर पर ईसीआईआर दर्ज करती है और यह आपराधिक मामलों में प्राथमिकी के समान होती है। प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों के दल पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला कर दिया था जब उन्होंने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में शाहजहां के आवास में प्रवेश करने की कोशिश की थी। इस हमले में तीन अधिकारी घायल हो गए थे। शाहजहां तभी से फरार है। जिला पुलिस और शेख के परिवार के सदस्यों ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।



संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है जिसके बाद से यह स्थान सुर्खियों में है। पुलिस ने अब तक तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं और शाहजहां के एक करीबी सहयोगी सहित 18 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## अर्थ आवाज़

### आज द हेल्थसाइट.कॉम शिखर सम्मेलन

लखनऊ। इंडियाडॉटकॉम डिजिटल प्राइवेट लि ने द हेल्थसाइट.कॉम शिखर सम्मेलन की वापसी की घोषणा की जो 24 फरवरी है। इस वर्ष शिखर सम्मेलन हैशटैग आयुष्मान इंडिया सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य देखभाल की थीम पर चर्चा करेगा जिसका लक्ष्य एकजुट करना है। भारत में एक लचीला और समावेशी स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में हितधारक। नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य देखभाल हितधारकों और रोगियों के बीच अंतर को कम के मिशन के साथ शिखर सम्मेलन उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल संसाधनों और लागत प्रभावी हस्तक्षेपों की समझ को बढ़ावा देने का प्रयास है। यह भारत को आधुनिक और पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं दोनों में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है। शिखर सम्मेलन के मुख्य सत्र में मुख्य अतिथि पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. के श्रीनाथ रेडडी शामिल होंगे, वह एचआईवी-एड्स के योगदान, पीएचएफआई की भूमिका पर चर्चा करेंगे। थिंक टैंक और स्वास्थ्य देखभाल में विकलांगता-समावेशी विकास के लिए अनिवार्यता। अतिथि इंडियन मेडिकल एसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए सुलभ बनाने पर अपने विचार साझा करेंगे।

### युवाओं के संघर्ष को रेखांकित करती है फिल्म संदेह



लखनऊ। संजय राय द्वारा प्रस्तुत इम्पल्स सिने इंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लि के बैनर तले बनी फिल्म सन्देह एक मार्च को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म संदेह के निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया यह फिल्म युवाओं पर आधारित है, जिसमे उत्कृष्ट गीत-संगीत के साथ थ्रिल, सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी। ये फिल्म परिवार के साथ देखी जा सकती है। फिल्म सन्देह की लेखिका श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि यह फिल्म युवाओं पर आधारित है। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी और बदलते सामाजिक परिवेश में युवा खुद को बेहतर साबित करने और तरक्की की दौड़ में भटक कर गलत रास्ते अपना लेता और गलत रास्ते से कैसे वापस लौटता है, यह सब कुछ इस फिल्म में दिखाया गया है। यह फिल्म भटके हुए युवाओं को सही रास्ता दिखाने का संदेश देती है फिल्म सन्देह। फिल्म निर्देशक अयाज़ खान ने बताया कि फिल्म संदेह सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

### बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद तेजी से होती मसल रिकवरी



कानपुर। नए अध्ययन से सामने आया है कि बादाम खाने से एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों के होने वाले दर्द में कमी आती है, जिससे वर्टिकल जंप जैसी एक्सर साइज में मांसपेशियों की परफॉर्मेंस और बेहतर होती है। यह नतीजे गत रिसर्च का विस्तार है, जिसमें दिखाया था कि एक्सरसाइज के बाद बादाम किस तरह मांस पेशियों में होने वाले दर्द को कम कर प्रभाव डालते हैं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्त पोषित और फ्रंटियर्स इन न्यूट्रिशन में प्रकाशित नई रिसर्च स्टडी में पाया गया कि लंबाई के हिसाब से वजन में थोड़े ज्यादा मध्य आयु के 25 पुरुषों और महिलाओं का आठ हफ्ते तक रोजाना 57 ग्राम कच्चे और साबुत बादाम रोज खाने के लिए देने के बाद बाद 30 मिनट का डाउन हिल ट्रेडमिल टेस्ट किया। नियंत्रण समूह ने उसी कैलोरी (86 ग्राम, तीन आउंस) के मीठे और कुरकुरे बिस्कुट का नाश्ता किया। यह ट्रेड मिल टेस्ट यह देखने के लिए डिजाइन किया था कि एक्सरसाइज के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द और थकान को बादाम से किस हद तक कम किया जा सकता है। दिल्ली मैक्स हेल्थ केयर हॉस्पिटल में डाइटेटिक्स की रीजनल हेड रितिका समददर ने कहा इन सालों में मैं अपने मरीजों को लगातार रोजाना बादाम खाने की सलाह देती हूं।

### एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लि का निर्गम 27 को खुलेगा

नयी दिल्ली। एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स लि ('ईटीएसएल' या 'कंपनी'), इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के संबंध में 27 फरवरी को अपनी बिडिंग/ऑफर की शुरुआत करेगी। कुल ऑफर आकार में 3,290 मिलियन (329 करोड़), (फ्रेश इश्यू) तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 7,042,200 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश शामिल है ('बिक्री के लिए प्रस्ताव'), (एक साथ 'द टोटल इश्यू साइज')। ऑफर का प्राइस बैंड 135 से 142 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 100 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 100 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। एंकर निवेशक बोली की तारीख 26 फरवरी होगी। बिडिंग/ऑफर सदस्यता के लिए 27 फरवरी को खुलेंगे और 29 फरवरी को बंद होंगे। मोनार्क नेटवर्थ कैपिटल लि यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लि और सिस्टमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लि इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### इफको दुनिया की नं. 1 सहकारी संस्था

लखनऊ। इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लि (इफको) को पुनः विश्व की शीर्ष 300 सहकारिताओं में पहला स्थान मिला है। यह रैंकिंग प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद पर कारोबार के अनुपात पर आधारित है। यह दर्शाता है कि इफको राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस की 12वीं वार्षिक वर्ल्ड कोआपरेटिव मॉनीटर रिपोर्ट के 2023 संस्करण के अनुसार यह देश के सकल घरेलु उत्पाद एवं आर्थिक विकास में इफको के कारोबारी योगदान को दर्शाता है। कुल कारोबार के मामले में इफको पिछले वित्तीय वर्ष के अपने 97वें स्थान के मुकाबले 72वें स्थान पर पहुंच गया। अपनी 35,500 सदस्य सहकारी समितियों, 25,000 पैक्स और 52,400 पीएम समृद्धि केंद्रों के साथ इफको आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर कृषि की ओर अग्रसर सहकार से समृद्धि का सशक्त उदाहरण है। गत वर्षों से शीर्ष स्थान बरकरार रखने पर इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा यह इफको और भारतीय सहकारिता आंदोलन के लिए गौरव का क्षण है। इफको में हम किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि देश के किसानों का विकास सुनिश्चित हो सके और सहकारिता आंदोलन को मजबूत किया जा सके।

### महिला उद्यमिता अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की कुंजी

नई दिल्ली। स्टार्टअप देश की आर्थिक विकास रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि यह खंड नई कुशल नौकरियां पैदा करेगा और उद्योग में स्वचालन के कारण बेरोजगार विकास और कम-कुशल नौकरियों के नुकसान की चुनौती का समाधान करने में मदद करेगा। भारतीय स्टार्टअप आंदोलन में अनोखी ऊर्जा, जीवंतता और गतिशीलता है, जो आपको किसी भी स्थापित खिलाड़ी में नहीं मिलेगी, क्योंकि स्टार्टअप संस्थापक, उनकी गतिशील टीमें और उनके फाइनेंसर वास्तविक परिवर्तन निर्माता हैं। स्टार्टअप सेगमेंट में हो रहे नवप्रवर्तन की सीमा और विकास की गति बहुत बड़ी है। स्टार्टअप 20 इंक्लूजन ट्रैक की अध्यक्ष और एफएलओ की पूर्व अध्यक्ष डॉ. हरजिंदर कौर तलवार ने फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि एफएलओ अपने अस्तित्व के गत 40 वर्षों से महिलाओं के जीवन को प्रभावित और परिवर्तित कर रहा है। एफएलओ स्टार्टअप सेल, इसकी अध्यक्ष दूरदर्शी डॉ. आरती गुप्ता के नेतृत्व में और प्रिया गौतम, प्रियंका गुलाटी, सिमरन साहनी, पूजा आरामभन, फणी त्रिवेदी और अनुपमा मोदी सहित समर्पित राष्ट्रीय टीम द्वारा समर्थित है। जिसके द्वारा भारत में 175 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### जयपुरिया लखनऊ में 'उद्योग 5.0' पर आईआईसी राष्ट्रीय सम्मेलन



लखनऊ। उद्योग 5.0 से जुड़े अवसर और चुनौतियों पर प्रकाश डालने तथा उजागर करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ में दो दिवसीय 18वां राष्ट्रीय आईआईसी सम्मेलन शुरू हुआ। परस्पर निर्भरता, एकीकरण और सह-निर्माण (आईआईसी)- 24 संस्करण का विषय उद्योग 5.0 अवसर और चुनौतियाँ है। आईआईसी कांफ्रेंस का उद्देश्य उद्योग 5.0 से जुड़े विभिन्न अवसर और चुनौतियों पर जयपुरिया लखनऊ के छात्रों को वैश्विक उद्योग विशेषज्ञों द्वारा अंतर्दृष्टि प्रदान करना, संवाद को बढ़ावा देना, नवीन समाधानों, स्थिरता के लिए अवसरों, सेवाओं में नवप्रवर्तन, उभरती प्रौद्योगिकियाँ, सतत विकास के लिए विनिर्माण का भविष्य आदि था। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन जयपुरिया लखनऊ के छात्रों के लिए मानव संसाधन उत्कृष्टता, वित्तीय अंतर्दृष्टि में महारत हासिल करने और विपणन सफलता को बढ़ाने पर 3 कार्यशालाएं आयोजित की गई। आईआईसी सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न अकादमिक विचारकों, उद्योग विशेषज्ञों, प्रबंधन पेशेवरों, नीति निर्माताओं और संगठनों, प्रसिद्ध वक्ताओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। बीएनवाई मेलन की वरिष्ठ निदेशक सुशीला कपूर 18वें आईआईसी सम्मेलन की मुख्य अतिथि थीं। भास्कर रमेश, निदेशक-गूगल इंडिया और तरूण मलिक, सह-संस्थापक, जैस्टैक इंटेलिजेंस पहले दिन के मुख्य वक्ता थे। बीएनवाई मेलन की वरिष्ठ निदेशक सुशीला कपूर ने कहा मैं कुछ उद्योग प्रवृत्तियों के वित्तीय पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करूंगी जो हम वर्तमान में कुछ देशों की विश्व अर्थव्यवस्थाओं में देखते हैं।

### सीकेएस और एसरी इंडिया का एमएमजीईआईएस प्रोग्राम शुरु

बेंगलूरू। सेंटर फॉर नॉलेज सॉवेरेनिटी (सीकेएस) और एसरी इंडिया ने मास्टर मेंटर्स जियो-एनेबिलिंग इंडियन स्कॉलर्स (एमएमजीईआईएस) प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इसरो के पूर्व चेयरपर्सन एएस किरण कुमार ने भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डाक्टर के.जे. रमेश भारत के पूर्व महासर्वेक्षक लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार, सीकेएस के सचिव विनीत गोयनका और एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम के पायलट चरण में देशभर से 1000 विद्यार्थी शामिल होंगे। एमएमजीईआईएस एक ऑनलाइन प्रोग्राम है जिसका लक्ष्य जियोस्पैटियल सोच पैदा करना और आठवीं कक्षा से लेकर स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को अनुसंधान उन्मुखी बनाना है जो इस देश के भावी कार्यबल का हिस्सा बनेंगे। इसका उद्देश्य अगले 5 वर्षों में 5 लाख विद्यार्थियों को इस कार्य में लगाना है। 2022 में भारत से 66,400 पेटेंट के आवेदन किए जिसमें 140 जियोस्पैटियल पेटेंट के आवेदन शामिल हैं। यह प्रोग्राम एक मजबूत आईपी रूपरेखा तैयार करने की दिशा में काम करेगा जिससे भारत के एक वैश्विक जियोस्पैटियल इन्नोवेशन हब बनने की दिशा में इसकी यात्रा में और अधिक पेटेंट के लिए आवेदन किया जा सके।

# बारह सीसीटीवी कैमरे रखेंगे नगर पर नजर:अमन गिरि

**●नगर के बाहर पुर्नस्थापित होगा रोडवेज बस स्टेशन**



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला विधानसभा क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता है इसी कथन का पालन करते हुए मैने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग व आशीर्वाद से लगभग पांच करोड रुपये के कार्य प्रस्तावित किये हैं वे जनता के सामने रख रहा हूं। उक्त वक्तव्य विधायक अमन गिरि ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने बताया कि नगरवासियों की सुरक्षा के उद्देश्य से नगर के सभी प्रवेश द्वारों व सार्वजनिक स्थानों पर कुल बारह सीसीटीवी कैमरा तथा सर्वररुम,बाबा टेढेनाथ मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के लिए एक करोड रुपये स्वीकृत कराये, इसी के साथ ही गोला नगर को जाम से निजात दिलाने के उददेश्य से रिंग रोड के निर्माण का जो सपना मेरे पिता स्वं0 अरविन्द गिरि ने देखा था उसे साकार करते हुए लखीमपुर रोड से भूतनाथ मार्ग होते हुए अलीगंज मार्ग तक चौडीकरण का कार्य कराया जा रहा है जो मिनी बाईपास के रुप में जाना जायेगा, शीघ्र ही एक नये बाईपास का निर्माण कराया जायेगा जिसके लिए अधिकारियों को स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये जा चुके है पुर्नभूग्रण्ट में पडी तहसील की भूमि पर मुंसिफ कोर्ट बनवाने का प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है, सिकन्द्राबाद में गजमोचननाथ मन्दिर, बाबा भूतनाथ मन्दिर, कलेशहरणनाथ मन्दिर के सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा गया है। कॉरीडोर के निर्माण जो मेरे पिता जी का सपना था वह कार्य भी मुख्यमंत्री के सहयोग से पूरा होगा जिसके लिए शीघ्र ही बजट स्वीकृत के लिए फाइल जा चुकी है। ग्राम हजरतपुर विकास खण्ड कुम्भी गोला में बाबा टेढेनाथ स्थान के पास, भूतनाथ मन्दिर के पास, दरियाबाद में चौसन्दे बाबा स्थान के पास, बिजुआ में टेढेश्वर हनुमान मन्दिर के पास, कलेशहरणनाथ मन्दिर के पास, बिजुआ में गुरुद्वारा के पास, सिकन्द्राबाद में गजमोचन नाथ मन्दिर के पास, कंजा में बरमबाबा स्थान के पास हाईमास्ट लाईट,सहित कुम्भी ब्लाक में दो करोड रुपये के निर्माण कार्य, बिजुआ में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। नानकचौकी प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज लगवाने का कार्य कराया जा चुका है।

**खेलेगा इण्डिया-बढेगा इंडिया**

खेलेगा इण्डिया-बढेगा इंण्डिया कार्यक्रम पर आधारित स्व0 राजेन्द्र गिरि स्टेडियम पब्लिक इण्टर कॉलेज गोला एवं सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम वसलीपुर का अतिशीघ्र उद्घाटन प्रस्तावित है एवं क्रिकेट स्टेडियम कुम्भी भी निर्माणाधीन है।

**शहर के बाहर पुर्नस्थापित होगा रोडवेज बस स्टेशन**

गोला में जाम की समस्या को ध्यान में रखते हुए रोडवेज बस स्टेशन को शहर के बाहर पुर्नस्थापित कराने का प्रस्ताव प्रस्तावित है।

# व्यवस्थाओं को शीघ्र करें पूर्ण:एसडीएम



रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज।श्री लोधेश्वर महादेवा में 28 फरवरी से शुरू होने वाले फाल्गुनी मेले के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।कांवड़ियों की सुरक्षा-व्यस्था के लिए पुलिस फोर्स की तैनाती से लेकर ड्यूटी प्वाइंट आदि का चयन किया जा रहा है।पुलिस क्षेत्राधिकारी से लेकर सिपाही तक 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों के जरिए मेले की हर गतिविधि पर नजर रहेगी। एसडीएम पवन गौतम ने शुक्रवार को मेला परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मेले की व्यवस्थाओं को जल्द पूरी करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मेले से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने मेला परिसर से लेकर कांवड़ मार्ग पर चल रहे सफाई कार्य में तेजी लाने के लिए बीडीओ को निर्देश दिए है। वहीं विद्युत विभाग से व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मेले में सार्वजनिक शौचालय,पेयजल व प्रकाश की उचित व्यवस्था रहेगी। इस मौके बीडीओ प्रीति वर्मा,बीडीओ देवेन्द्र सिंह,पंचायत सचिव रविन्द्र कुमार,जितेन्द्र कुमार,मोहन रावत महादेवा प्रधान राजन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता आयोजित

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज।पीजी कॉलेज परिसर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिवस का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक उप जिलाधिकारी पवन कुमार, प्राचार्य प्रोफ़ेसर कौशलेंद्र विक्रम मिश्र, क्रीड़ा प्रभारी डॉ अखिलेश पटेल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के पावन चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद के द्वारा अपने कार्यकाल में अपनी निधि से राजा अमर कृष्ण नारायण सिंह शिक्षण भवन निर्माण हेतु दी गई धनराशि से बने शिक्षण भवन का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में संयुक्त रूप से किया।रेफरी अरविंद यादव, कुलदीप प्रताप सिंह व अमृत लाल यादव के निर्देशन में बालक व बालिकाओं की दौड़ से खेल का प्रारंभ कराया गया। इसके अतिरिक्त खो-खो,वॉलीबॉल,गोला फेक, सहित अन्य प्रतियोगिताएं कराई गई।विजयी छात्र छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रामकुमार सिंह ने किया।

इस मौके पर प्रो0 सुनीत कुमार सिंह प्रो0 एच के मिश्र डॉ अखिलेश वर्मा, डॉ मनोज सिंह, अमरजीत सिंह,डॉ के पी सिंह, डॉ संजय तिवारी, डॉ सुनीत जायसवाल डॉ पंकज जायसवाल,ओम कुमार, रानी सैनी,डॉ सरोज कुमारी, डॉ शैलजा दीक्षित, आलोक राय,वैभव मिश्रा, राजेश कुमार मोनू भास्कर अशोक शुक्ला, विष्णु निगम, विद्याधर पांडे सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड से सीख कर जमीनी स्तर पर उतारने का मिलता है मौका : उमाशंकर





बाराबंकी। (स्पष्ट आवाज) । स्काउट गाइड न केवल जिला व राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है बल्कि अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है जिसमें बहुत कुछ सीखकर ज़मीनी स्तर पर उतारने का मौका मिलता है । उक्त विचार मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैं चल रहे पंच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन महाविद्यालय के सचिव उमाशंकर वर्मा मुन्नू भैया ने व्यक्त किये। उन्होंने रेंजर यूनिट की उपयोगिता बताते हुए कहा कि आप सभी छात्राओं को रेंजर प्रशिक्षण के लिए पूरी सुविधा दी जाएगी । अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश वैश्य ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि महाविद्यालय हमेशा छात्रों की शिक्षा हेतु समर्पित रहा है और आगे भी रहेगा किसी प्रकार की समस्या आने पर महाविद्यालय कमेटी द्वारा उसका समाधान किया जाएगा । कार्यक्रम को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर उषा चौधरी ने भी संबोधित किया । उन्होंने रेंजर इकाई प्रभारी की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास से ही आज रेंजर इकाई समाज सेवा के कार्यो में भागीदारी कर रही है । छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया । इसके अलावा अंतिम दिन छात्राओं ने पुल निर्माण तंबू बनाना एवं गैजेट्स बनाने आदि का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। रेंजर इकाई प्रभारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

# आकृति को 92,000 डालर की स्कॉलरशिप



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा आकृति सम्यक को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित कैलीफोर्निया कालेज ऑफ आर्ट्स द्वारा 92,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया। आकृति को यह स्कॉलरशिप 4 वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने आकृति की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी।

# त्रिशूल रूप दर्शन का वार्षिक समारोह मनाया

लखनऊ। सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर इंदिरा नगर लखनऊ एवं सिद्ध शक्तिपीठ सत्यतीर्थ आश्रम भवानीपुर, अनोरा कला फैजाबाद रोड लखनऊ की में भगवान के त्रिशूल रूप दर्शन का वार्षिक समारोह आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी एवं दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान की वाणी के पाठ से हुआ। 45 वर्ष पूर्व श्री कृष्णचेतनावतार देवी मां ने भगवान के लिए लिपि रूप पर जब प्रसाद अर्पित किया, तब उनके पावन कर कमलों के स्पर्श मात्र से, प्रसाद में भगवान ने त्रिशूल रूप में दर्शन दिया। उस दिन से प्रत्येक वर्ष 23 फरवरी को भगवान का त्रिशूल रूप दर्शन का वार्षिक समारोह सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर में मनाया जाता है। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम द्वारा भगवान श्री कृष्ण के दर्शन को दिव्य आभूषणों से अलंकृत किया गया। मां पूनम ने अपने प्रवचन में बताया कि मनुष्य जब जब सत्य धर्म और अन्य के पथ पर बढ़ता है, तब तब भगवान के न्याय रूप के अंतर्गत उसे अपने जीवन में संघर्षों, कष्टों, रोगों, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए मनुष्य को सदा सत्य, धर्म, न्याय के पथ पर ही अग्रसर रहना चाहिए तभी उसे भगवान की कृपा, संरक्षण और आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है।

# तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 60 लाख से अधिक की अवैध स्मैक बरामद



बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। थाना एएनटीएफ पुलिस टीम द्वारा तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर कब्जे से 670 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 60 लाख 70 हजार रूपये) बरामद किया है । प्राप्त विवरण के मुताबिक थाना एएनटीएफ पुलिस टीम को मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर पता चला कि कुछ लोग शहर फैजुल्लागंज सन बेकरी के पास से खड़े होकर किसी का इंतजार कर रहे हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक अयनुद्दीन हमराही पुलिस बल उ0नि0 सूरज सिंह हेड कांस्टेबल आदिल हाशमी, अरविन्द सिंह ,वेद प्रकाश दुबे,आलोक सिंह ,मनीष कुमार दुबे, हे0का0 जितेन्द्र कुमार सिंह,दीपक कुमार, दिलीप निषाद, आरक्षी कृष्ण कुमार यादव, अभिषेक सिंह, अमरपाल ने दविश देकर अभियुक्त मो0 कैफ पुत्र मो0 अलीम व मुसैब पुत्र दोस्त मोहम्मद निवासीगण टिकरा मुर्तजा थाना जैदपुर तथा मो0 जमीर उर्फ फिरोज पुत्र मो0 जहीर निवासी असद नगर, दशहराबाग थाना कोतवाली नगर को फैजुल्लागंज कोण बकरी के पास से गिरफ्तार कर लिया । पकड़े गए अभियुक्तो के कब्जे से कुल 670 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई । पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई अवैध स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 60 लाख 70 हजार रूपये है अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना जहांगीराबाद पर मु0अ0सं0 65/2024 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

# टप्पे बाज महिलाओं ने महिला के गले से उड़ाया सोने का हार

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। शादी समारोह मे शामिल होकर ई रिक्सा से घर लौट रही महिला के गले से चार टप्पे बाज महिलाओं ने सोने का हार गायब कर दिया। महिला के पिता ने मसौली पुलिस मे हार चोरी की तहरीर दी है। तहरी लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है घटना मसौली थाना क्षेत्र की है मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कस्बा सहादतगंज निवासी मो0 सलमान की पत्नी सुफियाना बानो गत 19 फ़रवरी को अपनी दो जेठानियों के साथ ग्राम शहाबपुर मे एक शादी मे गयी थी। ई रिक्सा से वापसी के दौरान चार महिलाए बड़ागांव मोड पर मिली जिसमे एक महिला गर्भवती थी जिसने बताया कि बड़ागांव अस्पताल मे दिखाने गये थे मसौली चौराहे तक लेते चलो महिलाओं की परेशानी देख ई रिक्शा चालक ने चारो महिलाओं को बैठा लिया और जब मसौली चौराहे पर उन महिलाओं को उतार कर ई रिक्शा मुश्किल से 5 सौ मीटर आगे बढ़ा था कि देखा सुफियाना के गले से करीब 10 ग्राम का सोने का हार गायब था।

# बीडीओ ने उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ गौशालाओं का किया निरीक्षण



रामसनेहीघाट बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)।प्रदेश सरकार द्वारा गौशाला में समुचित व्यवस्था और पशुओं के लिए चारा आदि एवं रखरखाव के साथ साथ गौशालाओं के लिए सुन्दरी करण जिससे कि पशुओं को कोई दिक्कत ना हो। इसके लिए खण्ड विकास अधिकारी विनय कुमार मिश्र उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रमेश चंद्र सिंह के साथ ब्लाक क्षेत्र में बनी हुई गौशालाओं में सकतपुर , नाथूपुर एवम सूरजपुर की गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें गौशालाओं में लगे हुए गेट तथा दीवाल की पेंटिंग का निर्देश दिया। नाथूपुर तथा सकतपुर में हरे चारे की समस्या मिली तो सचिव तथा प्रधान को गोवंशो को हरा चारा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। संवाददाता रामनारायण मिश्र से बात करने पर बीडीओ विनय कुमार मिश्र ने कहा कि मौसम बदलने से गोवंशो को अच्छी धूप मिल जाती है जिससे सभी गोवंश स्वस्थ हैं। और गौशालाओं में कोई समस्या नहीं है ।

## बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मिजान एवं उसकी पत्नी सानिया के गलत चाल चलन व हरकतों से परेशान होकर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब इन दोनों से आज से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है ।

**मुश्ताक अहमद पुत्र एजाज अहमद**
**निवासी शेख 3 वार्ड 3 देवा शरीफ थाना देवा जनपद बाराबंकी**
**मोबाइल नं 738040 8125**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भवनियापुर खेवली विकास खंड बनीकोडर बाराबंकी

पत्रांक : ग्रा.पं./मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/निविदा सूचना/बनी/2022-23 दिनांक 23/02/2024

**निविदा सूचना**

विकासखंड बनीकोडर के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवनियापुर खेवली में मनरेगा योजना अंतर्गत जनहित में निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। जिसके लिए संलग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक/ ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से स्वीकृत दरों के अधीन निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबंधों के अधीन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 24/ 02/2024 से 01/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। मोहर बंद निविदाएं दिनांक 02/03/2024 को प्रातः 10:00 बजे से 2 बजे अपराह्न तक निविदा बॉक्स में डाली जाएगी तथा इसी दिनांक को ही ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन में फर्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष समय 3:00 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा (सं/ई में) | अनु0 लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रु0 में) | धरोहर राशि (लाख रु0 में) | स्वीकृत धनराशि (लाख रु0 में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | पूरे लाल में सीसी रोड से सूरते के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | इंटरलॉकिंग ईंट | 6949 | 188595.86 | 188595.86 | 399739.00 | 500/- | 35 दिन |
| 2. | खेवली में रामतेज के घर से कृष्ण मगन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | इंटरलॉकिंग ईंट | 7022 | 190577.08 | 190577.08 | 399950.00 | 500/- | 35 दिन |

1- निविदा स्वीकृत होने पर संबंधित जीएसटी पंजीकृत फार्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत/बैंक/पोस्ट ऑफिस द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर्स/प्रतिभूत प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत भवनियापुर खेवली विकासखंड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुए जमा करना होगा। 2- आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति संबंधित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक/अवर अभियंता के द्वारा बताए गए निर्दिष्ट समय/स्थान पर आपूर्ति करना होगा। 3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजना अंतर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्रवाई की जाएगी विलंब आदि के लिए कार्यकारी संस्था उत्तरदाई नहीं होगी। 4- जीएसटी पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 5- विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 6- आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 7- आपूर्ति की गई सामग्री के भाड़ा/किराए का अलग से भुगतान दे नहीं होगा। 8- निविदा स्वीकृत होने पर संबंधित फार्म मालिक/ठेकेदार/पूर्तिकर्ता से अनुबंध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत भावनियापुर खेवली उपभोक्ता अनुसार प्रकलित/स्वीकृत सामग्री संबंधित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक/अवर अभियंता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय/स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने से विफल रहने पर धरोहर राशि जप्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। 9- निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। 10- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरि लेखन मान्य नहीं होगा। 11- निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा। 12- बिना कारण बताएं किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**सिंधू कुमार** तकनीकी सहायक- ग्रा.पं. भवनियापुर खेवली बनीकोडर - बाराबंकी | **मनोज दीक्षित** सचिव ग्रा.पं. भवनियापुर खेवली बनीकोडर - बाराबंकी | **उदय राज** ग्राम प्रधान ग्रा.पं. भवनियापुर खेवली बनीकोडर - बाराबंकी

## अदालती सूचना

उद्घोषणा

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) मीरजापुर
सक्सेशन प्रकीर्ण वाद सं0 15/2024
इन्दो देवी **बनाम** संजय कुमार

अपने पुत्र मृतक स्व0 उत्सव शर्मा जैस का देय ऋण और प्रतिभूतियों के वसूल करने के लिए प्रमाण पत्र के अभिप्राप्ति के लिए सन् 1989 ई0 के अधिनियम 7 के अधीन के आवेदन ............. के लिए।

1. इन्दो देवी पत्नी संजय कुमार निवासी ब्रहमणान उत्तरी कछवां, ता0 मझवा, परगना कसिवार, तहसील सदर, जिला मीरजापुर।

चूँकि इन्दो देवी के प्रमाण पत्र की अभिप्राप्ति के लिए आवेदन दिया है और आवेदन के सुनवाई के लिए नियत हुआ है। अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को इन्दो देवी आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो, स्वयं या अधिवक्ता द्वारा 10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) मीरजापुर के नियत दिनांक 28.02.2024 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त दिनांक के अवसान पर फिर किसी को आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदक के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

2024 के 02 का 28 दिवस को आपत्ति/निस्तारण दिनांक 28.02.2024
तारीख जारी दिनांक 19.02.2024
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुहर सहित निकाली गई।

हस्ताक्षर
न्यायाधीश

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**समक्ष अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम महराजगंज**
भरण पोषण याचिका संख्या-320/2021
ता. पेशी 11-03-2024

श्रीमती स्नेही चौबे पत्नी सुधीर चौबे उर्फ सुधीर चतुर्वेदी उम्र 26 वर्ष सा. पुरानी तहसील खलीलाबाद कोतवाली के बगल में तप्पा-दखिन हवेली, परगना-मगहर, पूरब तहसील व पोस्ट-खलीलाबाद, जनपद-संतकबीर नगर पिन कोड-272175 हाल मु. पुत्री श्री गोविन्द शरण दूबे साकिन-केसौली, तहसील-फरेन्दा, जनपद-महराजगंज

**प्रार्थिनी/वादिनी**

बनाम

सुधीर चौबे उर्फ सुधीर चतुर्वेदी उम्र 32 वर्ष सा.-पुरानी तहसील खलीलाबाद कोतवाली के बगल में तप्पा-दखिन हवेली परगना मगहर पूरब तहसील व पोस्ट-खलीलाबाद, जनपद-संतकबीरनगर पिन कोड-272175

**विपक्षी**

हरगाह ने आपनाम एक नातिबादत के बायर को है लिहाजा को हुक्म होता है कि आप तारीख 11 माह 03 सन 2024 के बजे दिन के अदालत में या मारफ बन को हालत से वकील जो मुकदमा किया गया हो और मुतालिक जबाव दे सके या कोई हो जो कि जब सवालत का दे सकें, हो और जबाबदा डरना यही तारीख कोजा हजरार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कराई के जज है आपको है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जबाबदेही हुई है कि कतई दे तार्रद इस्तेमान करना चाहते हो पेशकरें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वसज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूह और फैसला होगा।

**ता. पेशी- 11-03-2024**

जबाबदेही व तनकीह बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख मुद्दमाह सन ई. जारी किया गया।

**बी. ओ. मुन्सरिम**

## सत्यवती पटेल महाविद्यालय

ममरी-लखीमपुर (खीरी)
सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ

**आवश्यकता है**

सत्यवती पटेल महाविद्यालय में सहायक आचार्यों की आवश्यकता है।

**एम.ए.-** ड्राइंग पेन्टिग, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, भूगोल विषयों हेतु दो-दो सहायक आचार्य।

**एम.एस.सी.-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान विषयों हेतु दो-दो सहायक आचार्य।

शैक्षिक योग्यता शासन/यू.जी.सी. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमानुसार/योग्यताधारी अभ्यार्थी अपने समस्त शैक्षिक एवं अनुभव अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रति सहित आवेदन रजिस्टर्ड डाक, ई मेल द्वारा विज्ञापन तिथि से 15 दिन के भीतर भेज दें।

**मो.नं.-** 6386906946. 9452222289,
**मेल आइडी-** bitu.patel1983@gmail.com

**प्रबन्धक**
**सत्यवती पटेल महाविद्यालय**
**ममरी-लखीमपुर (खीरी)**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0) जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांक : 3116/ईई0(एच0क्यू0)/2023-24 दि0: 21.02.2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 02.03.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 02.03.2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 02.03.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय में टैंकर संख्या – 18 के नये सिरे से निर्माण इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रू0 3,000.00 एवं निविदा मूल्यं रू0 150.00

**अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

## कार्यालय नगर पंचायत बख्शी का तालाब - लखनऊ

**संख्या - 188/न0पं0बी0के0टी0/नि0सू0/2023-24** **दिनांक - 23 फरवरी, 2024**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत नख्शी का तालाब लखनऊ में राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि पं0 दीन दयाल उपाध्याय उपाध्याय नगर विकास योजना व 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क की प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में सक्षम श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से निम्नलिखित दर्शाये गये कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई-निविदा दिनांक 24/02/2024 समय 12:00 pm बजे से दिनांक 04/03/2024 समय 04:00 pm बजे तक ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की तकनीकी बिड दिनांक 05/03/2024 को समय 02.30 pm बजे खोली जायेगी, तकनीकी बिड खुलने के उपरान्त तिथि नियत करते हुए वित्तीय बिड खोली जायेगी, जिसे सम्बन्धित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा निविदा प्रपत्र शुल्क एवं दो प्रतिशत जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0/नेफ्ट/ऑनलाइन के माध्यम से नगर पंचायत निधि खाता संख्या 39357535352 आई0एफ0एस0सी0 sbin0006683 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बख्शी का तालाब में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का आगणन, नियम व शर्ते कार्यालय नगर पंचायत बख्शी का तालाब लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता हैं। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बख्शी तालाब लखनऊ**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बख्शी तालाब लखनऊ**

# प्रत्येक घटना को गंभीरता से लेकर करें कार्रवाईः डीजीपी

- आगामी त्यौहार एवं लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस महानिदेशक ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
- वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में नियमित फुट पेट्रोलिंग की जाए



**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार द्वारा शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक व पुलिस आयुक्त को कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत आगामी त्यौहार एवं लोक सभा चुनाव के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये गये। डीजीपी ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत परिष्ठ अधिकारियों द्वारा जनपद के थानों के त्यौहार रजिस्टरों का अवलोकन कर लिया जाये तथा पूर्व में अंकित विवादित प्रकरणों का समय से निस्तारण करा लिया जाये। वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर पीस कमेटी के पदाधिकारियों तथा व्यापारिक संगठनों के साथ गोष्ठी कर लिया जाय तथा गोष्ठी में उठाये गये महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जिला प्रशासन के सहयोग से समय से निराकरण कर लिया जाये। महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं बाजारों के आस-पास वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में नियमित फुट पेट्रोलिंग की जाये। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के दृष्टिगत नियमित सतर्क दृष्टि रखी जाये एवं संवेदनशील मार्गो व स्थलों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल तथा यूपी-112 के वाहनों का व्यवस्थापन किया जाये। सूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय किया जाये तथा प्रत्येक छोटी सी छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही की जाये। वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर इसकी समुचित मॉनीटरिंग की जाये। अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनकी समीक्षा कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मो की मानिटरिंग की जाये तथा सतर्क दृष्टि रखी जाये। भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्टी एवं अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुये वैधानिक कार्रवाई की जाये तथा अफवाहों का खण्डन किया जाये। संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्री, जुलूस के मार्गो एवं हॉट स्पाट्स पर पर्याप्त व सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध, सीसीटीवी कैमरा व मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। पूर्व से गठित शान्ति समितियों, नागरिक सुरक्षा समितियों आदि से वार्ता कर सम्रान्त नागरिकों, शान्ति समिति व नागरिक सुरक्षा समिति के सदस्यों, डिजिटल वालिटियर्स आदि का अपेक्षित एवं सकारात्मक सहयोग प्राप्त किया जाये।

## निःशुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित

**लखनऊ।** बृहस्पतिवार को लखनऊ के त्रिवेणी नगर सीतापुर रोड स्थित प्रसिद्ध हाथी बाबा मंदिर में ग्यारह बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। जिसे नैमिषारण्य के आचार्य हरिनारायण ने सम्पन्न कराया। हाथी बाबा मंदिर के महंत सीताराम द्वारा बटुकों को दीक्षा दी। इस आयोजन के मुख्य यजमान विमल किशोर खन्ना एवं रेखा खन्ना रहे। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक विमल किशोर खन्ना ने बताया कि हिंदू धर्म के सभी संस्कारों में एक महत्वपूर्ण संस्कार यज्ञोपवीत भी है और गुरूदेव श्री श्री रविशंकर की कृपा से इस तरह का सामूहिक आयोजन प्रति वर्ष किया जा रहा है ,जो निऱ्शुल्क है। इस धार्मिक आयोजन में समाज के लोग और संबंधित परिवार बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं। यज्ञोपवीत के पश्चात बटुकों का नये जीवन में प्रवेश होता है।आयोजन के समापन पर मंदिर में ही सभी सौ परिवारों एवं भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन श्रीश खन्ना द्वारा किया गया।

# ऊर्जा व्यवस्था को हर हाल में मांग के अनुरूप बनाना होगाः एके शर्मा

- नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलीयन डॉलर बनाने में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के कार्यदायित्वों की समीक्षा की



**लखनऊ,।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मुख्यमंत्री के संकल्प एवं निर्देशों के क्रम में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक वन ट्रिलीयन डॉलर तक ले जाने में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के कार्यदायित्वों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि वर्ष 2027-2028 तक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलीयन डॉलर बनाने के लिए एग्रीकल्चर, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, सर्विस सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि सभी क्षेत्रों में ऊर्जा की मांग बढ़ेगी। इस बढ़ी हुई मांग को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए रिन्यूएवल एनर्जी, ग्रीन एनर्जी के साथ थर्मल पावर के उत्पादन पर भी ध्यान केन्द्रित करना होगा। एके. शर्मा शुक्रवार को शक्ति भवन में अपने दोनों विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ प्रदेश को वन ट्रिलीयन डॉलर इकोनामी बनाने के रोडमैप पर दोनों विभागों के कार्यदायित्वों पर चर्चा की और कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि किसी भी देश व प्रदेश के विकास में ऊर्जा जरूरतें वहां के इकोनॉमी ग्रोथ के इंजन के रूप में कार्य करती हैं। हमें अपने प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ एवं पूरी तरह से मांग के अनुरूप बनाना होगा। ग्रीडों का आधुनिकीकरण कर क्षमता बढ़ानी होगी। आधारभूत संरचना को मजबूत करना होगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी जरूरी संसाधन तथा वित्तीय प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाय, जिससे कि ऊर्जा विभाग अपनी जिम्मेदारियों को पूर्णतया निभा सके।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य है। प्रदेश में 3630 मेगावाट के सोलर पार्क भी बनाये जा रहे। बुन्देलखण्ड में 04 हजार मेगावाट का ग्रीन एनर्जी ट्रांसमिशन कॉरीडोर का निर्माण हो रहा। विद्युत व्यवस्था के ढांचागत सुधार के लिए आरडीएस योजना के तहत 16000 करोड़ रूपये के कार्य युद्धस्तर पर चल रहे। आगामी कुछ वर्षों में कई थर्मल पॉवर प्लांट से भी बिजली उत्पादन शुरू हो जायेगा। ग्रीन हाइड्रोजन प्रतिवर्ष वन मिलीयन मीट्रिक टन उत्पादन का भी लक्ष्य है। बायो एनर्जी पर 5005 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जाने हैं।

उन्होंने कहा कि पार्कों, चैराहों, स्मारकों, ऐतिहासिक स्थलों की साफ-सफाई, सुन्दरीकरण और अनुरक्षण के कार्यों के लिए पब्लिक पार्टनरशिप व संस्थानों का भी अधिक से अधिक सहयोग लेने का प्रयास किया जाय। टेलीफोन के तारों, आप्टिकल फाइवर के मकड़जाल को व्यवस्थित करें। उन्होंने सीएम ग्रीड योजना के तहत 12 मीटर से ऊपर की सड़कों, सिग्नेचर रोड पर विद्युत लाइनों को अन्डरग्राउण्ड करने के कार्यो पर नियोजित ढंग से कार्य किया जाय, जिससे कि विद्युत लाइनें किसी भी प्रकार की समस्या न पैदा हो।

## सीएम आवास योजना में 38 हजार लाभार्थियों को धनराशि जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना. ग्रामीण के अन्तर्गत वर्ष 2023.24 के लिये कुल 38376 लाभार्थियों के आवास निर्माण हेतु तृतीय किश्त की धनराशि रूपये 3837.60 लाख रुपये अड़तीस करोड़ सैंतीस लाख साठ हजार मात्र स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासनए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी किया जा चुका है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजनान्तर्गत स्वीकृत की गई धनराशि स्टेट नोडल बैंक एकाउन्ट से पीएफ एमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में अन्तरित की जाये। स्वीकृत धनराशि का आहरण एकमुश्त न करते हुए अपितु आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुमोदित परियोजना योजना के दिशा- निर्देशों गाइड लाइन्स एवं संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा। संबंधित जनपदों की मांग आवश्यकता का परीक्षण करते हुए धनराशि आवंटित की जायेगी। जारी शासनादेश में निर्देश दिए गये हैं कि लाभार्थियों को अनुदान जारी करते समय यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य हेतु लाभार्थी को किसी अन्य योजना से अनुदान प्रदान न किया गया हो।

## अब तक 53.06 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कुं. और धान ग्रेड.ए 2203 रूपये प्रति कुं. की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। अब तक 53.06 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक लगभग 791693 किसानों को लाभान्वित करते हुए 11359.390 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष धान खरीद हेतु 70.00 लाख मी.टन क्रय लक्ष्य निर्धारित है।

# राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने वाली हो शिक्षा प्रणालीः अंबिका मिश्रा

- भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी पोषण और संरक्षित रखना महत्वपूर्ण : नम्रता पाठक



**लखनऊ।** भारत में नवाचार के चुनौतियों और अवसरों पर 7वीं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पहले दिन वैश्विक नेताओं प्रमुख शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं का एक सम्मानित समूह आईआईटीए एनआईटीए जेएनयू नई दिल्ली बीएचयू वाराणसी चेक गणराज्य के ब्र्नो के मेंडल विश्वविद्यालय और कई अन्य प्रतिष्ठित शैक्षिक और शोध संगठनों स लखनऊ में स्थित अंबालिका प्रबंधन और प्रौद्योगिकी संस्थान में संचारित हुआ। कार्यकारी निदेशक अंबिका मिश्र ने नई शिक्षा नीति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सभी को एक मजबूत और समानाधिकारी शिक्षा प्रणाली के निर्माण की दिशा में काम करना चाहिए जो हर व्यक्ति को उनकी पूरी क्षमता को समझने और हमारे राष्ट्र की प्रगति में सार्थक योगदान देने की क्षमता प्रदान करती है। उन्होंने अंबालिका समूह के अध्यक्ष बीसी मिश्रा, विधायक आराधना मिश्रा ने अजेय समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि प्रो. जेपी पांडेय कुलपति एकेटीयू ने अभिनवता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें सभी को मूल स्तर पर अर्हता को प्रोत्साहित करना चाहिए। किसानों और आम व्यक्तियों से लेकर छात्रों तक प्रगति और जीवन की गुणवत्ता में संतुलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने संस्थान की स्टार्टअप और इंक्यूबेशन सेल की भी सराहना की। मुख्य अतिथि समाजसेविका नम्रता पाठक ने कहा कि स्थानीय स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है जबकि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी पोषण और संरक्षित रखना महत्वपूर्ण है। प्रो. चंद्र मोहन एवं प्रो.विनोद चंद्रा ने नवाचार से संबन्धित अनेक विचारों पर परिचर्चा की। प्रो. ओपी सिंह, एमडी कायाचिकित्सा बीएचयू वाराणसी ने मानव स्वास्थ्य को बनाए रखने में आयुर्वेद के महत्व के बारे में चर्चा की। डा.पुनीत मिश्रा, सामाजिक परिपेक्ष्य में संवर्धनीय न्यूरल नेटवर्क की शक्ति के बारे में चर्चा की। उद्घाटन सत्र का समापन संस्थान के निदेशक प्रो. आशुतोष द्विवेदी और अतिरिक्त निदेशक संयोजक प्रो. श्वेता मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# लखनऊ विवि में विद्यार्थियों ने सीखे उद्यमिता में सफलता के गुण



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग के चाणक्य सभागार में आईआईएम लखनऊ के इनक्यूबेशन सेंटर और भारतीय रिजर्व बैंक इनोवेशन हब के सामंजस्य से फिनटेक फ्यूचरप्रेन्यर बूटकैंप का आयोजन किया गया। समारोह के उद्देश्यानुसार वित्त और प्रौद्योगिकी के अभिसरण पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने उद्यमिता के क्षेत्र में सफलता के मूलमंत्र सीखे। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय विकसित भारतञ2047 की दिशा में एक छात्र-अनुकूल वातावरण का निर्माण कर रहा है। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए कई अनुभवी लोगों ने अपने विचारों से लुंबा के छात्रों में उत्साह भरा और उन्हें तत्कालीन परिस्थितियों में सफल उद्यमी बनने के मंत्र बताए। आयोजन की वक्ता मंडली में राजेश बंसल (सीईओ रिजर्व बैंक इनोवेशन हब) , आकर्ष नायडू ( रिजर्व बैंक इनोवेशन हब), अनादि एस पांडे ( स्ट्रेटजी प्रोफेसर, आईआईएम लखनऊ), यामिनी भूषण पांडे (एमडी सीइओ, आईआईएम लखनऊ) शामिल रहे। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर संगीता साहू ने सतत विकास के मुद्दे पर बल देते हुए विकसित भारत की तस्वीर साझा की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता मंडली ने आज के समय में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई कारगर मंत्र साझा किए। खुद का बिजनेस करने का सपना सच करो, आज का दिन है, नया अवसर बनाओ।

विश्वास रखो खुद में, करो सपनों की पहचान,उद्यमिता की राह पर बढ़ते चलो निरंतर आगे बढ़ते रहो। राजेश बंसल ने बताया कि वे किस प्रकार सतत विकास की नीति से भारत की तस्वीर बदलना चाहते है ।÷ ड्रीम बिग, थिंक बिग÷ का मूलमंत्र देते हुए उन्होंने छात्रों को संबोधित किया। आईआईएम लखनऊ के अनुभवी प्रोफेसर अनादि एस पांडे ने नवाचार और सफल उद्यम के सामंजस्य को समझते हुए छात्रों को स्टार्टअप्स में आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जनसंख्या के जेंजी वर्ग को संबोधित करते हुए उनकी जरूरतों और उनकी क्षमताओं पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को उद्यमियता क्षेत्र में अपने विचारों से समाज कल्याण के लिए कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया। आकर्ष नायडू ने कहा कि फिंटेक की सहायता से आज हर कोई उद्यम क्षेत्र में आसानी से अपने कदम रख सकता है और सफल उद्यमी बनने की राह में फिंटेक उन्हें मार्गदर्शित करता रहेगा। यामिनी भूषण पांडे ने सभी छात्रों के विचारों का स्वागत करते हुए ,यह भी सुनिश्चित कराया की किस प्रकार प्रशासन और शिक्षण संस्थान उन्हें मार्गदर्शित करते रहेंगे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जहां चाह वहां राह का मूलमंत्र अपनाते हुए उद्यम क्षेत्र में अपने कदम उठाएं।

रिजर्व बैंक इनोवेशन हब और आईआईएम लखनऊ के इनक्यूबेशन सेंटर ने कार्यक्रम के अंत में एक एमओयू की शुरुआत करी और उद्यमिता के क्षेत्र में नए मुकाम हासिल करने की नीव रखी। वक्ता मंडली ने साझा किया की किस प्रकार आज के युवा पीढ़ी के लिए उद्यमिता एक महत्वपूर्ण विषय है। यह समय बदल रहा है और नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उद्यमिता से जुड़े लोगों के लिए यह समय उनके सपनों को हकीकत में बदलने का और नए मानचित्र बनाने का है। सपनों को पूरा करने के लिए उद्यमिता की दुनिया में आगे बढ़ें और नया इतिहास रचें।

# मांगों को लेकर केन्द्र व प्रदेश सरकार को सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसो द्वारा गत 3 नवंबर 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर 25 से अधिक राज्यों तथा कई संघ शासित प्रदेशो के लाखों कर्मचारियों द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय विशाल आंदोलन कर सरकार को अवगत कराने का प्रयास किया था। जिसमें की गयी मांगों पर केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा उदसीनता बरतते हुए आज तक कोई कार्यवाही नही की गयी। उक्त क्रम में सुझावनुसार उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसो द्वारा शुक्रवार को कृषि प्रेक्षागृह, कृषि भवन लखनऊ में विभिन्न विभाग/ संवर्गो की लम्बित समस्याओं/ मांगों को लेकर समस्त प्रातीय, क्षेत्रीय एवं जनपदीय पदाधिकारियों का एक दिवसीय सम्मेलन अयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवाकर सिंह, प्रान्तीय अध्यक्ष एवं संचालन विनोद बुद्धि राम कन्नोजिया, प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष ने की। मुख्य अतिथि कौशल किशोर केन्द्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय एवं विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रताप शाही मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, डा. लालजी प्रसाद निर्मल विधान परिषद सदस्य, एसबी यादव राष्ट्रीय महासचिव, कॉन्फेडरेशन ऑफ सेन्ट्रल गर्वनमेंट इप्लाइज एण्ड वर्कर्स, अर्जुनदेव भारती, अध्यक्ष उप्र सचिवालय संघ व तनुजा श्रीवास्तव, सचिव उप्र सचिवालय संघ की उपस्थिति एंव अतिथिगणों के माध्यम से सरकार को प्रदेश के विभिन्न विभाग/संवर्गो की लम्बित समस्याओं /मांगों को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया। जिसमें केन्द्र एंव प्रदेश सरकार से मांग की गई। पीएफआरडीए बिल रदद कर, पूर्व की भांति पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की जाये, आठवां वेतन आयोग की समिति का गठन तत्काल किया जाये, कोविड-19 महामारी में रोका18 माह का मंहगाई भत्ता बहाल किया जाये एवं यूपी के कर्मचारियों को प्राप्त हो रहे विशेष भत्ते जैसे-नगर प्रतिकर भत्ता, परिवार नियोजना भत्ता, पुलिस कर्मिकों को प्राप्त होने वाला भत्ता व अन्य विशेष भत्तों को, सचिवालय भत्ता के तर्ज पर तत्काल बहाल करना आदि मांगों का ज्ञापन मे उल्लेख है।

## दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1333.33 लाख धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि छठी किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी मेरठ, झांसी जालौन उरई हमीरपुर महोबा बांदा लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी मिर्जापुर सोनभद्र गोरखपुर महाराजगंज देवरिया बस्ती सिद्धार्थनगर आजमगढ़ मऊ प्रयागराज प्रतापगढ़ कानपुर अयोध्या अंबेडकरनगर बहराइचए तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के कियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा.निर्देश दे दिये गये हैं।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के ठाकुरगंज पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के छह दो पहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इसमें एक अभियुक्त नगर निगम में संविदा पर सफाई का काम करता है। घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि राजधानी के पश्चिमी जोन में इधर बाइक चोरी की वारदात में काफी वृद्धि हुई थी। इसी को देखते लिए इन चोरों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई थी। इसी के तहत ठाकुरगंज पुलिस ने मुखबिरों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोर कैफ अंसारी पुत्र स्व. इरशाद अली,साहिल पुत्र गुड्डू को क्राइम टीम सर्विलांस टीम और थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के चलते गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।इसके पास से पुलिस को चोरी की कुल छह दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। इनमे से एक वाहन एक घटना में भी इस्तेमाल किया गया है। पूछताछ में पता चला कि शादी विवाह में तंदूर की रोटी व चाऊमीन बनाने का काम करते थे। अभियुक्त नगर निगम में संविदा पर सफाई कर्मी है। अभियुक्तों ने बताया कि चोरी की बाइक का इस्तेमाल करके बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पूछताछ में बताया कि नशे की आदी है, जो पैसा कमाते थे उससे उनका पूरा नहीं होता था। इसलिए नशे की लत को पूरा करने के लिए बाइक चोरी का काम शुरू कर दिया। एक ही मुहल्ले में रहते थे और साथ-साथ नशा करने के कारण दोनों में दोस्ती हो गई थी। वाइटनर से नशा करते थे अभी चोरी की बाइक बेच नहीं पाये थे।

# संत गाडगे की जयंती पर सफाई कर्मचारी सम्मानित



**लखनऊ।** शुक्रवार को समाज सुधारक स्वच्छता के जनक संत गाडगे जी की 148वीं जयंती पर लखनऊ की धरती पर संत गाडगे जी के विचारों को घर-घर पहुंचाने का काम समाज सेवक एवं सामाजिक आंदोलन के संचालन एवं कार्यक्रम संयोजक हरीश धोबी वाला में पूरे शहर में विभिन्न स्थानों पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान करने का सम्मानित कार्य किया। उनकी टीम महिला विंग द्वारा हर मोहल्लो में गलियों में सफाई कर्मचारियों को शाल व माला पहनाकर सम्माति किया।

संत गाडगे जी का उद्देश्य था कि स्वच्छ समाज, स्वस्थ समाज उनका उद्देश्य था कि भूखे को रोटी दो, नग्न को कपड़ा दो, बेघर को घर दो एवं रोटी को हाथ में रखकर खा लो लेकिन अपने बच्चों को पढ़ाओ जरूर, कुष्ठ रोगियों की सेवा करो। संत गाडगे अशिक्षित होते हुए भी शिक्षा पर जोर दिया। हरीश धोबी वाला ने गाडगे जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। सफाई कर्मचारीयों का सम्मान हजरतगंज में हलीम, रूमी गेट से रेनू, भूल भुलैया से योगेंद्र, गोमती नगर मलिक टिंबर चौराहा से अन्ने को मनोज चौधरी द्वारा विनीत खंड-2से गोमती नगर में अब्बास अली का प्रताप और श्रीमती मंजू कनौजिया ने सम्मान किया।

## वृद्धावस्था पेंशन में रिश्वत मांगने पर दो पर गिरी गाज

**लखनऊ।** लखनऊ. रायबरेली में समाज कल्याण विभाग की एडीओ डलमऊ ब्लाक प्रगति वर्मा द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से पेंशन स्वीकृत करने के बदले रिश्वत मांगने के मामले को विभागीय मंत्री असीम अरुण ने गंभीरता से लिया है। मंत्री के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत की जांच में प्रथम दृष्टया मामला सही पाया गया। जिसके बाद शुक्रवार को आरोपी एडीओ प्रगति वर्मा को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली वैभव त्रिपाठी को मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उपनिदेशक लखनऊ मंडल मौके पर समाज कल्याण मंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को उपनिदेशक लखनऊ मंडल आचिंत्य मणि भारती और जिला समाज कल्याण अधिकारी मुख्यालय अंजनी सिंह मौके पर पहुँच कर गहनता से जांच कर रहे हैं। शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पीड़ितों का बयान दर्ज किया।

# यूपी में गठबंधन के बाद लोगों में उत्साहःअखिलेश यादव



**लखनऊ।** आंदोलन कर रहे किसानों को भाजपा सरकार अपमानित कर रही है। पुलिस और पीएसी लगाकर आंदोलन को कुचल रही है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों को लाठी डंडो और आसूं गैस का सामना करना पड़ रहा है। किसान देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। देश की सेवा करता है, लेकिन सरकार तरह-तरह से उनपर बल प्रयोग प्रताड़ित कर रही है। इसी तरह पुलिस भर्ती और आरओ व एआरओ पेपर लीक के खिलाफ नौजवान सड़कों पर आंदोलित है। शुक्रवार को फिरोजाबाद में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए अखिलेश ने कहा कि गांवों में नौजवान भर्ती पुलिस में पेपर लीक के खिलाफ आक्रोशित है, पेपर लीक और भर्ती में भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत कर रहे हैं। प्रदेश में पश्चिमी यूपी, बुन्देल खण्ड से लेकर हर जिले में छात्र सड़कों पर है। इलाहाबाद में लोक सेवा आयोग के सामने भी छात्रों ने प्रदर्शन कर पेपर लीक का मामला उठाया है। भर्तियों में बड़े पैमाने पर धांधली क्यों हो रही है? आखिर इस सरकार में हर पेपर लीक क्यों होता है? क्या सरकार खुद पेपर लीक करा रही है? श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। गरीब परेशान है। सपा आम जनता, किसानों, नौजवानों की परेशानी खत्म करने, भाजपा के भ्रष्टाचार और अन्याय से निजात दिलाने के लिए गठबंधन किया है। सपा इंडिया गठबंधन को मजबूत कर रही है। यूपी में गठबंधन हो जाने के बाद जगह-जगह से समर्थन में सूचनाएं आ रही हैं। लोगों में उत्साह है। लोग बधाई दे रहे हैं। इंडिया गठबंधन पूरे देश में मजबूत हो रहा है। इंडिया गठबंधन पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा और जीतेगा। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश और देश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करेगी।

## स्वच्छता अभियान के प्रणेता एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक थे संत गाडगेः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संत गाडगेजी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि संत गाडगे स्वच्छता अभियान के प्रणेता एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक विषमता और अंधविश्वास के खिलाफ संत गाडगे समाज को बराबर जागरूक करते रहे।

अस्पृश्यता और जाति प्रथा के भी वे विरोधी थे। अखिलेश यादव ने कहा कि संत गाडगे ने शिक्षा संस्थानों की बड़ी संख्या में स्थापना कर लोगों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर से भी उनके निकट सम्बंध थे। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में महान समाज सुधारक संत गाडगे की 148वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्रो0 बी. पाण्डेय, अरविन्द कुमार सिंह राजीव राय, व्यासजी गोंड, सोनू कन्नौजिया, चंद्रशेखर चौधरी, प्रदीप कन्नौजिया, कुलदीप यादव, जितेन्द्र कुमार, नरेन्द्र सिंह यादव, एस.के. राय, पासी जयवीर सिंह, प्रभात राय, प्रवीन दिवाकर, भानु प्रताप, सतेन्द्र दिवाकर, राजेश दिवाकर, जयराम कन्नौजिया, डॉ0 अशोक गुप्ता, चंदन राज कन्नौजिया, निखिल कन्नौजिया, करूणेश कन्नौजिया, गजेन्द्र मिश्रा, शकील शाह, जावेद खां, शाहिल राय सरकार, महेश सैनी, निक्की सोनकर, उमेश प्रताप यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## भाजपा नेता बनकर सुविधाएं लेने वाला युवक गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के थाना हजरतगंज क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक युवक खुद को एक पार्टी का पदाधिकारी बताकर सरकारी विभागों के सीयूजी नम्बरों पर कॉल करके अफसरों को दबाव में लेना और उनसे मन मुताबिक सुविधाएं प्राप्त करने के आदेश देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अभिनेश सिंह उर्फ बबलू सिंह उर्फ एके सिंह पुत्र स्व. हरिनायण सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट जाम थाना रसडा जिला बलिया है। पूछताछ करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार युवक अपने आप को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का पदाधिकारी बताकर सरकारी दफ्तरों व कार्यालयों में सरकारी सीयूजी नम्बरों पर फोन कर स्वयं के खाने पीने रहने व वाहन तथा अन्य लाभ लेने लिए अधिकारियों पर रौब झाड़ता था।

# 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कल

- सामूहिक विवाह समारोह 25 को श्री राम लीला मैदान ऐशबाग में



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिस मूल मंत्र को साकार करने का संकल्प दिया था, उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए क्लासिक समूह अब बेटी बसाओ का कृत संकल्प लेते हुए 25 फरवरी को श्री राम मैदान ऐशबाग लखनऊ में 101 निर्धन-निराश्रित बेटियों का क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करेगा। सामूहिक विवाह के संयोजक कांतिलाल प्रेमजी मारू ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ मेरा संकल्प बेटी बसाओ का है, जिसको फलीभूत करने के लिए उत्तर प्रदेश के अवध प्रान्त की 101 निर्धन-निराश्रित बेटियों का चयन क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह के लिए किया गया है। उन्होने बताया कि जिस प्रकार अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई, अवध में राम आए, चहु दिशा राम मय हुई। ऐसे मनोरम वातावरण में जिस प्रकार भगवान श्री राम व माता जानकी का विवाह हुआ था, उसी भांती 101 बेटियों का विवाह होगा। कल्पा कांतिलाल मारू ने बताया कि क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह में सभी 101 बेटियों को सुहाग की सभी चीजों के साथ घर गृहस्थी की सभी चीजें बर्तन, अलमारी, डबल बेड, रजाई गददा, कपड़े के साथ घरेलू उपयोग की अन्य चीजें भेंट की जायेंगी। पंडित आदित्य द्विवेदी ने बताया कि 101 निर्धन-निराश्रित बेटियों के क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह में वर पक्ष के 25 लोगों एवं वधू पक्ष के 25 लोगों को मार्ग व्यय भी दिया जायेगा। वर-वधू पक्ष के सगे सम्बन्धी समारोह में शामिल होंगे। इस समारोह में कांतिलाल पी मारू एवं उनकी पत्नी कल्पा कांतिलाल मारू 101 कन्याओं का कन्यादान करेंगे। हरीश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, डॉ दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद, पूर्व राज्यपाल राम नाईक, पंकज सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा/ विधायक नोएडा, डॉ नीरज बोरा विधायक उपस्थित होंगे।

# सिपाही भर्ती पेपर लीक मामलाः हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को हजारों अभ्यर्थियों ने लखनऊ के ईको गार्डेन में प्रदर्शन किया। उन्होंने भर्ती बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फिर से परीक्षा कराने की मांग की है। प्रदर्शनस्थल पर पीएसी समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इसके पहले उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के दावों और अन्य त्रुटियों की जांच के लिए एडीजी/सदस्य सचिव की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति का गठन भी किया जा चुका है। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती द्वारा जारी सूचना के मुताबिक विगत 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई लिखित परीक्षा के संबंध में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अखबारों में कुछ प्रश्न पत्रों के संबंध में सूचनाएं वायरल होने की खबरें प्रकाशित हुई थी। इस बारे में अभ्यर्थियों द्वारा विभिन्न जिलों में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

बोर्ड ने इस बारे में अभ्यर्थियों और सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि इस विषय में वह कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो सुसंगत प्रमाणों एवं साक्ष्यों के साथ अपना प्रत्यावेदन जिसमें नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड अंकित हो, उसे शुक्रवार शाम तक बोर्ड को भेज सकते हैं।

# आयुष चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी : केन्द्रीय मंत्री

**लखनऊ।** अवध शिल्पग्राम में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य-24 का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने कहा कि भारत की पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए भारत एक केंद्र के रूप में स्वयं को प्रमाणित कर रहा है। देश-विदेश के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक पृथ्वी एक परिवार एक स्वास्थ्य हमारी कार्य प्रणाली है, जबकि रोकथाम उपचार और पुनर्वास एक समाज के रूप में हमें स्वस्थ रखने के स्रोत हैं। लोकल से वोकल और वोकल से ग्लोबल तक पारंपरिक औषधियों को विश्व स्तर पर बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है।

लोगों को आयुर्वेद तथा अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक करने का दृष्टिकोण हम अपने साथ लेकर चल रहे हैं। 2047 तक भारत का लक्ष्य दुनिया का नंबर एक विकसित देश बनने का है। भारत में उपलब्ध संसाधनों को देख सकते है और विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ ने पहले ही भारतीय क्षमताओं और संसाधनों को मान्यता दी है। वर्तमान में हमारे पास 170 से अधिक देश हैं जो चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों का अभ्यास कर रहे हैं। इससे पूर्व आयुष मंत्रालय भारत सरकार फिक्की वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 24 में डॉ मुंजपरा महेंद्रभाई केन्द्रीय राज्य मंत्री आयुष और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार ने कहा कि गत एक दशक से आयुषमंत्रालय ने आयुष क्षेत्र में परिवर्तनकारी पहल की है जो अपनी स्थापना के बाद से ही भारत की पारंपरिक चिकित्सा परिदृश्य को नया आकार दे रही है। आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक दवाओं और होम्योपैथी के क्षेत्र में अनुसंधान व इनकी प्रमाणिकत स्थापित करते हेतु 24 देशों के साथ एमओयू साइन किए हैं। 34 देशों में आयुष मंत्रालय ने 39 आयुष सूचना सेल स्थापित किए हैं।

## जलकल आउटसोसिंग कर्मचारी संघ की बैठक

**लखनऊ।** जलकल, नगर निगम नियमित एवं आउटसोसिंग कर्मचारी संघ की शुक्रवार को ज्ञानेन्द्र कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जलकल निगर निगम नियमित एवं आउटसोसिंग कर्मचारी संघ की अध्यक्षता में जलकल विभाग जोन-5 के प्रांगण में बैठक आयोजित की गयी जिसमें कई कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। अनिल कुमार सोनकर-जोनल अध्यक्ष, अजय त्रिपाठी-जोनल महामंत्री, प्रखर द्विवेदी-वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रुपेन्द्र तिवारी-वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेन्द्र कुमार-उपाध्यक्ष, राजेश प्रजापति- उपाध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार-कोषाध्यक्ष, आकाश-उप कोषाध्यक्ष, वरुण गुप्ता- संगठन मंत्री, बबलू कुमार-उप संगठन मंत्री, संतोष कुमार-संयुक्त मंत्री, शिवराज गुप्ता-उप संयुक्त मंत्री, अंकित कुमार-कार्यालय मंत्री, रितेश सिंह मल्ल-उप कार्यालय मंत्री, सरोज कुमार-प्रचार मंत्री, सौरभ दीक्षित-मीडिया प्रभारी, शशांक यादव व अमन कश्यप- सदस्य ने प्रतिभाग किया।

## संक्षिप्त समाचार

### फंदे से लटकता मिला नवविवाहिता का शव

**उन्नाव।** थाना बीघापुर क्षेत्र निवासी गिरजा नगर मनोज कुमार पुत्र राम आधार यादव का विवाह 6 वर्ष पूर्व ग्राम भगवान खेड़ा थाना बारा सगवर निवासी शिव बहादुर यादव पुत्र धुन्नर यादव की पुत्री पूनम के साथ हुआ था दिनांक 22 फरवरी को सायं काल शिव बहादुर यादव को पुत्री के ससुराल से सूचना मिली कि आपकी पुत्री ने फांसी लगा ली है मौके पर पहुंचकर देखा की पुत्री की संदिग्ध अवस्था में छत से पंखे के सहारे साड़ी के गले में फंदा पड़ा हुआ है पुत्री का संधिकत स्थिति में लटकता देखकर पिता ने संबंधित थाने में लिखित सूचना दी सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी।

### साले ने बहनोई पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**उन्नाव।** पति ने पत्नी को अधिक मारने पीटने को लेकर साले ने बहनोई पर दर्ज कराई रिपोर्ट - बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैलाश खेड़ा मजरा गौरा निवासी राजेंद्र उर्फ कल्लू का विवाह ग्राम मऊ थाना खीरों निवासिनी नीलू देवी पुत्री नन्नू प्रसाद के साथ हुआ था दिनांक 22 फरवरी 2024 को राजेंद्र उर्फ कल्लू ने अपनी पत्नी नीलू देवी को अधिक मारने पीटने को लेकर नीलू ने अपने भाई सूर्यकांत को मार पीट की जनकारी दी बहन की स्थिति खराब देखकर भाई ने बहनोई राजेंद्र उर्फ कल्लू के द्वारा नीलू देवी को लात घुसो लाठी डंडों व किसी धारदार औजार से मारने पीटने व जान से मार देने की धमकी दिए जाने की तहरीर थाने में दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### नशेबाजी में फांसी लगाकर दी जान

**घाटमपुर।** कोतवाली की पुलिस चौकी नंदना क्षेत्र के तरगांव ग्राम की सीमा पर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक तिलसडा गांव का रहने वाला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तिलसड़ा गांव निवासी कृष्ण कुमार संखवार (40 वर्ष) शराब का लती था। शुक्रवार की दोपहर वह शराब के नशे में हंगामा मचा रहा था। जिसपर घर वालों ने उसे पीट दिया। कुछ देर बाद युवक खेतों की ओर चला गया और तरगांव ग्राम की सीमा में जाकर पेड़ पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद उधर गए लोगों ने उसे फांसी पर लटके देखा तो जानकारी हुई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### विद्युत आपूर्ति ठप, पानी के लिए हाहाकार

**भरुआ सुमेरपुर।** चार दिन गुजरने के बाद विद्युत विभाग कस्बे के इमिलिया थोक के अलावा बांकी, बांक, धरमपुर, बिलहड़ी की आपूर्ति नहीं बहाल कर सका है। इससे जहां ग्रामीण व छात्र छात्राएं परेशान हैं। वहीं बांकी फीडर से जुड़े जल संस्थान के नलकूपों के बंद होने से कस्बे में जलापूर्ति नहीं हो रही है। इससे कस्बावासी परेशान हैं। जल संस्थान के कर्मचारी रोहित चौरसिया ने बताया कि नलकूप संख्या 6 बांकी फीडर से संचालित है। इस वजह से ओवरहेड टैंक नहीं भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नलकूप संख्या 5 की मोटर भी खराब है। इस वजह से समस्या खड़ी हो गई है। विद्युत वितरण उप खंड के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि इमिलिया थोक के अलावा बांकी फीडर के कई खंभे टूटे हैं। नए खंभे आ गए हैं। कल तक आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी।

### व्यापार मंडल चुनाव के लिए समिति गठित

**भरुआ सुमेरपुर।** व्यापार मंडल की संरक्षक नंदकिशोर यादव ने बताया कि व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न कराने के लिए 9 सदस्यीय टीम में नरेश मिश्रा, मिथिलेश द्विवेदी, मुनीर खान, नंदकिशोर यादव, प्रेम विलास गुप्ता, संतोष चक्रवर्ती, अरविंद कुमार, अनिल परनामी, रामजी मिश्रा को शामिल किया गया है। चुनाव समिति की प्रथम बैठक रविवार 25 फरवरी को कस्बे के प्रकाश लाज में 12:00 बजे से होगी। जिसमें चुनाव घोषित होगा।

### अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा मौत



**भरुआ सुमेरपुर।** शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 बजे एक युवक शराब के नशे में धुत होकर हाईवे किनारे नारायनपुर की तरफ जा रहा था। नजरपुर मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और 20 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना से राहगीरों ने पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और मृत युवक की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि युवक शराब के नशे में था घटना को किस वाहन ने अंजाम दिया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

### आग से डेढ़ लाख की गृहस्थी खाक



**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम मिहुना में रात को अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से लाखों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर काबू पाया। मिहुना निवासी लालदीवान के घर में बीतीरात 2:00 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग से अनाज, भूसा, गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने में सहयोग किया। गृहस्वामी के अनुसार करीब डेढ़ लाख की संपत्ति जलकर खाक हुई है।

### हैवानियतः 5 साल के मासूम को नहीं बख्शा

**कानपुर।** ककवन थानाक्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की सुबह 20 वर्षीय आरोपी युवक सलमान ने गांव की एक नाबालिग 5 वर्षीय मासूम को हवस का शिकार बनाया। पीड़िता ने रो-रोकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजनों ने पूरा मामले की शिकायत ककवन थाने में की। इसके बाद मामले में संज्ञान लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी में सूचना उच्च अधिकारियों को दी और गांव में पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि घटना के बाद गांव में आरोपी युवक के खिलाफ रोष है। इधर, मामले में एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया की मासूम किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### यूपीडब्ल्यूजेयू ने की पत्रकारों के लिये पेशन की मांग



**कानपुर।** यूपीडब्ल्यूजेयू कानपुर इकाई की बैठक बसंत विहार ऑफिस में मंडल अध्यक्ष पीयूष त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने किया। संगठन का विस्तार कार्यक्रम का प्रमुख एजेंडा था। बैठक में पत्रकारों के भविष्य को लेकर चर्चा हुई। सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। मंडल अध्यक्ष पीयूष त्रिपाठी ने पत्रकारों के लिए पेंशन की मांग की। वही अध्यक्ष सुशील कुमार ने पत्रकारों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष जगनायक प्रधान, राहुल भारद्वाज, विभा द्विवेदी, गौरव कुमार शुभम सविता अभिषेक शुक्ला रहे।

साढ़ थाना क्षेत्र के गंभीरपुर मोड़ के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार कार खाई में गिरी



स्पष्ट आवाज कैप्शन

# सपा-भाजपा के बीच 'कुरुक्षेत्र' बना पिंक टॉयलेट निर्माण

## पार्षद पर मारपीट का आरोप, क्षेत्रीय जनता ने किया पलटवार, भारी फोर्स पहुंची

● भाजपाइयों का आरोप, पार्षद ने रिश्तेदार संग मिल कर मंडल अध्यक्ष पर किया हमला







**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** शास्त्री नगर पुलिस चौकी के पास पिंक ट्वॉयलेट का निर्माण होना था, जिसको लेकर व्यापारियों के साथ भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने विरोध शुरू किया। आरोप है कि जिसके बाद सपा पार्षद ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ मारपीट कर दी। नाराज भाजपाइयों ने काकादेव थाने पर जमकर नारेबाजी की।

शास्त्रीनगर चौकी के पास नगर निगम द्वारा पिंक शौचालय का निर्माण होना था लेकिन शुरू होने से पहले ही भाजपाई और सपाई आपस में भिड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया और पीड़ित पक्ष को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया। दोंनों पक्षों ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एक दूसरे के विरूद्ध तहरीर दी है। उपायुक्त मध्य आर.एस. गौतम ने बताया कि नगर निगम के द्वारा टेंडर पास होने के बाद आज पूजा पाठ करके पिंक शौचालय का निर्माण शुरू होना था। लेकिन जैसे ही पूजा पाठ शुरू हुआ तो कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान लाजपत नगर मंडल के भाजपा के मंडल अध्यक्ष वास्ते त्रिपाठी और भाजपा के पूर्व पार्षद राघवेंद्र मिश्र भी व्यापारियों के समर्थन में पहुंच गए। जबकि नगर निगम से शौचालय बनवाने की जिम्मेदारी वर्तमान में सपा के पार्षद विनोद गुप्ता को मिली थी। लेकिन विरोध इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्ष मारपीट करने लगे। मारपीट के बाद भाजपा के कार्यकर्ता थाना परिसर में धरने पर बैठ गए। बताया जा रहा है कि सपा पार्षद विनोद गुप्ता पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हमला किया है।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। जांच के बाद जो भी तथ्य सही पाए जाएंगे, उसके मुताबिक आगे की कार्यवाही होगी।

# इरफान को झटका, नहीं दे पाएंगे वोट

## एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी याचिका



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** सपा विधायक ने राज्यसभा चुनाव में मतदान करने के लिए एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इरफान की अर्जी खारिज कर दी।

बचाव पक्ष के वकील की तरफ से झारखंड विधानसभा का हवाला दिया गया था। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्रवाई में शामिल हुए थे। जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी की झोपड़ी में बीते सात नवंबर 2022 को आग लगा दी गई थी। पीड़ित ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेंत अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद सपा विधायक महाराजगंज जेल में बंद है। बीते सोमवार को सपा विधायक के अधिवक्ता मो. आसिफ की ओर 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति एमपीएमएलए कोर्ट से मांगी गई थी। शुक्रवार को मामले की सुनवाई की गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता मो. आसिफ की ओर से तर्क दिया गया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्रवाई में शामिल होकर विश्वास मत हासिल किया था।

जिसके मद्देनजर सपा विधायक को भी राज्यसभा चुनाव में शामिल होने की अनुमति दी जाए। सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने कोर्ट में इरफान सोलंकी अर्जी का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि इरफान की याचिका पैरोल या शॉर्ट बेल जैसी प्रतीत हो रही है। जिसका निर्णय लेने का अधिकार ट्रायल कोर्ट को नहीं है। एमपीएलएलए कोर्ट के न्यायधीश सत्येंद्रनाथ त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने इरफान की याचिका खारिज कर दी।

# नहर में समा गया दो साल का 'सूर्या'



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** दामोदर नगर में घर के बाहर खेलने के दौरान दो वर्षीय बच्चा नहर में गिर गया। काफी देर तक न दिखने पर परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से नहर में तलाश की कि तो घर से करीब 250 मीटर की दूरी पर बच्चे का शव नहर में उतराता मिला।

मूलरूप से जहानाबाद के चटिया गांव निवासी मजदूर राजेश पासवान पत्नी रेशमा बेटी खुशबू, नन्नू व दो साल के बेटे सूर्या के साथ दामोदर नगर नहर पटरी के किनारे रहते हैं। राजेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनका दो साल का बेटा सूर्या घर के बाहर गेंद से खेल रहा था।

इस दौरान वह झोपड़ी में मोबाइल रखने चले गए। तभी सूर्या खेलते खेलते झोपड़ी के पीछे नहर किनारे चला गया और खेलने के दौरान उसका पैर फिसल गया। जिस कारण वह नहर में जा गिरा। काफी देर तक सूर्या के न मिलने पर परिजनों ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

परिजनों ने पड़ोसियों के साथ नहर में तलाश शुरू की, तो सूर्या का शव घर से 250 मीटर दूरी पर नहर में उतराता मिला। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। शव को मोर्चुरी में रखवा कर अधिकारियों से राय ली जा रही है।

# स्टूडेंट्स को महंगी पड़ गई राहुल गांधी की न्याय यात्रा

**कानपुर।** चंद्रशेखर आज़ाद कृषि विवि प्रशासन ने 21 फरवरी को कानपुर में आई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने पर शोध छात्र के खिलाफ नोटिस जारी की गई।

इन दिनों कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मणिपुर से लेकर मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं इसी क्रम में विगत बुधवार को भारत जोड़ो यात्रा कानपुर में आई थी जिसमें चंद्रशेखर आजाद कृषि विवि के शोध छात्र सौरभ सौजन्य ने राहुल गांधी से मिलकर कृषि छात्रों के रोजगार सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया था जिसपर उन्हें समर्थन का आश्वाशन भी मिला था जिसपर अब शोध छात्र सौरभ सौजन्य पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने चेतावनी नोटिस दिया है

# हाईवे पर बैठी महिला, पुलिस के फूले हाथ-पांव



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** चौबेपुर थानाक्षेत्र के भवानीपुर गांव के सामने शुक्रवार सुबह हाईवे पर सड़क के बीचो-बीच बैठी महिला को देख लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मानसिक रूप से बीमार महिला से पूछताछ के बाद उसे घर भिजवाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हालांकि स्पष्ट आवाज समाचार पत्र ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे भवानीपुर गांव के सामने हाईवे पर सड़क के बीचो-बीच बैठी एक महिला को देख लोग हैरान रह गए। थोड़ी ही देर में मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। महिला के गले मे दो मंगलसूत्र व हाथ मे एक सोने की अंगूठी पहने महिला। महिला को देखकर लग रहा कि किसी संपन्न परिवार से लग रही थी। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि कोई महिला आत्महत्या के इरादे से हाईवे के बीचो-बीच बैठी हुई है, जिस पर आनन-फानन मौके पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले बीच सड़क पर बैठी महिला को किसी तरह समझा बुझाकर मार्ग के किनारे कराया।

बातचीत से मालूम हुआ कि महिला मानसिक रूप से बीमार है। तमाम पूछने पर महिला ने बताया कि वह नौबस्ता क्षेत्र की रहने वाली है और निकट के राम नगर गांव अपनी रिश्तेदारी में आई है। जिस पर उसके रिश्तेदारों को मौके पर बुलाया गया।

रिश्तेदारों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार चल रही है, जिसका उपचार भी चल रहा है। किसी तरह मौका पाकर वह घर से निकल आई और यहां आकर बैठ गई। बीच हाईवे पर वह क्यों बैठी इसका महिला ने कोई जवाब नहीं दिया। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मानसिक रूप से बीमार महिला हाईवे पर आकर बैठी गई थी, जिसे पुलिस ने सही समय पर जल्द ही उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# आउटर रिंग रोड में अप्रैल से काम शुरू!

**कानपुर।** 93 किमी लंबी आउटर रिंग रोड का निर्माण अप्रैल में शुरू हो जाएगा। माह के अंत तक कंपनी का चयन किया जाएगा। इस पैकेज में गंगा पर बिठूर से बैराज के बीच 3.4 किमी लंबा छह लेन का पुल बनेगा, जबकि इसका स्ट्रक्चर आठ लेन का होगा ताकि भविष्य में विस्तार की गुंजाइश बनी रहे। रिंग रोड से ट्रांसगंगा सिटी को जोड़ने के लिए एक सड़क भी छह लेन की बनाने की योजना है। प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट पीएमओ भेजी गई है। उम्मीद है कि पीएम मोदी ही इसका शिलान्यास करेंगे। रिंग रोड के बन जाने से आवागमन आसान हो जाएगा। शहर में जाम की समस्या खत्म होगी। यही वजह है कि काम समय से पूरा हो इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय से प्रोजेक्ट की हर सप्ताह रिपोर्ट ली जा रही है। बैराज से सचेंडी के बीच तो बकायदा पुलिया का निर्माण भी शुरू हो गया है। मिट्टी पुराई का काम चल रहा है। सचेंडी से रमईपुर होते हुए नर्वल के जरकला तक भी मिट्टी पुराई का काम शुरू हो गया है। जल्द ही वहां भी पुल, पुलिया आदि का निर्माण शुरू हो जाएगा। कोशिश है कि जरलका से आटा तक का काम मार्च में शुरू हो जाए और आटा से मंधना तक का काम अप्रैल अंत तक शुरू हो जाए ताकि दो साल में प्रोजेक्ट पूरा करने का जो लक्ष्य है वह पूरा हो जाए। इस परियोजना का शिलान्यास समारोह दो बार टल चुका है। उम्मीद है कि जब पीएम शहर आएंगे तो उनके हाथों ही इसका शिलान्यास कराया जाएगा। चुनाव आचार संहिता लगने से पहले उनका कार्यक्रम शहर में कराए जाने की उम्मीद है।

# बाबू! कमजोर नहीं पड़नी चाहिए धार...

● अचानक जाजमऊ थाना पहुंचे अपर पुलिस आयुक्त



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर थाना जाजमऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में थाने के अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस आदि चेक किये गये तथा प्रभारी निरीक्षक से क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों के क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति व निगरानी के बारे में जानकारी की गई साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक, बीट उपनरीक्षक, बी.पी.ओ. एवं चौकीदारों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये कि क्षेत्र के संवेदनशील/ अति संवेदनशील मतदान केन्द्रो/ पोलिंग बूथों की समीक्षा कर ली जाए तथा संवेदनशीलता के कारणों का परीक्षण करते हुए चुनाव में गड़बड़ी करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर लिया जाए। क्षेत्र में स्थापित विभिन्न महापुरूषों की प्रतिमाओं की देखरेख एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जाए। थानाक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण मार्गों पर अतिक्रमण हटवाकर यातायात व्यवस्था बनाये रखी जाए। किसी भी परिस्थिति में जाम न लगने पाये। साथ ही स्थानीय व्यक्तियों से जनसंवाद स्थापित करते हुए ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत सभी चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर त्रिनेत्र अम्बेसडर एवं त्रिनेत्र मित्र के सहयोग से कैमरों को स्थापित कराने की कार्यवाही की जाए। प्रभारी निरीक्षक को आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने/ कराये जाने तथा चौकीदारों एवं बी.पी.ओ. को अपने क्षेत्र से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाओं के संकलन एवं जनसंवाद स्थापित करते हुए शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिये निर्देशित किया।

# शटर खुलने से पहले लाखों रुपए का माल पार

**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** किराने की दुकान को गुरुवार रात चोरों ने निशाना बनाया। चोर दुकान का शटर तोड़कर बीस हजार की नकदी समेत दो लाख का सामान चुरा ले गए। डेढ़ साल पहले भी चोर दुकान में तीन लाख रुपये से भरा बैग चुरा ले गए थे, जिसमें भीड़ ने भाग रहे एक चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। दोनों ही घटनाओं में चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए।

कठेरुआ निवासी कारोबारी किशोर तिवारी की हाईवे किनारे थोक किराने की दुकान है। गुरुवार रात चोर शटर को तो?कर दुकान में घुसे। जहां से बीस हजार रुपये के सिक्के समेत दो लाख का सामान चुरा ले गए। दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में तीन चोर कैद हुए। शुक्रवार सुबह दुकान पहुंचे कारोबारी ने शटर टूटा देखा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज लेकर चोरों की तलाश शुरू की है। कारोबारी ने बताया कि बीते 6 सितंबर 2022 की रात भी इसी प्रकार से चोरों ने शटर तोड़कर दुकान में रखा तीन लाख रुपये से भरा बैग चुरा ले गए थे। इसी बीच वह घर पर मोबाइल से जुड़े सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर दुकान पहुंच गए थे।

तभी भाग रहे एक चोर को पकड़ लिया था। वहीं अन्य तीन चोर बैग लेकर भाग निकले थे। पुलिस पकड़े गए चोर के सहारे न तो अन्य चोरों को पकड़ सकी थी और न ही उनका रुपया बरामद हो सका था। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# पीएम स्वनिधि की 'कछुआ चाल' पर डीएम की सख्त गाइडलाइंस



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में पीएम स्वनिधि योजना के तहत लम्बित ऋणों व डिजिटल इनएक्टिव वेण्डर्स कों एक्टिव किये जाने व प्रोफाइलिंग आदि में तेजी लाने के उद्देश्य से बैंक के जिला समन्वयक, अग्रणी जिला प्रबंधक, समस्त निकाय अधिशासी अधिकारियों व परियोजना अधिकारी, डूडा व शहर मिशन प्रबंधक के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत जनपद के बैंक स्तर पर लम्बित 928 प्रथम, 816 द्वितीय एवं 391 तृतीय ऋण के आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण एवं डिजिटल इनएक्टिव वेण्डर्स कों एक्टिव किये जाने व प्रोफाइलिंग में पात्रों को योजना से जोड़े जाने हेतु समस्त बैंकर्स, अग्रणी जिला प्रबंधक, अधिशासी अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी, डूडा से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। समस्त बैंकों को अपने स्तर पर लम्बित सभी ऋण आवेदन पत्रों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना अधिकारी, डूडा निर्देशित किया गया कि जिन बैंकों में अधिक लम्बित ऋण आवेदन पत्र है या उनकें द्वारा योजना में शिथिलता बरती जा रही है, उनके विरूद्ध सरकार को कार्यवाही के लिये पत्र प्रेषित किया जाए।

# अरसे बाद मिला आशियाना, आवंटी खुश

## केडीए में हाईवे सिटी योजना में वैकल्पिक भूखंडों की लॉटरी



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण/जिलाधिकारी, कानपुर नगर राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण परिसर में स्थित अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में हाईवेसिटी पार्ट-2 योजना में पूर्व से भूखण्डों के कतिपय कारणों से विवादित होने के कारण विवादित भूखण्डों के स्थान पर आवंटियों को हाईवेसिटी विस्तार पार्ट-3 व हाईवेसिटी एक्सटेन्डेड योजना में वैकल्पिक भूखण्ड लॉटरी के माध्यम से आवंटित किये गये। प्राधिकरण द्वारा टाईप-ए श्रेणी के 112.5 वर्गमी0 क्षेत्रफल के कुल 05 आवंटियों को हाईवेसिटी पार्ट-3 के अन्तर्गत वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये गये। उल्लेखनीय है कि हाईवेसिटी योजना में विवादित भूखण्डों के आवंटियों द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र की नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु उपाध्यक्ष द्वारा सचिव, कानपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा आवंटियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, विभागीय पत्रावलियों का सम्यक परीक्षण कर अभियंत्रण, नियोजन एवं भूमि बैंक अनुभाग से आख्या प्राप्त करते हुये हाईवेसिटी विस्तार पार्ट-2 योजना के आवंटियों को विवादित भूखण्डों के स्थान पर हाईवेसिटी विस्तार पार्ट-3 योजना में समान श्रेणी के उपलब्ध रिक्त एवं अविवादित वैकल्पिक भूखण्ड लॉटरी के माध्यम से आवंटित किये जाने की अनुशंसा की गयी। लॉटरी को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये विशेष कार्याधिकारी/जोनल विक्रय प्रभारी सत शुक्ला, अधिशाषी अभियन्ता जोन-4, धीरेन्द्र बाजपेयी, सहायक लेखाधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा, विधि अधिकारी एसबी राय सहित प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारीगण के साथ-साथ आवंटीगण रहे।

# लापरवाहीः किसान सम्मान निधि से वंचित

**भरुआ सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)।** थोक इमिलिया के किसान अशोक सिंह, विनोद सिंह, नईम अख्तर, अजयपाल सोनकर, विजयपाल सोनकर, सन्तोष चक्रवर्ती आदि किसानो ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। मगर राजस्व विभाग के लापरवाही से अभी तक पाँच छः सालो से वरासत हमारे नाम दर्ज नहीं हो सकी है। जिससे उनके नाम कृषि भूमि दर्ज नहीं है। हालांकि वह सिर्फ अपने खेतों मे कृषि कार्य है। पिछले दिनों ओला और बेमौसम बारिश होने के कारण पूरी फसल चौपट हो गयी है। किसानों के खाने के अब लाले पड़ गये हैं। सरकार अगर मुआवाजा भी दे रही है तो यहां पर वरासत न होने के कारण लाभ कैसे मिलेगा, यह बड़ा सवाल है। कृषि भूमि अभी भी मृतकों के नाम ही दर्ज है तो ऐसे किसानो के लिए शासन द्वारा कोई विशेष आदेश से ही मृतक किसानों के वारिसों को मुआवाजा मिल सकता है। ऐसे ही सैकड़ो किसानों को किसान सम्मान निधि भी नही मिल पा रही है।

क्योंकि जब तक खतौनियो मे मृतक किसानो के नाम हटाकर उनकी जगह उनके वारिसों के नाम नही दर्ज होगे तब तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ भी नही मिलेगा। किसानों ने जिले के आला अधिकारियों से इस समस्या के निस्तारण की मांग करते हुये कहा है कि मृतक किसानों के वारिसों को मुआवजा के साथ कस्बे मे जल्द ही वरासत दर्ज की जाये ताकि किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके।

# भारतीय जनता पार्टी की चुनाव संचालन समिति की हुई घोषणा



**फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)।** शुक्रवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं लोकसभा प्रभारी अजय ठाकरे ने प्रदेश भाजपा की संस्तुति के बाद आगामी लोकसभा चुनाव के लिए लोकसभा चुनाव संचालन समिति की संस्तुति घोषणा की। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व की संस्तुति के बाद 38 दायित्वों वाली लोकसभा चुनाव संचालन समिति घोषित हुई है जिसमें 69 कार्यकर्ताओं के चयन में पांच नाम को छोड़कर बाकी सभी पदों पर नामों की घोषणा की है। लोकसभा प्रभारी-इटावा के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अजय धाकरे, लोकसभा के सह प्रभारी औरैया के सर्वेश कठेरिया, लोकसभा संयोजक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार, चुनाव कार्यालय प्रमुख मुकेश सक्सेना व संजीव गुप्ता,कॉल सेंटर प्रमुख डीएस राठौर व सुशील राजपूत, वाहन व्यवस्था प्रमुख धर्मेंद्र राजपूत व अवनीश शाक्य, प्रचार सामग्री प्रमुख गोपाल राठौर व विभेष सिंह,प्रचार अभियान प्रमुख वीरेंद्र प्रताप सिंह व अजीत पांडे,आईटी सेल प्रमुख राजीव प्रताप सिंह व रजनीश मिश्रा, सोशल मीडिया प्रमुख अभिषेक बाजपेई व श्याम राठौर, यात्रा प्रवास प्रमुख अशनील दिवाकर व अर्जुन सिंह कश्यप आदि को दायित्व दिया गया है। चुनाव संचालन समिति में लोकसभा सहसंयोजक, उम्मीदवार, उम्मीदवार प्रभारी एवं चुनाव अभिकर्ता की घोषणा राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व करेगा। यह लोकसभा संचालन समिति लोकसभा चुनाव की मतगणना तक प्रभावी रहेगी। चुनाव संचालन समिति में दायित्व पर कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे ने कहा लोकसभा चुनाव होने में कुछ दिन शेष रह गए हैं इस लोकसभा चुनाव संचालन समिति के अंतर्गत ही पूरा चुनाव संचालित होगा। चुनाव संचालन समिति में सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है यह सभी कार्यकर्ता अभी से चुनावी तैयारी में जुट जाएं। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव भारत की दिशा व दशा तय करेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के शासनकाल में गांव गरीब किसान नौजवान महिला और दलित सभी का ध्यान रखा गया है। इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुनील रावत ने किया इस अवसर पर लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सभी गण मौजूद रहे।

# इंस्पेक्टर ने कहा, ज्यादा बोलोगी तो मुकदमा लिख कर दूंगा बर्बाद

**गोण्डा।** देवीपाटन मंडल अन्तर्गत जनपद बलरामपुर के सादु ल्लानगर थाने का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें महिला सुरक्षा व सम्मान को बट्टा लगाया जा रहा है। एक ओर जहां प्रदेश की योगी सरकार महिला सुरक्षा व सम्मान हेतु मिशन शक्ति जैसे अभियान चला रही है वहीं बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर थाने पर तैनात एक बेलगाम इंस्पेक्टर उसकी धज्जियां उड़ाता नजर आ रहा है। ताजा मामले में अपनी थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला से पहले तो कुछ लोगों द्वारा लक्ष्मी नाम की महिला से छेड़छाड़ कर उसकी साड़ी खींच ली गई, जब उसने इसका विरोध किया तो दबंगों द्वारा उसे बुरी तरह मारपीट कर उसके बाल तक उखाड़ दिये गये। इसकी शिकायत जब पुलिस से की गई तो वहां के बेलगाम इंस्पेक्टर बृजानंद सिंह ने पीड़िता की तहरीर बदल क्रास एफआईआर दर्ज करा दिया। पुलिस

**● भाभी से छेड़छाड़ के बाद बाल नोचकर की थी पिटाई, आइजीआरएस पर पूछताछ के लिए सादुल्लाह नगर पुलिस ने बुलाया था थाने**

की इस करतूत से आहत जब पीड़िता की ननद अंजन द्वारा आईजीआरएस पर शिकायत की गई, तो इस पर भड़के थानेदार ने उन्हें थाने बुलाकर धमकाते हुये कह डाला कि,आईजीआरएस से न्याय नहीं मिलेगा,न्याय थाना देगा। ज्यादा बोलोगी तो मुकदमा लिखकर बरबाद कर दूंगा। इस बावत पुलिस के उच्चाधिकारियों को भेजे गये प्रार्थना-पत्र में सादुल्लाह नगर के रामपुर ग्रंट बरहूसाई मतईडीह निवासनी पीड़ित लड़की अंजन चौहान ने बताया कि,बीते 2 फरवरी को उसकी भाभी लक्ष्मी देवी के साथ गांव के ही कुछ लोगो ने शराब के नशे में छेड़छाड़ व



मारपीट की घटना कारित की गई थी, जिसकी सूचना जब पीड़िता लक्ष्मी ने थाने पर दी, तो प्रभारी बृजानंद सिंह द्वारा पीड़िता पर ही क्रास एफ आई आर 323, 504, 506 आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया। पुलिस के इस बर्ताव से आहत व दुखी परिजनों से जब उसे जानकारी हुई तो उसके द्वारा न्याय हेतु आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज करा दी।बस इसी बात पर आग बबूला बेलगाम व भ्रष्ट थानेदार ने उन्हें थाने पर पूछताछ हेतु बुलाया तथा जब वह थाने पर पहुंचीं तो थानेदार ने अपना आपा खोते हुये उनके साथ अभद्रता की व धमकाते हुये कहा कि,ज्यादा बोलोगी तो मुकदमा लिखकर बर्बाद कर दूंगा। इसी के साथ उसने कहा कि,चाहे कहीं भी शिकायत कर लो कार्यवाही हमें ही करना है।

आरोप है कि यह कहने के बाद वहां से उन्हें गाली गुप्ता देकर भगा दिया। बहरहाल महिला सशक्तिकरण व सम्मान के बावत सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान चलाने वाले पुलिस महकमें का यह इंस्पेक्टर ही जब इसकी धज्जियां उड़ा रहा है तो फिर ऐसे दबंगों के हौसले तो बढ़ेंगे ही। अब देखना यह है कि,उच्चाधिकारी पीड़िता को न्याय देते हुये क्या इस संवेदनहीन व बेलगाम इंस्पेक्टर पर भी कोई कार्रवाई करते हैं या फिर मिशन शक्ति अभियान के उलट इसी तरह से वही पुलिस कर्मी थानो में महिलाओं को बेइज्जत करते रहेंगे।

### विकलांग को पीटने के मामले में गोंडा में भी चर्चित रहे बृजानंद

वैसे इंस्पेक्टर बृजानंद सिंह का यह कोई नया कारनामा नहीं है। जब वह गोंडा जनपद के इटियाथोक थाने पर तैनात थे तो उन्होंने एक विकलांग युवक को घर के अंदर से घसीट कर पीटा था। जिस पर उच्चाधिकारियों द्वारा उन पर कार्यवाही करते हुये उनको वहां से हटा दिया गया था।बहरहाल ऐसे अनगिनत कारनामें वाले इंस्पेक्टर पर उच्चाधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं यह देखने वाली बात होगी।

## पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटक रहा बेटा

**धानेपुर (गोंडा)।** एक ग्रामीण ने अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कई महीनो से ग्राम पंचायत अधिकारी के चक्कर लगा रहा है उसे मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। विकासखंड मुजेहना के ग्राम पंचायत भवनियापुर के रहने वाले अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि उनके पिता का निधन बीते कई महीने पहले हो गया था। तब उन्हें अभिलेखों के लिए पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ी थी, तो मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी दीप नारायण पांडे से बात हुई तो उन्होंने पंद्रह सौ रुपए बनवाने के लिए खर्चा भी ले लिए फिर भी नही बनाए जिससे काफी परेशान हैं। इस संबध में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र यादव ने बताया कि जांच करा कर कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त आवाज

### अनुरक्षण कार्य के कारण बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** अधि.अभि. विद्युत ने बताया कि 24 फरवरी 2024 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र अस्पताल चैराहा, बख्शीपुरा व गुल्लाबीर में अनुरक्षण कार्य के कारण सम्बन्धित उप केन्द्र अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उप केन्द्र अस्पताल चैराहा में अनुरक्षण कार्य के कारण पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक नलकूप, एलआरपी कालोनी, नलकूप कॉलोनी, नवागढ़ी आंशिक, घसियारीपुरा, महोलीपुरा, रायपुर राजा, सत्तीकुँआ, बड़ीहाट, कानूनगोपुरा उत्तरी एवं दक्षिणी, जोशियापुरा, सखैयापुरा, पुलिस लाइन इत्यादि क्षेत्रों में तथा विद्युत उपकेन्द्र गुल्लाबीर अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य के कारण गुल्लाबीर, हमज़ापुरा, मंसूरगंज, छावनी, वज़ीरबाग, सलारगंज, बड़ी तकिया, गुलामअलीपुरा, काज़ीकटरा, चांदपुरा व गुल्लाबीर कालोनी इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधि.अभि. विद्युत ने बताया कि 33/11 विद्युत उपकेन्द्र बख्शीपुरा में अनुरक्षण कार्य के कारण पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक दोनक्का, अमीनपुर नगरौर, शिवनगर गोण्डा रोड, पुलिस लाइन, हठीला, डीहा, सासरपारा, दुलारपुर, गदनचक आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला की बैठक संपन्न





**खीरों, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )शुक्रवार को ब्लाक सभागार में हुई बैठक में मुख्य अतिथि खीरों मण्डल के प्रवासी प्रेम पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह रहे। सभी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। खीरों मण्डल के लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला की बैठक की गई। उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान में लाभार्थियों से संपर्क कर सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए नमो ऐप व सरल ऐप डाउनलोड कराने के लिए प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम का संचालन मण्डल उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने किया।इस मौके पर प्रवासी प्रेम पाण्डेय,मण्डल अध्यक्ष शिवराम सिंह,व मंडल की पूरी टीम मौजूद रही।

### आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर के आंगनबाड़ी लोकेटेड विद्यालयों का होगा कायाकल्प

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** आकांक्षात्मक जनपदों के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांको में आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में माह सितम्बर 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन रैंक प्राप्त करने पर प्राप्त 03 करोड़ रूपये की धनराशि से आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर में हेल्थ सब सेन्टर का कायाकल्प, ऐसे विद्यालयों जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है में स्मार्ट क्लास, सोलर लाइट की व्यवस्था एवं बच्चों के खेलने के प्ले एरिया के निर्माण का कार्य कराया जायेगा। इसके अलावा कलेक्ट्रेट में स्थापित इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम को आधुनिक संसाधनों एवं तकनीकी रूप से अपग्रेडेशन कार्य कराया जायेगा।

## दलित युवती को भगाने का मुकदमा दर्ज

**छतोह, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज) नसीराबाद थाना क्षेत्र की एक 19 वर्षीय दलित युवती के गायब होने से परिजन हैरान हो गए। काफी खोज करने पर भी जब युवती नहीं मिली तो उसके मजबूर पिता ने सरताज पुत्र रज्जब अली निवासी ग्राम रुस्तमपुर मजरे नसीराबाद देहात व खुशबू पुत्री अज्ञात निवासी रिजवान की बाग नसीराबाद के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर स्थानीय थाने में दी। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कर के तलाश शुरू की। प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि युवती को बरामद कर महिला आरक्षी के साथ चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया और मामले की विवेचना उपनिरीक्षक त्रियुगी नारायण तिवारी को सौंप दी गई है।

## मारपीट में घायल युवती की इलाज के दौरान हुई मौत, दो अभियुक्तों को भेजा जेल

**महाराजगंज ,रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज )कोतवाली क्षेत्र के गांव भटपुरवा मजरे डोमापुर गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में एक पक्ष से घायल हुई 26 वर्षीय युवती की ट्रामा सेंटर लखनऊ में मौत होने के पश्चात शुक्रवार को परिजनों द्वारा पूरे रीति रिवाज से शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा।

बताते चले कि गांव निवासी विशुना देई पत्नी रामसनेही राम जियाई पत्नी ओरी लाल के बीच छज्जा और छत की नाली निकालने को लेकर बीते रविवार को कहा सुनी गाली गलौज के बाद मारपीट हो गई थी। जिसमें दोनों पक्षों से पांच महिलाएं घायल हुई थीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों की पांच महिलाओं सहित 10 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। मारपीट में प्रथम पक्ष की तरफ से घायल हुई बबुला पुत्री सूरज पाल की बृहस्पतिवार को ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। वहीं युवती की मौत होने के बाद मामले में एक पक्ष से नामजद 6 आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि सुमित कुमार पुत्र ओरीलाल राम जियाई पत्नी ओरी लाल को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है, अन्य की तलाश की जा रही है।

## प्रमुख सचिव का एम्स दौरा, तैयारियों का लिया जायजा



**● प्रमुख सचिव व डीएम ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज) सीएम योगी आदित्यनाथ के एम्स रायबरेली दौरे के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा और एमपी एनएचएम डॉ पिंकी जोवेल एम्स पहुँचे। प्रमुख सचिव ने डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल के साथ एम्स के डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को परखा। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 25 फरवरी को राजकोट में एम्स के शिलान्यास के साथ निर्मित पाँच एम्स को राष्ट्र को समर्पित करने के कार्यक्रम हैं। इस दिन मुख्यमंत्री एम्स में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मवड़िया, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सहित आधा दर्जन से अधिक मंत्री शामिल होंगे।

## कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट में निपुण बच्चों को डीएम ने किया सम्मानित



**गोंडा।** शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र झंझरी अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट में आयोजित वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम दीप प्रज्वलित एवं मां के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के निपुण शिक्षा प्राप्त कर चुके बच्चों को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां पर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में विद्यालय के बच्चों को एवं अन्य लोगों को शिक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विद्यालय के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी स्टाफ को उत्साहित किये। कार्यक्रम के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के डायट प्राचार्य दर्जीकुंआ, खंड शिक्षा अधिकारी झंझरी, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग राजेश कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, कार्यक्रम संचालक राघव राम पाण्डेय, ग्राम प्रधान सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## हिंदूवादी युवा नेता अक्षय शास्त्री की केजीएमयू में होगी हार्ट सर्जरी

**छतोह, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज)लुलु मॉल में हनुमान चालीसा पढ़ने वाले अक्षय शास्त्री की तबीयत बिगड़ने पर लखनऊ के केजीएमसी के लारी में भर्ती कराया गया है। अब उनकी हार्ट सर्जरी होनी है। 6 महीना पहले जम्मू में वैष्णो देवी दर्शन के समय उनकी तबीयत बिगड़ी थी।जम्मू मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद से लगातार तबीयत खराब है।

बचपन से पूरा जीवन देश,धर्म,समाज के लिये समर्पित करने वाले अक्षय शास्त्री अमेठी संसदीय क्षेत्र के ब्लॉक छतोह की बेढ़ौना ग्राम पंचायत के निवासी हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, वर्तमान धर्म जागरण प्रमुख अक्षय शास्त्री संघ के प्रचारक रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कॉलेज अध्यक्ष रहे तथा बलरामपुर एमएल के पीजी कॉलेज से, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पूर्व जिला सुरक्षा प्रमुख भी रहे। सूचना पाने पर प्रदेश निरीक्षक जनशिक्षा समिति विद्याभारती अवध मिथलेश अवस्थी,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिलाप्रचारक लखनऊ पश्चिम संदीप जी व नगर कार्यवाह रायबरेली शिवानन्द ,जिला प्रचारक अमरजीत ,लखनऊ निवासी फ्यूचर ग्रुप के सुरेंद्र,अयोध्या सोहावल के पूर्व छात्र विद्याभारती उमाशंकर मिलने आए और 1 यूनिट रक्त दान कर के हार्ट सर्जरी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजेंद्र साहू थोक कपड़ा व्यवसायी गोरखपुर से आए और एक यूनिट ब्लड भी दिया।रामकृपाल शुक्ल संघ कार्यकर्ता पूर्व में थारू जनजाति क्षेत्र में स्थित दीनदयाल शोध संस्थान इंटर कॉलेज इमलिया कोडर, पचपेड़वा बलरामपुर के प्रधानाचार्य के सुपुत्र अवनीश, गोपाल विद्या मंदिर रायबरेली के सहपाठी प्रांजुल आदि लोगों के अलावा बहुत से लोग हार्ट सर्जरी की सूचना पर मिलने पहुंच कर सामर्थ्य के अनुसार सहयोग कर रहे हैं।

## लापरवाह एवं निष्क्रिय आशाओं के विरुद्ध सेवा समाप्ति की करें करवाई : डीएम

**बलरामपुर।** आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए डीएम श्री अरविंद सिंह द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं की समीक्षा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विस्तृत रूप से की गई। बैठक में डीएम ने नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं में एचआरपी चिन्हीकरण,ई कवच, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान भारत, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की क्रियाशीलता एवं निर्माण की प्रगति, आशा भुगतान, 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा की स्थिति, 108 इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एंबुलेंस सेवाओं की

**● डीएम ने विकासखंड गैंसडी एवं पचपेड़वा में संस्थागत प्रसव कम होने पर व्यक्त की नाराजगी**

स्थिति, जननी सुरक्षा योजना का भुगतान, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम,एनीमिया मुक्त भारत, दवाओं की उपलब्धता,परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने विकासखंड गैंसडी एवं पचपेड़वा में संस्थागत प्रसव कम होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विशेष प्रयास करते हुए शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। यदि आशा द्वारा प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव कराया जा रहा है तो ऐसी आशाओं को चिन्हित करते हुए सेवा समाप्ति की कार्रवाई करें। निष्क्रिय एवं लापरवाह आशाओं के विरुद्ध भी सेवा समाप्ति की कार्रवाई अमल में लाए। ग्राम स्तर पर होने वाले वीएचएसएनडी सत्र में गर्भवती महिलाओं की जांच एवं टीकाकरण बेहतर तरीके से हो इसके लिए सत्र पर समस्त आवश्यक मेडिकल उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने ड्यू लिस्ट अपडेट करते हुए 9 से 11 माह के बच्चो का शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने, आईसी मद का उपयोगी एवं अभिनव तरीके से प्रयोग किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की समस्त जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आमजनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित किया जाए। चिकित्सक समय से चिकित्सालय में नियमित रूप के बैठे एवं मरीजों का अच्छा इलाज करे। अस्पताल में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य,सीएमओ,अपर सीएमओ,समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छतोह में सांसद महिला खेल प्रतियोगिता कल से

**छतोह, रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज)अमेठी लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय महिला, बाल विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी की प्रेरणा से सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं के सुंदर स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए हर क्षेत्र में अवसर दिलाने के क्रम में ये प्रतियोगितायें आयोजित की जा रही हैं। 18 वर्ष से 30 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए समूह खेल में रस्सा कसी, एकल में 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद और रस्सी कूद की प्रतियोगिताएं तथा 31 वर्ष से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए समूह खेल में रस्साकसी और एकल में कुर्सी दौड़, मटका फोड़, नींबू दौड़, बैलूनदौड़ और 200 मी.पैदल चाल की प्रतियोगिताएं शामिल की गई हैं।

## लेनदेन के वायरल ऑडियो के आधार पर एडीओ समाज कल्याण हुई निलंबित

**खबर का असर**

**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज ) बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल हो रहा था। वायरल ऑडियो में एडीओ समाज कल्याण डलमऊ प्रगति वर्मा द्वारा खरगपुर सौताना ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव से विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन और विकलांग पेंशन के फॉर्मो को ऑनलाइन फॉरवर्ड करने के लिए प्रति फॉर्म 500 रुपए की मांग की जा रही थी। वायरल ऑडियो तथा जिम्मेदार अधिकारियों के बयान के आधार पर ÷स्पष्ट आवाज÷ समाचार पत्र ने समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को प्रमुखता से छापा था। खबर का संज्ञान लेते हुए शुक्रवार 23- 2- 2024 को उक्त प्रकरण की अधिकारियों द्वारा जांच की गई। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली द्वारा सूचित करने के बाद भी जांच के समय प्रगति वर्मा सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण एवं ग्राम प्रधान खरगपुर सौताना उपस्थित नहीं हुए। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अवलोकन में पाया गया कि विकास खंड डलमऊ में पेंशन स्वीकृत हेतु काफी अधिक संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं ।जिससे प्रथम दृष्ट्या उपरोक्त वायरल हो रहे ऑडियो की पुष्टि होती है ।विकास खंड पर लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण के संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली द्वारा भी अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन न किए जाने के दोषी पाए गए ।उक्त प्रकरण की जांच में प्रगति वर्मा सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विकासखंड डलमऊ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया तथा वायरल हुए आडियो के सम्बन्ध में सम्बन्धित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट तत्काल दर्ज कराने तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी, रायबरेली के कार्यालय में विकास खण्ड डलमऊ के पेंशन सम्बन्धी कार्य हेतु तैनात पटल सहायक आस्था त्रिपाठी के स्थान पर वहीदा परवीन को पटल आवंटित करने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी, रायबरेली को दिये गये हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी, रायबरेली द्वारा लम्बित पेंशन आवेदन पत्रों का समय से निस्तारण कराये जाने में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में की गई लापरवाही एवं उदासीनता हेतु उन्हें विशेष परिनिन्दा प्रविष्टि÷ के साथ-साथ उन्हें समाज कल्याण मुख्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध किये जाने की संस्तुति शासन को प्रेषित की गई। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कुमार प्रशांत निदेशक समाज कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दी गई है।

## जमीन सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश पारित

**बलरामपुर।** जिला प्रशासन द्वारा जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम-167 के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए तहसील सदर अन्तर्गत 1.542 हेक्टेयर भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। मामला तहसील सदर बलरामपुर के ग्राम लखनीपुर परगना तुलसीपुर तहसील बलरामपुर का है जहां पर राज्य सरकार के नाम दर्ज भूमि गाटा संख्या 805 को अवैध तरीके से विधिमान्यकरण कराये गये बैनामे के आधार पर अपना नाम दर्ज करा लिया गया था। मामले में जिलाधिकारी न्यायालय पर योजित वाद में डीजीसी राजस्व की प्रभारी पैरवी के चलते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश के अनुसार गाटा संख्या 805 की 1.542 हेक्टेयर जमीन को पूर्व की भांति राज्य सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश जिला कलेक्टर द्वारा पारित किया गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अलादादपुर, विकास खण्ड सिधौली, सीतापुर

पत्रांक: मेमो/मनरेगा/15वॉं वित्त/नि.सू./2023-24 दिनाँक-22.02.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना (अल्पकालीन)**

कार्यालय ग्राम पंचायत अलादादपुर वि.ख. सिधौली के पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो व भट्ठा मालिको को सूचित किया जाता है कि मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की अल्पकालिक मोहरबन्द निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों, फर्मो व भट्ठों से दिनाँक 28.02.2024 को अपरान्हन 02:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 23.02.2024 से दिनाँक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अलादादपुर से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफडी.आर. के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो कार्यालय ग्राम पंचायत अलादादपुर के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूति होनी है | प्राक्कलित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महादेव मॉडल तालाब का जीर्णोद्धार कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 3,86,754.00 | 2 प्रतिशत | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेण्डर सबसे कम दर का हो, उसे टेण्डर स्वीकृत दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एन.एस.सी./एफडी.आर. जो ग्राम पंचायत अलादादपुर के पक्ष में बंधक होगी। जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जायेगा।

**शीला देवी**
**प्रधान**

**आरती यादव**
**सचिव**


## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर डीएम ने रोका वेतन

**बलरामपुर।** आम जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। डीएम अरविंद सिंह द्वारा आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाती है तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु नियमित निर्देश दिए जाते हैं। डीएम द्वारा जनवरी में आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर प्राप्त फीडबैक की समीक्षा की गई, जिसमें यह पाया गया कि पूर्ति निरीक्षक उतरौला, पूर्ति निरीक्षक तुलसीपुर, पूर्ति निरीक्षक बलरामपुर,बाल विकास परियोजना अधिकारी हरैया सतघरवा, सहायक श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलरामपुर द्वारा प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में विशेष रुचि नहीं ली जा रही एवं शिकायतों के निस्तारण के समय आवेदक से दूरभाष से वार्ता ना करते हुए बिना अवलोकन के आख्या पोर्टल पर अपलोड कर दी जा रही है। जिसके कारण अधिक संख्या में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहे है। डीएम ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बरते जाने पर उपरोक्त अधिकारियों के एक दिन का वेतन रोके जाने एवं तीन दिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आईजीआरएस प्राप्त शिकायतों का सभी अधिकारी आवेदक से दूरभाष पर वार्ता करते हुए मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 27 फरवरी को

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमियों, व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक माह आयोजित होने वाली जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित माह फरवरी की बैठक 27 फरवरी 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

## बहराइच महोत्सव के साथ आयोजित होगी खेल प्रतियोगिता

**बहराइच(स्पष्ट आवाज)।** उप क्रीड़ाधिकारी अनुपमा धानुक ने बताया कि जनपद में 25 से 27 फरवरी 2024 तक आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन के सहयोग से इन्दिरा स्टेडियम में 25 फरवरी को प्रातः 09:00 बजे से बालक वर्ग के लिए फुटबाल, कबड्डी, पिट्ठू दौड़ व बोरा दौड़, 26 को बालक-बालिका वर्ग के लिए एथलेटिक्स, लेमन रेस व पतंग का प्रदर्शन तथा 27 फरवरी को अस्थि दिव्यांग (एक पैर तथा दोनों पैर से दिव्यांग) बालक बालिका वर्ग हेतु 50 मी. दौड़, बौद्धिक दिव्यांग बालक बालिका वर्ग हेतु 100 मी. दौड़, मूकबधिर बालक-बालिका वर्ग हेतु 100 मी. दौड़, कुर्सी दौड़ व रस्साकशी तथा दृष्टिहीन बालिका बालिका वर्ग हेतु 50 मी. दौड़ व सामग्री की पहचान खेल का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक टीमें अथवा खिलाड़ी आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। उप क्रीड़ाधिकारी श्रीमती धानुक ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक खिलाड़ी मो.न. 9336620993 अथवा 9580242764 पर सम्पर्क किया जा सकता है।


# कार्यालय जिला पंचायत, गोण्डा

**पत्रांक : 12(3)/ला0लि0/जि0पं0गो0/2023-2024** **दिनांक : 19 फरवरी, 2024**

**मृत पशु शव निस्तारण एवं भण्डारण ठेका/लाइसेंस निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-2232/33-2-2020-420जी/2017 दिनांक 20 अक्टूबर, 2020 के क्रम में जिला पंचायत, गोण्डा के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि हेतु समस्त विकास खण्डों में मृत पशु शव निस्तारण/भण्डारण कार्य का ठेका/लाइसेंस रायल्टी पर दिये जाने हेतु दिनांक 04 मार्च, 2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदाएं जिला पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा के साथ प्रत्येक सम्पूर्ण विकास खण्ड के लिए मु0 5000.00 जमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। जमानत के अभाव में निविदा निरस्त मानी जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, गोण्डा के पदनाम से देय हो अथवा नकद के रूप में जमा जमानत धनराशि की रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदाताओं को उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निर्गत अपनी समिति का पंजीकरण प्रमाण-पत्र अथवा ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत पैतृक रूप से मृत पशुओं के शव निस्तारण आदि कार्यों से जुड़े होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् उच्चतम् निविदादाता को निविदा की सम्पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। जिला पंचायत के किसी भी बकायेदार की निविदा मान्य नही होगी। अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, गोण्डा**

**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत, गोण्डा**


## 15 मार्च से प्रारम्भ होगी गेहूँ खरीद, बटाईदारों से भी खरीदा जाएगा गेहूँ

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत जनपद में गेहूँ खरीद के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि गेहूँ क्रय हेतु सभी इच्छुक कृषकों का पंजीकरण कराएं तथा पंजीकरण कराने वाले कृषकों का तहसील स्तर पर सत्यापन भी करा लिया जाय। डीएम ने एसडीएम को यह भी निर्देश दिया कि तहसील अन्तर्गत प्रस्तावित क्रय केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने गेहूँ खरीद हेतु नामित क्रय एजेन्सियों के जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि गेहूँ खरीद के लिए क्रय केन्द्रों पर

**● एसडीएम को पंजीकरण का सत्यापन कराए जाने के दिये गये निर्देश**

समय रहते सभी व्यवस्थाएं चाक चौबन्द होनी चाहिए ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। डीएम ने सचेत किया कि किसी भी क्रय केन्द्र पर घटतौली, बोरो व पैसों की अनुपलब्धता अथवा व्यवस्थाओं की कमी के कारण गेहूँ खरीद प्रभावित होने अथवा किसानों के किसी प्रकार के शोषण की शिकायत का अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा और दोषी अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद्ध अनिवार्य रूप से दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत किसानों को शासन की मंशानुरूप लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य के साथ सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि बिचौलियों के माध्यम से किसी प्रकार की गेहूँ खरीद की शिकायत को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने गेहूँ क्रय केन्द्रों की आवश्यक रंगाई-पुताई, सत्यापित कांटों, बोरों सहित अन्य आवश्यक उपकरण, परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई के साथ-साथ किसानों और उनके मवेशियों के लिए छाव व पेयजल तथा बैठने की भी व्यवस्था कराये जाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि क्रय केन्द्र के सफल संचालन हेतु आवश्यकतानुसार मैन पावर की व्यवस्था किए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों की कमी हो तो समय से आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिए जाए। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद के लिए आवश्यक सभी उपकरण चालू व दुरूस्त हालत में होने चाहिए। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चेक लिस्ट के अनुसार इनका मिलान भी कर लिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि क्रय केन्द्रों पर खराब कांटे तथा खरीद शून्य की स्थिति को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाय। बैठक के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 15 मार्च 2024 से जनपद में 05 क्रय एजेन्सियों के 144 गेहूँ क्रय केन्द्रों खाद्य तथा रसद विभाग, विपणन शाखा 30, पीसीएफ के 68, पीसीयू के 29, यूपीएसएस के 13 व एनसीसीएफ के 04 के माध्यम से समर्थन मूल्य रू. 2,275=00 प्रति कुण्टल की दर से गेहूँ की खरीद की जाएगी।

## राजापुर पुलिस ने पांच जुआरी रंगेहाथ दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार की टीम ने पांच जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। शुक्रवार को पुलिस टीम ने छापेमारी कर दीपक पुत्र सोनेलाल माधवगंज, रोहित पुत्र सोहनलाल सोनकर गयागंज, नागेश याज्ञिक पुत्र बच्चू याज्ञिक माधवगंज, इंद्र कुमार पुत्र छेदी केवट गयागंज व अभिलाष कुमार पुत्र छोटेलाल अंजहाईपुर पुरानी बस्ती को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 2460 रुपये, ताश के 52 पत्ते व जामा तलाशी में 960 रुपये बरामद किये।

SA NEWS स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शनिवार, 24 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, पूर्णिमा (शुक्ल पक्ष)



जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखाते हैं। - अरस्तु

# मराठा आरक्षण के बावजूद

मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है।

महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए विधानसभा से विधेयक पारित करा लिया है। यह प्रावधान इस रूप में किया गया है, जिससे ओबीसी समुदाय नाराज ना हो। मराठा संगठन ओबीसी श्रेणी के अंदर आरक्षण मांग रहे थे, लेकिन राज्य सरकार ने उनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया है। इस तरह ये आरक्षण 50 प्रतिशत की उस सीमा से बाहर होगा। यह सीमा सुप्रीम कोर्ट ने लगा रखी है। वैसे यह सीमा आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ पहले ही टूट चुकी है। तो उसे मिलाकर अब महाराष्ट्र में सरकारी नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में कुल आरक्षित सीटों की संख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी। तो क्या नई व्यवस्था न्यायिक परीक्षण में खरी उतरेगी? मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि चूंकि कई राज्यों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण लागू किया गया है, तो महाराष्ट्र में भी यह टिकाऊ होगा। हाल ही में बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दी गई है। लेकिन मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल को शिंदे की बात पर भरोसा नहीं है। पाटिल ने कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने अलग श्रेणी के तहत जो आरक्षण दिया है, वह मराठा समुदाय को मंजूर नहीं है। मराठों को ओबीसी कोटे से ही आरक्षण चाहिए। महाराष्ट्र में मराठा समुदाय की आबादी 28 प्रतिशत है। यह समुदाय राजनीतिक तौर पर राज्य में सबसे प्रभावशाली माना जाता है। इसके बावजूद मराठा समुदाय में गरीबी रेखा से नीचे के 21.22 प्रतिशत परिवार हैं। मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण से गरीबी या शैक्षिक पिछड़ेपन की समस्या दूर हो जाएगी? क्या ऐसा पहले से आरक्षण प्राप्त समुदायों में हो गया है? तमाम अध्ययन और अनुभव बताते हैं कि ऐसा नहीं हुआ है। बुनियादी वजह यह है कि आरक्षण की हर लड़ाई का मकसद मौजूद अवसरों में अधिक हिस्सा पाना है। जबकि ये अवसर इतनी संख्या में मौजूद नहीं हैं, जिनसे सबकी विकास एवं बेहतर जीवन की आकांक्षा पूरी हो। असल मुद्दा ऐसी आर्थिकी और विकास नीति का है, जिनसे मांग के अनुरूप ऐसे अवसर बढ़ें।

" महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए विधानसभा से विधेयक पारित करा लिया है। यह प्रावधान इस रूप में किया गया है, जिससे ओबीसी समुदाय नाराज ना हो। मराठा संगठन ओबीसी श्रेणी के अंदर आरक्षण मांग रहे थे, लेकिन राज्य सरकार ने उनके लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान किया है। इस तरह ये आरक्षण 50 प्रतिशत की उस सीमा से बाहर होगा। यह सीमा सुप्रीम कोर्ट ने लगा रखी है। वैसे यह सीमा आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के साथ पहले ही टूट चुकी है। "

# स्मृति शेष...हर कोई इसलिए नहीं हो सकता मनोहर जोशी

मुकुंद

लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी के अवसान पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोक जताया है। परिवार के प्रति संवेदना जताई है। मनोहर जोशी का निधन परिवार के लिए ही नहीं, देश और संसदीय संस्कृति के लिए भी बड़ी क्षति है। 86 वर्षीय मनोहर जोशी का शिक्षक से लेकर लोकसभा अध्यक्ष तक का सफर गौरवशाली रहा। लोकसभा अध्यक्ष का कार्यालय की वेबसाइट में भूतपूर्व अध्यक्षों के विवरण में मनोहर जोशी के जीवन वृत्त पर उपलब्ध सामग्री उनके विविध पक्षों पर आधारित है। उसे अवसान की दुख भरी बेला में उसे दुहराना जरूरी है। लोकसभा अध्यक्ष का कार्यालय की वेबसाइट में कहा गया है कि मनोहर जोशी पीठासीन अधिकारियों की इस उत्कृष्ट पंक्ति में तब शामिल हुए जब उन्हें 10 मई, 2002 को अध्यक्ष के गरिमापूर्ण पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। वह 4 जून, 2004 तक इस पद पर रहे। दो दिसंबर, 1937 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में नान्दवी में जन्मे जोशी ने मुंबई में शिक्षा पाई। वे विधि में स्नातक रहे। कला विषय में स्नातकोत्तर होने के साथ जोशी मराठी, हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में प्रवीण रहे। उनका विवाह अनाघा मनोहर जोशी से हुआ। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

राजनीतिक जीवनः जोशी ने अपना पेशा एक अध्यापक के रूप में आरंभ किया और वर्ष 1967 में राजनीतिक क्षेत्र में पदार्पण किया। शिवसेना के साथ उनका संबंध चार दशक से अधिक रहा। मुंबई शहर और वहां के नागरिकों का कल्याण सदैव जोशी की स्थाई चिंता का विषय रहा। वे वर्ष 1968-70 तक मुंबई के निगम पार्षद रहे और 1970 में स्थाई समिति (नगर निगम) के सभापति चुने गए। उन्होंने वर्ष 1976-77 के दौरान मुंबई के मेयर पद को सुशोभित किया। वे कुछ समय तक अखिल भारतीय मेयर परिषद् के चेयरमैन भी रहे। मुंबई शहर के साथ उनके घनिष्ठ संबंध और विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर उनकी पकड़ ने उनके राय विधानमंडल का सदस्य बनने के पश्चात आगामी वर्षों में मुंबई के हित का प्रबल रूप से समर्थन करने में उनकी सहायता की। विधायी और संसदीय जीवनः मनोहर जोशी का विधायी और संसदीय जीवन 1972 में प्रारंभ हुआ। वे महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए निर्वाचित हुए। विधान परिषद् में तीन बार कार्यकाल पूरा करने के पश्चात् वर्ष 1990 में महाराष्ट्र विधान सभा के लिए निर्वाचित हुए। वे वर्ष 1995-99 के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। तीक्ष्ण राजनैतिक दूरदर्शिता, नेतृत्व के गुण और प्रशासनिक क्षमताओं ने उन्हें कुशलता के साथ राय का शासन चलाने में समर्थ बनाया। पूर्व में वर्ष 1990-91 के दौरान वे राय विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे। जोशी अपने बेबाक और स्पष्टवादी विचारों के लिए प्रसिद्ध रहे। वे प्रबल रूप से विश्वास करते रहे कि एक संरचनात्मक, उत्तरदायी और स्वस्थ विपक्ष लोकतांत्रिक राज व्यवस्था को मजबूत बनाने में व्यापक रूप से योगदान करता है। वे यह भी विश्वास करते थे कि लोकतंत्र केवल तभी समृद्ध हो सकता है, जब विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच सहर्ष सहयोग हो। इस दृढ़ धारणा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने देश में एक राष्ट्रीय विपक्ष नेता संघ की शुरूआत की।

वर्ष 1999 के आम चुनाव में जोशी ने मुंबई उत्तर-मध्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र से शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ा और



तेरहवीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। बाद में उन्हें केन्द्र सरकार में शामिल किया गया और उन्होंने भारी उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय का महत्वपूर्ण पदभार संभाला। केन्द्रीयमंत्री की बड़ी जिम्मेदारी निभाने में महाराष्ट्र में विभिन्न पदों पर उनके कार्य का समृद्ध अनुभव उनके काम आया। केन्द्रीय मंत्री के रूप में अनेक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेकर उन्होंने भारी उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक हेलिकाप्टर दुर्घटना में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष जीएमसी बालायोगी की मृत्यु के पश्चात् अध्यक्ष का पद कुछ समय तक रिक्त रहा और उपाध्यक्ष पीएम सईद ने अध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन किया। 10 मई, 2002 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लोकसभा के नए अध्यक्ष के रूप में मनोहर जोशी के निर्वाचन की मांग करते हुए स्वयं एक प्रस्ताव पेश किया। तत्कालीन गृहमंत्री एलके आडवाणी ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। जब यह प्रस्ताव विचार और मतदान के लिए सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, तो सभा ने इसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया और जोशी सर्वसम्मति से लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए। जोशी को अध्यक्ष के इस सम्मानित पद पर निर्वाचन के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, उपाध्यक्ष और विभिन्न दलों और समूहों के नेताओं ने बधाई दी। जोशी को अध्यक्ष के पद पर उनके निर्वाचन के लिए बधाई देते हुए तत्कालीन उपाध्यक्ष सईद ने कहा था कि हालांकि जोशी संसद के लिए नए हैं, किंतु वे संसदीय संस्थाओं और संसदीय प्रक्रियाओं के लिए नए नहीं हैं। विभिन्न पदों पर बने रहते हुए महाराष्ट्र विधानमंडल में उनका लंबा कार्यकाल और समृद्ध अनुभव सभा को सुचारू रूप से चलाने में उनका मार्ग-निर्देशन करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा था कि जोशी ने एक ऐसा पद धारण किया है, जिसके साथ महान जिम्मेदारी और दायित्व जुड़े हैं। उनके समृद्ध संसदीय और सार्वजनिक जीवन पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि जोशी ने अपने जीवन की शुरुआत एक जमीनी कार्यकर्ता के रूप में की और लोकसभा में अपने निर्वाचन से पहले अनेक पदों पर कार्य किया। उन्होंने विश्वास जताया था कि जोशी का सार्वजनिक जीवन में गत कई वर्षों का अनुभव सभा के कार्य का सुचारू रूप से और संविधान में यथापरिकल्पित गरिमापूर्ण तरीके से संचालन करने में उनका मार्ग-निर्देशन करेगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अपनी मुबारकबाद पेश करते हुए तत्कालीन विपक्ष की नेता सोनिया गांधी ने कहा था कि उचतम पद पर अपने निर्वाचन के साथ जोशी के ऊपर हमारी संसद की चिरसम्मानित परम्पराओं को कायम रखने की महान जिम्मेदारी आ गई है। उन्होंने विश्वास जताया था कि विविध क्षेत्रों में जोशी का सभा के कार्य का अनुभव अपने पूर्ववर्ती अध्यक्षों के समान ही सुचारू रूप से और विवेकपूर्ण तरीके से संचालन करने में उनका मार्ग-निर्देशन करेगा। सीपीआई (एम) नेता सोमनाथ चटर्जी ने जोशी के निर्वाचन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा था कि ÷हमें बहुत ही खुशी और गर्व है कि इस सभा की अध्यक्षता करने के लिए हमारे बीच एक शिक्षाविद् मौजूद हैं।÷ बधाइयों के उत्तर में जोशी ने कहा था कि मैं अध्यक्ष के इस उच संवैधानिक पद पर मुझे निर्वाचित करने के लिए आप सभी का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। मुझे एक महान जिम्मेदारी सौंपी गई है और यह तथ्य कि मैं इस सभा में सर्वसम्मति से चुना गया हूं, इस जिम्मेदारी को वास्तव में कठिन बनाता है। मैं व्यक्तिगत रूप से इसे एक महान सम्मान के रूप में देखता हूं कि सभा का पहली बार सदस्य होने के बावजूद मुझे ही चुना गया है। मैं इस जिम्मेदारी को विनम्रता से स्वीकार करता हूं और यह वचन देता हूं कि मैं अपने कर्तव्यों का निष्पक्षता के साथ निर्वाह करके उस विश्वास को बनाए रखूंगा, जो आपने मुझ पर जताया है।

# इंडिया गठबंधन यदि एकता बनाये रखे तो भाजपा को हराना कोई बड़ी बात नहीं

रमेश सर्राफ धमोरा

केंद्र में सत्तारुढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन बनने से देश के लोगों को राजनीति में एक नया विकल्प तो मिला ही है। उसके साथ ही उन्हें लगने लगा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इस गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को कड़ी टक्कर देंगे। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सहित कई राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियां शामिल हैं। इनमें से बहुत-सी क्षेत्रीय पार्टियों की उनके प्रदेशों में सरकार भी चल रही है। इंडिया गठबंधन की कई बैठकें भी हो चुकी हैं। मगर गठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं होने से आपसी मनमुटाव की स्थिति बनी हुयी है।इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। ऐसे में कांग्रेस का दायित्व बनता है कि वह गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारे जल्दी से करे। मगर अभी तक ऐसा हो नहीं पाया है। चूंकि देश में 10 साल बाद भाजपा




के खिलाफ विपक्षी दलों का एक गठबंधन बना है। इसलिए इसको सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए इसका संयोजक भी बनाया जाना चाहिए था। मगर कई महीने निकल जाने के बाद भी अभी तक विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाया है। सीटों का बंटवारा नहीं होने के कारण गठबंधन में शामिल कई राजनीतिक दल नाराजगी जाहिर करने लगे हैं।इंडिया गठबंधन को लेकर कांग्रेस द्वारा बरती जा रही ढलाई के चलते ही बिहार में जनता दल यू गठबंधन से बाहर होकर फिर से एनडीए में शामिल हो गया है। जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार भी बना ली है। नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन को बनाने वाले मुख्य राजनेताओं में शामिल थे। वह इंडिया गठबंधन के संयोजक बनना चाहते थे। मगर गठबंधन में शामिल कई दलों के नेताओं में आपसी खींचातान के चलते नीतीश कुमार संयोजक नहीं बन सके। इसी से खफा होकर उन्होंने इंडिया गठबंधन को छोड़ दिया। जीतन राम मांझी की हम पार्टी बिहार में पहले ही इंडिया गठबंधन से बाहर निकल चुकी थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी भाजपा से गठबंधन कर इंडिया गठबंधन को अलविदा कह दिया है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों से किसी भी तरह का चुनावी गठबंधन करने से इंकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कही है। जबकि कांग्रेस वहां अधिक सीटों पर दावा कर रही थी। इससे वहां सीटों का तालमेल नहीं हो पा रहा है। ममता बनर्जी ने अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही ममता बनर्जी त्रिपुरा, असम और गोवा में भी चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ सीटों का बंटवारा नहीं होने के चलत 31 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की एकतरफा घोषणा कर दी थी। इनमें वह लोकसभा सीटें भी शामिल हैं जहां से कांग्रेस चुनाव लड़ने का दावा कर रही है। अखिलेश यादव की एकतरफा घोषणा से उनका कांग्रेस के साथ गठबंधन खटाई में पड़ता नजर आ रहा था। मगर कांग्रेस ने अखिलेश यादव की सभी शर्तें मान कर उत्तर प्रदेश में गठबंधन को टूटने से बचा लिया है। अखिलेश यादव ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं। बिहार में राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों को मिलकर चुनाव लड़ना है। मगर वहां नीतीश कुमार की जदयू के गठबंधन से बाहर जाने के बाद लालू प्रसाद यादव की राजद 28 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है।

# भाजपा की उन्मुक्त भरती योजना

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले अलग अलग पार्टियों के नेताओं के लिए रोजगार मेला लगा रखा है। उसने पार्टी के दरवाजे के दोनों पट खोल दिए हैं, खिड़कियां भी खोल दी हैं और उन्मुक्त भर्ती योजना चला रखी है। कोई भी आकर पार्टी में शामिल हो सकता है। कई बार तो दरवाजे पर दस्तक देने की भी जरुरत नहीं समझी जा रही है। अंदर आइए और भाजपा का पटका रखा हुआ है उसे गले में पहन लीजिए और भाजपा के हो जाइए। अगर दूसरी पार्टी में कोई हैसियत है तो बड़े नेताओं से मिलना पड़ रहा है और तब पटका पहनाने की जिम्मेदारी भाजपा का कोई छोटा या बड़ा नेता निभा रहा है। इसके लिए बाजाब्ता एक कमेटी बनाए जाने की खबर है, जिसमें कई नेता शामिल हैं, जो दूसरी पार्टियों के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है, जो सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, लेकिन अपने क्षेत्र में काबिले ए जिक्र काम किया है या जिनकी समाज में कुछ पहचान है। उनको भी उन्मुक्त भरती योजना के तहत पार्टी में शामिल किया जा रहा है। राजनीतिक रोजगार देने की भाजपा की यह योजना इस लोकसभा चुनाव की घोषणा तक चलती रहेगी।

इस योजना की खास बात यह है कि सरकारी नौकरियों की तरह इसमें पदों की संख्या सीमित नहीं है यानी जितने लोग आएंगे, उतने लोगों को भरती कर लिया जाएगा। जैसे कंपनियां इन दिनों इंस्टेंट कैशबैक की योजना चलाती हैं उसी तरह इंस्टेंट बेनिफिट की योजना भाजपा चला रही है। पहले सिर्फ एक बेनिफिट था कि पहले से चल रहे आपराधिक मामलों में राहत मिल जाती थी। केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती थी या थम जाती थी। लेकिन अब इसके साथ बेनिफिट बढ़ा दिए गए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आते ही अशोक चव्हाण को राज्यसभा की सीट मिल गई। आदर्श हाउसिंग घोटाले की जांच में जो राहत मिलेगी वह तो मिलेगी ही लेकिन तत्काल राज्यसभा भी मिल गई। यह भरती योजना शुरू होने से पहले भाजपा में शामिल हुए आरपीएन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे भी राज्यसभा की सीट हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। तीन महीने पहले कमलनाथ मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे थे और परिवारवाद व भ्रष्टाचार को लेकर माननीय प्रधानमंत्री के वार झेल रहे थे लेकिन वे भी भगवा पटका पहनने को बेकरार बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ सिख विरोधी दंगे चल रहे हैं। भांजे रतुल पुरी के खिलाफ तो आर्थिक अपराध के कई मामले हैं और 660 करोड़ रुपए की घोषित संपत्ति वाले बेटे नकुलनाथ पर भी नजर है। सवाल है कि रोजगार मेला लगा कर थोक में विपक्षी नेताओं की भरती करने का भाजपा का यह अभियान रणनीतिक रूप से कितना कारगर हो सकता है? क्या ऐसा भी हो सकता है कि यह मुक्त भरती योजना उलटी पड़ जाए? क्या इससे राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के मन में सहानुभूति भी पैदा हो सकती है? अभी तक तो ऐसा लग रहा है कि भाजपा जीतता हुआ पक्ष है और उसने मुख्य विपक्षी पार्टी को तोड़ कर उसे बहुत कमजोर कर दिया है। इतना ही नहीं एक रणनीति के तहत भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की सहयोगी पार्टियों को भी तोड़ा है। यानी गठबंधन तोड़ कर %इंडिया' ब्लॉक के घटक दलों को एनडीए में शामिल कराया है। इससे मुख्य विपक्षी कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन दोनों बहुत कमजोर हुए हैं। लेकिन कई बार कमजोर दुश्मन ज्यादा घातक हो जाता है, खास कर चुनावी राजनीति में। कमजोर के प्रति सहानुभूति सहज होती है। इस बात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बखूबी समझते हैं तभी दोनों अपने को हमेशा पीड़ित यानी विक्टिम के तौर पर पेश करते रहते हैं।

दस साल तक प्रधानमंत्री रहने और पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद भी नरेंद्र मोदी यह कहने से नहीं चूकते हैं कि उनके खिलाफ क्या साजिशें चल रही हैं, उनको कैसे काम करने से रोका जा रहा है, कैसे उनकी जाति की वजह से उनके साथ भेदभाव हुआ या हो रहा है, कैसे उन्हें दो-तीन किलो गालियां रोज पड़ती हैं, आदि-आदि। लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी के विक्टिम होने का नैरेटिव अब भी चल पाएगा या लोग स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और राहुल गांधी को पीड़ित मानने लगेंगे? ध्यान रहे 10 साल पहले पीड़ित पक्ष मोदी थे और अत्याचारी कांग्रेस थी, जिसने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर मोदी को कई तरह से परेशान किया था। लेकिन अब खेल पलट गया है। ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस को कमजोर करने की धुन में भाजपा के शीर्ष नेताओं का सेंस ऑफ बैलेंस कमजोर हो गया है। यह काम संतुलित तरीके से नहीं हो रहा है। इतने प्रत्यक्ष और भोंडे तरीके से हो रहा है कि बिना समझाए लोगों को लगने लगा है कि विपक्ष को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। तभी लोग भाजपा के सर्वशक्तिमान होने और 370 सीटें जीतने के दावे पर भी संदेह जताने लगे हैं। भाजपा के वैचारिक रूप से सबसे अलग होने और ईमानदार होने के दावे पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। ध्यान रहे कोई भी पार्टी वैचारिक विरोधियों को भरती करती है तो हो सकता है कि कुछ तात्कालिक फायदा हो लेकिन इससे उसकी बुनियाद कमजोर होती है। पहले विपक्षी पार्टियां भाजपा को वाशिंग मशीन बताती थीं तो उस पर लोग ध्यान नहीं देते थे क्योंकि आर्थिक अपराध के इक्का दुक्का आरोपी नेता भाजपा में भरती हो रहे थे। दूसरे, ऐसे नेता भरती हो रहे थे, जिनको लेकर भाजपा ने कभी व्यापक और सुनियोजित अभियान नहीं चलाया था। जैसे हिमंत बिस्वा सरमा या शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ अगर भाजपा का कोई अभियान था भी तो वह असम और पश्चिम बंगाल तक ही सीमित था। लेकिन अशोक चव्हाण के खिलाफ तो अखिल भारतीय अभियान चला था।

## आज का इतिहास

1483 - प्रथम मुगल शासक बाबर का जन्म।
1525- विख्यात कवि लुई वास कैमुएन्स का पुर्तगाल के लिस्बन नगर में जन्म।
1708- प्रिंस जोहान विलेम फ्रिसो ग्रोनिंगन के वायसराय बने।
1821- मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता प्राप्त की।
1822- विश्व के पहले स्वामी नारायण मंदिर का उद्घाटन अहमदाबाद में हुआ।
1857- पहला अमेरिकी डाक टिकट सरकार को सौंपा गया।
1882- संक्रामक रोग टीबी की पहचान की गई।
1894- निकारागुआ ने होंजुरास की राजधानी तेगुसिगालपा पर कब्जा किया।
1895 -क्यूबा में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए लड़ाई शुरू हुई।
1918- यूरोपीय देश एस्टोनिया को रूस से स्वतंत्रता मिली।
1920- जर्मन वर्कर्स पार्टी की एक बैठक में हिटलर ने पार्टी का नाम बदलकर नाज़ी पार्टी रखा।
1924 - प्रसिद्ध भारतीय गजल गायक तलत महमूद का जन्म।
1945- मिस्र और सीरिया ने नाजी जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1948- फिल्म से लेकर राजनीति तक का सफर तय करने वाली जयललिता का जन्म।
1961- मद्रास सरकार ने राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने का फैसला किया।
1974- पाकिस्तान ने आधिकारिक रूप से बंगलादेश को मान्यता दी।
1976 -क्यूबा में संविधान को अंगीकार किया गया।
1991 - अमेरिका और गठबंधन सेनाओं ने इराकी सेना के खिलाफ जमीनी लड़ाई शुरू की।

# कोरोना त्रासदी और स्वास्थ्य सजगता

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के हालिया सर्वे में एक बात साफ हो गई है कि अब लोगों की स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पहले से अधिक बढ़ी है। अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प समय-समय पर सर्वे कराकर लोगों के मूड को समझता रहता है। पिछले साल के अंत में कराए गए इस सर्वे में साफ हुआ है कि अब लोग युवावस्था में ही भौतिक संसाधन जुटाने, खान-पान के प्रति सजगता और हेल्दी टिप्स पर जोर देने लगे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कोरोना के बाद देश-दुनिया के लोगों की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है।

एक समय था जब लोग बचत को ही प्राथमिकता देते थे। अब लोगों की प्राथमिकता में स्वास्थ्य पहले पायदान पर आ गया है। इसमें भी खासतौर से मानसिक स्वास्थ्य और एक्सरसाइज को लेकर लोग अधिक गंभीर होने लगे हैं। लोगों में वर्कआउट के प्रति रुझान बढ़ा है। जबकि एक समय था जब वर्कआउट के लिए जिम जाने को स्टेटस सिंबल माना जाता था। मजे की बात तो यह है कि 51 फीसदी लोग कसरत करने की मशीनें घर पर ही खरीद कर रखने को तरजीह देने लगे हैं। अब लोग कर्ज लेकर घर-कार आदि आधुनिक सुविधायुक्त साधनों में निवेश करने को भी प्राथमिकता देने लगे हैं। कोरोना के अनुभव के साथ आर्थिक उदारीकरण के युग में भागमभाग और अंधी दौड़ के चलते लोग कर्ज के जाल में फंसने को भी सहर्ष तैयार देखे जा रहे हैं। इसका कारण भी आज की नौकरीपेशा जिंदगी है। पति-पत्नी दोनों के ही नौकरी में होने, नौकरी के कारण घर से दूर रहकर घर बसाने और एकल परिवार के कारण रहन-सहन और हालातों में तेजी से बदलाव आ रहा है।

अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कार्प के ऑनलाईन सर्वे में सामने आया है कि 76 फीसदी लोगों की पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य है। इससे पहले स्वास्थ्य के प्रति चिंता तो रहती थी पर इतनी गंभीरता कभी नहीं देखी गई। सामान्य बीमारी को भी लोग अब गंभीरता से लेने लगे हैं। इसे स्वास्थ्य के प्रति सजगता के साथ ही अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। स्वास्थ्य पैकेज को लेकर नित नई बीमा कंपनियां भी सामने आ रही है। एक अच्छी बात यह है कि लोगों का पौष्टिक भोजन के प्रति रुझान बढ़ा है। समाज के किसी भी वर्ग का व्यक्ति हो वह आज अच्छा खाने में विश्वास रखने लगा है। बड़े-बड़े मॉल तक आम आदमी की पहुंच आसान हो गई है। डी-मार्ट, रिलायंस, स्मार्ट बाजार में रौनक रहने लगी है। यह बदलाव का संकेत है। भले ही आर्थिक विषमता दिन दूनी बढ़ रही हो पर इन माल्स ने लोगों में आर्थिक आधार पर भेदभाव या आर्थिक हीनता को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई है। सर्वे के अनुसार 73 फीसदी लोग हेल्दी फूड पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया है।

# सामाजिक सद्भाव के अग्रदूत हैं संत रविदास

डॉ. रमेश ठाकुर

संत-संस्कृति और सनातन के लिए संत रविदास जयंती खास है, क्योंकि इस दिन ही संयुक्त रूप से दो पर्व एक साथ मनाए जा रहे हैं। पहली माघ पूर्णिमा और दूसरी रविदास जयंती। दोनों पर्व एक-दूसरे पूरक माने जाते हैं। समाज सुधारक संत रविदास के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लोग लेते हैं। माघ पूर्णिमा को ध्यान, स्नान, दान के लिए खास मानते हैं। आज के ही दिन अखंड भारत के महान संत रविदास का अवतरण भी हुआ था। वह स्वामी रामानंद के शिष्य और कबीरदास के गुरु भाई हैं। संत शिरोमणि रविदास भक्तिकाल के अग्रिम पंक्ति के कवि हैं। उन्हें महानतम मानुष की उपाधि भी प्राप्त थी। उनके परिवर्तनकारी उपदेशों ने समाज का भरपूर मार्गदर्शन किया। संत रविदास ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया। वह बिना भेदभाव किए आपसी सद्भाव पर जोर देते रहे। संत रविदास का एक प्रचलित दोहा %मन चंगा तो कठौती में गंगा% आज भी प्रसिद्ध है, जिसका भावार्थ होता है शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किए काम का अच्छा पुण्य-परिणाम मिलना। संत रविदास का जन्म चर्मकार कुल में हुआ था। वह जूते बनाने में बहुत माहिर थे। उन्होंने कभी जाति-धर्म में अंतर नहीं किया। जो भी संत या फकीर उनके द्वार पर आते थे, वह बिना पैसे लिए उन्हें अपने हाथों से निर्मित जूते भेंट करना नहीं भूलते थे। वह प्रत्येक काम पूरे मन और लगन से किया करते थे। फिर चाहे वह जूते बनाना हो या ईश्वर की साधना करना। संत रविदास का जैसे-जैसे बड़े हुए, उन्होंने अपना अधिकांश समय



भगवान राम और भगवान कृष्ण की पूजा में शुरू कर दिया। धार्मिक परंपराओं में उनकी लगनदेखकर लोग उन्हें भगवान की भांति पूजना भी शुरू कर दिया था। वह लोगों की बीमारी चुटकियों में दूर कर देते थे। महापुरुषों के संदेश और उपदेश घोर कलयुग में भी हम सभी के लिए संजीवनी जैसे हैं। संत रविवाद जैसे उपदेशकों की कमी समाज को खलती हैं। इस रिक्तता की वजह से ही सामाजिक सौहार्द का ताना-बाना चरमराया हुआ है। समाज को सही-गलत का भाव बताने वाला और प्रेरक उपदेश देने वाला अब कोई नहीं रहा। रविदास का जन्म विक्रम संवत 1376 में माघ मास की पूर्णिमा तिथि को हुआ था। इनके पिता का नाम संतोख दास और माता का कर्मा देवी था। इनकी धर्मपत्नी थी लोना दास और पुत्र का नाम श्रीविजयदास। लेकिन इनका मन गृहस्ती में नहीं रमता था। वह समाज सुधार की अलख जगाते थे। इनके पिता इन्हें घर के काम में लगाते थे, तो ये कहते थे कि मेरा सिर्फ यही घर नहीं है, पूरा जग मेरा परिवार है। घरवालों को कभी उनकी बातें अजीब सी लगती थीं। बाल्यकाल में जब उनके पिता एक संत के पास ले गए, तो उन्होंने देखकर ही बता दिया था, ये साधारण बालक नहीं है। इससे संत रविदास के पिता को आभास हुआ कि उनका बेटा वास्तव में कुछ और ही है। पिता ने उसी समय संकल्प ले लिया कि उनका बेटा युग सुधार के लिए ही जन्मा है। संत रविदास के जन्म को लेकर भी कई भ्रांतियां तर्क हैं। धार्मिक मान्यताएं हैं कि माघ पूर्णिमा को रविदास का जन्म हुआ। उस दिन रविवार था, जिसके कारण उनका नाम रविदास रखा गया। इन्हें रैदास, रूहिदास और रोहिदास जैसे नामों से भी जाना जाता था। इनके संत बनने की भी अद्भुत कहानियां हैं। संत रविदास का पूरा जीवनकाल 15वीं से 16वीं शताब्दी के बीच (1450 से 1520 तक) के मध्य माना गया है। पौराणिक मान्यता है कि बचपन से ही उनके पास अलौकिक शक्तियां मौजूद थीं। कुछ घटनाएं तो यह सिद्ध भी करती हैं कि वास्तव में वह कोई अवतरित भगवान ही थे। वो मात्र 11 वर्ष के थे तब अपने दोस्त को नया जीवन दिया था। पानी पर पत्थर को तैराना, कुष्ठ रोगियों को ठीक करने समेत उनके तमाम चमत्कारी किस्से लोगों को सोचने पर मजबूर करते थे। उन चमत्कारों को देखकर ही लोगों ने उन्हें भगवान का दूत मानना आरंभ कर दिया था। संत रविदास से संबंधित कई कहानी-किस्से हम बचपन से अपने बुजुर्गों से सुनते आए हैं। हमें उनके उपदेशों और प्रेरक बातों को अनुसरण करना चाहिए।

स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं।

# चुनाव के समय कांग्रेस सिर्फ पिकनिक मनाने आती हैः डॉ. दिनेश शर्मा

**●पूर्व डिप्टी सीएम ने सुजावलपुर में लगाई ग्राम चौपाल**
**●लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष सरोज तिवारी से की मुलाकात**




**बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राज्यसभा सांसद और यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा शुक्रवार को तंबौर क्षेत्र के सुजावलपुर गांव पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा में जमीन आसमान का अंतर है। कांग्रेस की मम्मी और बेटा-बेटी चुनाव के समय सिर्फ पिकनिक मनाने आते हैं। जबकि भाजपा के कार्यकर्ता 24 घंटे 365 दिन जनता की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश का काया कल्प कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सर्व समाज की हितैषी है और हर वर्ग के हित में योजनाओं का संचालन कर रही है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूचे विश्व में भारत को गौरवांवित किया है। देश की मोदी और यूपी की योगी सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचे। जिससे उसका जीवन स्तर खुशहाल हो सके। डॉ. शर्मा ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा करीब 400 से अधिक सीटे जीतेगी और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी और भाजपा की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों से अवगत कराया। इस दौरान माहौल हर हर मोदी और जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने लखनऊ विश्व विद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष सरोज तिवारी के आवास पर पहुंच कर मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. शर्मा ने सरोज तिवारी से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान सुधाकर मिश्रा, शिवाकांत त्रिवेदी, पप्पू सिंह, उमराज सिंह, ब्रजमोहन त्रिवेदी, मिश्री लाल तिवारी, उमेश तिवारी, सुरेश तिवारी, हर्ष तिवारी, बृजेश तिवारी, कमलेश यादव, ललित तिवारी, राम नरेश तिवारी, राहुल तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, पंकज आदि लोग मौजूद रहे।

## बिसवां में पूर्व डिप्टी सीएम का हुआ जोरदार स्वागत

**बिसवां-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राजधानी लखनऊ से सुजावलपुर जाते समय पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा का युवा भाजपा नेता दीपक शुक्ला व भाजपा नगर महामंत्री रोहित शुक्ला के नेतृत्व में बालाजी गैस एजेंसी पर जोरदार स्वागत हुआ। इस अवसर पर गौरांक शुक्ला, दीपक शुक्ला व रोहित शुक्ला ने पूर्व डिप्टी सीएम को फूल मालाओं से लाद दिया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. शर्मा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सरोज तिवारी के आवास पर आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान बार अध्यक्ष सुनील पांडेय, रवि अग्रवाल, मन्नू जैन, पंकज अग्रवाल, विशाल गुप्ता, पंकज गुप्ता, रोहित पांडेय, अमित सिंघल, आशुतोष मिश्रा, देवेंद्र मौर्या, धर्मेंद्र जायसवाल, आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त आवाज़

### भूमि विवाद को लेकर चले लाठी डंडे, पाँच घायल

**सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** थाना इलाके में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान पांच लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से दी गई तहरीर पर कार्रवाई करते हुए सात लोगों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। सकरन थाना क्षेत्र के ऊंचगांव निवासी रामकिशुन व दयाराम के बीच काफी दिनों से भूमि विवाद चल रहा था। जिसको लेकर शुक्रवार की सुबह दोनों पक्षों में गाली गलौज होने लगी। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे। मारपीट में रामकिशुन व उनके पुत्र रोहित, दयाराम व उनके पुत्र रमाकान्त तथा कृष्णाकान्त को चोटे आयी है। मामले को लेकर दयाराम ने रामकिशुन, रोहित, अजय व रामकिशुन ने दयाराम, कृष्णाकान्त, रमाकान्त, विनोद के विरूद्ध सकरन थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने दोनों ओर से मिली तहरीर के आधार पर सात लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सांडा भेज दिया है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया दोनों ओर से मिली तहरीरों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### नल में उतरे करंट से महिला झुलसी

**सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** नल में अचानक करंट उतरने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इलाज के लिए सीएचसी तंबौर में भर्ती कराया गया है। सकरन थाना क्षेत्र के सुमरावां गांव निवासी कुसमा देबी उम्र 45 वर्ष पत्नी सियाराम पटेल शुक्रवार की दोपहर घर के भीतर लगे नल पर स्नान कर रही थी। उसी नल में टुल्लू मोटर बंधा हुआ था। स्नान करते समय नल में उतरे करंट से कुसुमा गंभीर रूप से झुलस गयी। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी तम्बौर में भर्ती कराया है।

### तीसरे दिन भी आशा बहुओं ने किया धरना प्रदर्शन

**रामपुर मथुरा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशा बहुओं की कलमबंद हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा के प्रांगण में एकत्र एक सैकड़ा से अधिक आशा बहुओं ने नारे लगाते हुए शासन प्रशासन से मांग की कि उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाये। सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा कराया जाये। निश्चित मानदेय दिया जाये। आशा बहुओं को 18000 और आशा संगिनी को 24000 रुपये हर माह मानदेय के तौर पर दिये जाये। मृतक आश्रित आशा के परिवार के व्यक्ति को योग्यता के आधार पर नौकरी के लिए चयनित किया जाये। धरना प्रदर्शन के दौरान आशा बहुओं ने भजन गाकर भी शासन को जगाने का काम किया । इस अवसर पर आशा बहू कल्याण समिति की जिलाध्यक्ष राबिया बानो, ब्लॉक अध्यक्ष अमिता मिश्रा, जिला महामंत्री उषा वर्मा, ब्लॉक महामंत्री विजयलक्ष्मी, आशा संगिनी निर्जला मौर्य, नसीमुन, रेनू देवी, सुनीता वर्मा, उर्मिला यादव, पूनम देवी, रीता शुक्ला, रीता शर्मा, पुष्पा सोनी आदि मौजूद रही।

### गौवंशों के लिये हाईवे की खाक छानते रहे सचिव व सफाई कर्मी

**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के सीतापुर आगमन को लेकर शुक्रवार को कसमंडा ब्लॉक के सचिव व सफाई कर्मी नेशनल हाईवे की खाक छानते रहे। ऐसा इसलिए क्योंकि शासन प्रशासन के कड़े आदेशों निर्देशों के बाद आज भी जमीन पर छुट्टा पशु विचरण कर रहे है। यह जानवर कहीं हाईवे पर न दिखाई दे। विभागीय जानकारों की माने तो इसके लिए खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार शुक्ल ने गुरूवार को ही सभी की जिम्मेदारी तय कर दी थी। सिधौली की तरफ ब्लॉक की पूरनपुर सीमा से लेकर खैराबाद की तरफ गोन नदी पुल तक नेशनल हाईवे पर नोडल अधिकारी व प्रभारी न्याय पंचायत के रूप में सचिव दीप कुमार, बृजेश कुमार, अभय प्रताप दीपक, सुशील कुमार, नीतू वर्मा, सुधीर कुमार बाजपेई, बंदना भारती, विवेक अवस्थी, रश्मि यादव, कुलदीप कुमार, नीतू मिश्रा, गनेश कुमार, अंशिका, विवेक कुमार व सफाई कर्मी रामसहारे, पुष्पराज, वेद प्रकाश, लवलेश, निर्मल, रंजीत कुमार, राम सिंह, जगतपाल, शिवलाल, उजैर को हाईवे पर निराश्रित गोवंश न दिखाई दें यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

### सीओ ऑफिस भवन को लेकर भूमि चिन्हित करने के निर्देश



**सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने गुरूवार को रेउसा थाने का औचक निरीक्षण किया। वे ब्लॉक परिसर पहुंचे जहां उन्होंने सीओ उदयराज सिंह और प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम को सीओ सर्किल आफिस भवन निर्माण को लेकर थानगाँव और रेउसा क्षेत्र में भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक के आने से पहले ही रेउसा पुलिस चौराहे से लेकर थाने तक चप्पे चप्पे मुस्तैद दिखी। वहीं पुलिस कर्मी चौराहे सहित बिसवां व तम्बौर मार्ग पर माइक से एलान कर सड़क के किनारे खड़ी गाड़ियों को हटाने के लिये कसरत करते रहे।

### लालबाग से गोपाल घाट तक हटाया जाये अतिक्रमण

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने डीएम को ज्ञापन देकर हिंदू समाज के एक मात्र श्मशान स्थल गोपाल घाट जाने वाले मार्ग को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराये जाने की मांग की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू का कहना है कि लालबाग से घंटाघर होते हुए लोग श्मशान घाट पहुंचते हैं। मार्ग के दोनों तरफ दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानी होती है। उन्होंने मार्ग के दोनों ओर अवैध कब्जे हटा कर उसका चौड़ीकरण कराये जाने की मांग की है। विकास हिंदू ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के अंदर इस मार्ग पर अवैध कब्जे नहीं हटाये गये तो संगठन सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगा। इस दौरान प्रदीप हिंदू, विवेक हिंदू, शुभम, अतुल, संजय, भगवान शरण, पुनीत, अश्विनी, दिव्यांश, आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

# चंदन की लकड़ी लेकर आटो से भाग रहा था चोर, ग्रामीणों ने दबोचा

**●दो दिन पूर्व बाग में कटा था पेड़, आरोपी से पूछताछ में जुटी पुलिस**



**रामकोट-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** थाना इलाके में चंदन पेड़ चोर गिरोह सक्रिय है। दो दिन पूर्व बाग से चंदन का पेड़ चोरी करने के बाद बीती रात एक बार फिर शातिर चोर बाग से चंदन की लकड़ी काटकर उसे आटो में भरकर ले जा रहे थे। ग्रामीणों को भनक लगी तो घेरा बंदी कर ऑटो सवार शातिर चोर को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ग्रामीणों के हत्थे चढ़े शातिर से पूछताछ में जुटी है। बताते चलें कि रामकोट इलाके ग्राम माधवपुर निवासी अमित कुमार दीक्षित पुत्र विद्याधर का गांव के बाहर रोड के किनारे खेत है जहां बेशकीमती चंदन के तीन पेड़ लगे हुए हैं। अमित के मुताबिक तीन से चार दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने उनके खेत से चंदन का पेड़ उनके खेत से चंदन का पेड़ काटकर उसकी लकड़ी या चोरी कर ली थी। रात भी उनके खेत में कुछ लोग दिखाई दिये ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुँच कर देखा तो और चंदन का पेड़ काटकर उसकी लड़कियाँ ऑटो में भर रहे थे। अमित का कहना है की घेराबंदी कर किसी तरह एक कर चोर को आटो सहित पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है वहीं उसके अन्य साथी मौके से फरार हो लिए। पूछताछ के दौरान चोर ने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र श्री कृष्णा निवासी काशीराम कॉलोनी थाना रामकोट और अपने फरार साथी का नाम गोलू पुत्र कामता निवासी पंचमपुरवा थाना कोतवाली देहात बताया है।

# हार्ट अटैक से मधु इंडिया डेको के निदेशक बीपी सिंह का निधन



**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** अटरिया थाना क्षेत्र के हीरपुर स्थित मधु इंडिया डेको लिमिटेड के निदेशक बीपी सिंह का दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। बताते चलें कि निदेशक बीपी सिंह को अचानक बीपी की वजह से बेचैनी महसूस हुई। उनके तबीयत बिगड़ने लगी। दरी फैक्ट्री के कर्मचारियों ने आनन-फानन में बीपी सिंह को इलाज के लिए हिंद अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। इसी दौरान उनका निधन हो गया। अचानक मौत की सूचना पर क्षेत्र में गहरी शोक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर को परिजन वाराणसी ले गए। जहां शुक्रवार को उनके परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। उधर अचानक निधन की सूचना पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक मनीष रावत, ब्लॉक प्रमुख रामबक्श रावत, दरी फैक्ट्री के सुनील अवस्थी, समाजसेवी विकास मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, विनीत सिंह, मयंक सिंह चौहान, शैलेन्द्र यादव, हीरपुर प्रधान बीरु यादव, उत्तम कश्यप, अभिषेक शुक्ला, तेज़ प्रताप सिंह सहित फैक्ट्री में काम कर रहे श्रमिकों व नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे बीपी सिंह

**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** दरी फैक्ट्री हीरपुर के निदेशक बीपी सिंह हर दिल अजीज थे। उन्होंने कोरोना काल में तमाम असहाय लोगों को निःशुल्क भोजन कराने के साथ दर्जनों कन्याओं का विवाह भी कराया था। वे विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। बीपी सिंह ने विवेकानंद अस्पताल लखनऊ के अनुभवी चिकित्सकों को सप्ताह में बुधवार व शनिवार को हीरपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बुला कर मरीजों की आंखों का ऑपरेशन कराने के साथ अन्य बीमारियों का भी निःशुल्क इलाज कराते थे।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर बाइक सवार जख्मी

**सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** थाना क्षेत्र में बीती रात मेला देखकर वापस जा रहा बाइक सवार ट्राली से टकराकर घायल हो गया। पुलिस ने इलाज के लिए सीएचसी भेजा है। तम्बौर थाना क्षेत्र के सोहरिया गांव निवासी राकेश वर्मा उम्र 30 वर्ष गुरूवार को सकरन थाने के अम्बाई स्थित सिद्धबाबा मंदिर पर मेला देखने के लिए आया था। देर रात मेला देखकर वापस जाते समय मतुआ सकरन मार्ग पर धनपुरिया गांव में रोड के किनारे पंचर खडी गन्ने से भरी ट्राली में उसकी बाइक टकरा गयी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी सांडा में भर्ती कराया। जहां हालत गम्भीर देखते हुये डाक्टरों ने उसे केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया है।

## अमानक निर्माण कार्य की शिकायत से प्रधान बिफरे, ग्रामीण पर कराया हमला

**झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** विकास खण्ड परसेंडी के एक गांव में ग्राम प्रधान द्वारा नाली निर्माण कार्य मे पीला ईंट लगवाने का विरोध करना ग्रामीण को भारी पड़ा। प्रधान व उसके समर्थकों ने ग्रामीण पर जमकर पथराव किया। तालगांव कोतवाली क्षेत्र के गांव जानीपुर निवासी जरासिंध ने कोतवाली तालगांव मे प्रार्थना पत्र देकर कहा कि ग्राम प्रधान चेतराम पीड़ित के घर के सामने नाली निर्माण करा रहे थे। नाली निर्माण मे प्रधान द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था जिसका पीड़ित द्वारा विरोध करने पर प्रधान चेतराम व उनके समर्थक शिशुपाल, संजीव, विनय प्रकाश ने गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं उस पर ईंट पत्थर भी चलाये। पीड़ित का आरोप है की संजीव यादव ने अपनी लाइसेंसी बन्दूक दिखाकर डराने की भी कोशिश की।

# ब्लाक मातहतों ने सुनी समस्याएं, लोगों को बताई योजनाएं

**बसईडीह, कोकनामऊ में लगी ग्राम चौपाल**




**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कसमंडा इलाके की ग्राम पंचायत बसईडीह, कोकनामऊ में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद ग्रामीणों को ब्लाक मातहतों ने शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस बीच लोगों की समस्याओं को भी सुना गया। कई समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने अपनी बात रखी। बसईडीह में सचिव दीप कुमार ने चौपाल के मकसद को बताते हुए प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय जैसी केंद्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई। ग्रामीणों से कहा गया कि इन सभी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार तत्पर है। किसी कारणवश यदि इन योजनाओं का लाभ जिस किसी भी व्यक्ति को नहीं मिल पा रहा है। वह समय से संपर्क कर योजना का लाभ ले सकता है। इस मौके पर चौपाल में कृषि विभाग से सहायक विकास अधिकारी रामवीर सारस्वत, एडीओ सहकारिता आशुतोष धुर्वे, सचिव दीप कुमार, गनेश कुमार, प्रधान राजकुमारी, मिथिलेश कुमारी, प्रधान प्रतिनिधि प्रेम नरायन, रोजगार सेवक वीरेंद्र यादव, पंचायत सहायक राखी सिंह, सहित मोहित तिवारी, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# विकास कार्यों में प्रधान व सचिव ने मिल कर किया भारी गड़बड़झाला

**●ग्राम पंचायत सदस्य ने सतर्कता अधिष्ठान से की मामले की शिकायत**

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत गंगोय के एक ग्राम पंचायत सदस्य ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा ग्राम पंचायत में किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान से करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत गंगोय के ग्राम पंचायत सदस्य रामचन्द्र ने बताया कि उक्त वित्तीय वर्ष से लेकर अब तक ग्राम प्रधान गया प्रसाद थे। जबकि ग्राम पंचायत सचिव के रूप में अपने भ्रष्टाचार के लिए कुख्यात मोहम्मद उस्मान व सहायक विकास अधिकारी मनोज सिंह तैनात थे। ग्राम पंचायत में बरती गई अनियमितताओं की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि नियमानुसार पंचायत की छह स्थायी समितियों में से तीन में ग्राम प्रधान अध्यक्ष होते जबकि तीन अन्य में ग्राम पंचायत सदस्यों को सदस्य बनाया जाता है। ग्राम पंचायत गंगोय में ग्राम प्रधान को तीन के बजाय चार समितियों का सदस्य बनाया गया। उक्त वित्तीय वर्ष में उक्त लोगों द्वारा द्वारा ग्राम पंचायत को मिले अट्ठाइस लाख बासठ हजार छह सौ बयासी रूपयों में से लगभग बारह लाख रूपयों का गबन करने का आरोप लगाया है। इसी प्रकार उन्होंने शौचालय में भी व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बताया कि उनसे सादे कागज पर दस्तखत करवाने के लिए भी उपरोक्त लोगों द्वारा दबाव बनाया जाता था। ग्रामपंचायत सदस्य ने ग्रामपंचायत के विभिन्न विकास कार्यों की उच्चस्तरीय व्यापक जांच की मांग करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सचिव ने कम समय में बनाई अकूत संपत्ति

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** गौरतलब है कि इस मामले में आरोपित ग्राम पंचायत अधिकारी मो. उस्मान बहुत कम समय में अकूत सम्पत्ति बनाने के मामले में चर्चा में रहे हैं। उन पर अपने पैतृक गांव में तालाब की भूमि पर आलीशान तीन मंजिला इमारत बनाने का आरोप है। उनके विरूद्ध ग्रीन ट्रिब्यूलन में भी मामला लंबित बताया जाता है। उनके अबाई गांव के लोगों का कहना है कि वे पैसे के बल पर जांच रूकवा देते है।

# आशा बहुओं और संगिनियों ने माँगों को लेकर भरी हुंकार



**●आशा बहू कल्याण समिति के बैनर तले सीएचसी पर शुरू किया धरना**

**सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरूवार को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशा और संगिनी ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारी आशा और संगिनी का कहना है कि उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाये। संगिनी का मानदेय बढ़ा कर 24 हजार व आशा बहू का मानदेय 18 हजार किया जाये। आशा व संगिनी की मौत हो जाने पर उनके परिवार के किसी व्यक्ति को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाये। प्रोत्साहन राशि को हटा कर निश्चित मानदेय किया जाये। 50 लाख का बीमा भी दिया जाये। आशा बहू कल्याण समिति की ओर से प्रदेश व्यापी काम बंद हड़ताल के तहत क्षेत्र की आशा बहू व संगिनी अनिश्चितकालीन धरने पर है। रेउसा ब्लॉक अध्यक्ष रीना रस्तोगी ने बताया कि मांगों को लेकर बीते 20 फरवरी को अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा गया था। जिसके बाद से वे लोग धरने पर है।

### आशा और संगिनी ने माँगों को लेकर अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** आशाबहू एवं आशा संगिनियों ने महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा को विभिन्न मांगो को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से आशाबहुओं व आशा संगिनियों ने मांग की है कि प्रोत्साहन राशि को हटाकर उन्हें निश्चित मानदेय दिया जाए। आशा बहुओं को 18 हजार तथा आशा संगिनियो को 24 हजार मानदेय दिया जाये। मृतक आश्रित आशा, आशा संगिनियो के परिवार को योग्यता पूरी होने पर आशा संगिनी पद पर चयन किया जाये। 24 घंटे की सेवा देने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा कवर दिया जाये। उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिये जाने की मांग की गई। इस मौके पर आशाबहू सुमन मौर्या, विजय लक्ष्मी, किरण देवी, अनीता, नसीमुन, ममता वर्मा, अमृता मिश्रा, मीना शुक्ला सहित बड़ी संख्या में आशाबहू व संगिनी मौजूद रहीं।

# तीसरे दिन भी नहर से बरामद नहीं हो सका सुधाकर का शव

**●स्टीमर की मदद से शव की खोज में जुटी एसडीआरएफ टीम**
**●पुलिस ने अपहरण के मुख्य आरोपी और उसके साथी को भेजा जेल**



**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कोतवाली पुलिस ने छात्र सुधाकर यादव के अपहरण और उसे शारदा सहायक नहर में फेंक देने के मामले में मुख्य आरोपी और घटना में शामिल उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभी तक नहर में फेंके गये छात्र सुधाकर के शव को पुलिस बरामद नहीं कर सकी है। एसडीआरएफ की टीम लगातार शारदा सहायक नहर में स्टीमर की मदद से सुधाकर के शव की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के मोतीपुर चौराहे पर राजितराम वर्मा के मकान में किराए पर रहे रामपुरकलां के लखवापुर निवासी शिक्षक सुनील कुमार पुत्र भारत प्रसाद सिधौली ब्लाक के जुगराजपुर में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनका 15 वर्षीय बेटा सुधाकर यादव बीते मंगलवार की शाम दवा लेने की बात कह कर घर से निकला था। जिसके बाद से वह लापता है। लापता किशोर के पिता सुनील ने काफी खोजबीन के बाद बुधवार को लापता बेटे का अपहरण किए जाने की आशंका जताते हुए उसके एक सहपाठी को नामजद करते हुए कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्यारोपी व उसके साथियों से कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। नाबालिग मुख्यारोपी ने बताया कि अगस्त में उसका कालेज के ही सुधाकर से विवाद हुआ था जिसके चलते उसे 10 दिन के लिए विद्यालय से निष्कासित किया गया था और उसे मांफी भी मांगनी पड़ी थी। इसी से आक्रोशित होकर उसने 4152 गैंग के सरगना के नाबालिग भाई की मदद से सुधाकर को मारने की योजना बना डाली। योजना के मुताबिक 20 फरवरी की शाम करीब पांच बजे मुख्य आरोपी ने मोबाइल पर काल करके सुधाकर को चिकमंड़ी चौराहे पर बुलाया जहां वह अपने पिता की प्रधान लिखी बाइक पर मास्क लगाए मौजूद था। यहां से सुधाकर को लेकर मास्कधारी मुख्यारोपी पहले फतेहपुर गया और वहां चाट और पानी की बोतल के साथ शराब खरीदी और फिर वापस बाराबंकी के बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रहिलामऊ पुल के पास रमपुरवा गांव के सामने पहुंचे जहां पहले से 4152 गैंग के सरगना का छोटा भाई मौजूद था। यहां पर खाया-पिया और फिर मुख्यारोपी ने गैंग सरगना के भाई की मदद से हाथ-पैर पकड़कर शारदा सहायक नहर फेंक दिया। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दोनों नाबालिग किशोरों को शुक्रवार को जेल भेज दिया है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि दोनों आरोपितों को घटना को स्वीकार करने के आधार पर अपहरण के आरोप में जेल भेज दिया है।

# मिश्रिख में चुंगी चौकियों पर दबंगों का कब्जा

**●पार्किंग वसूली बंद होने से निष्प्रयोज्य हुई चुंगी चौकियां**

**मिश्रिख-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** पार्किंग वसूली बंद हो जाने से नगरपालिका की चुंगी चौकियां निष्प्रयोज्य हो गई है। जिम्मेदारों की देख-रेख के अभाव में यह चुंगी चौकियां अपना वजूद खोती जा रही है। बताते चले कि महर्षि दधीचि की पावन तपोभूमि व मिश्रिख नैमिषारण्य में नगर पालिका परिषद ने नगर की सभी सड़कों के किनारे पार्किंग वसूली के लिए बीते दिनों चुंगी चौकियों का निर्माण कराया था। कस्बा मिश्रित में तहसील चौराहा, नहर चौराहा, मछरेहटा तिराहा, परसौली चौराहा आदि जगहों पर चुंगी चौकियों का निर्माण हुआ था। नगर पालिका परिषद में तैनात जिम्मेदारों की मिली भगत से इन चुंगियों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। सड़क किनारे बेशकीमती भूमि पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। नगरपालिका परिषद मिश्रिख नैमिषारण्य कार्यालय से चन्द कदमों की दूरी पर स्थित मछरेहटा तिराहा के किनारे पेयजल व्यवस्था हेतु पानी की टंकी निर्मित कराई गई थी। इसी टंकी के पास रोड के किनारे पार्किंग टैक्स वसूली करने हेतु चुंगी चौकी का निर्माण कराया गया था। परन्तु पार्किंग वसूली बंद होने के कारण यह देख-रेख के अभाव में निष्प्रयोज्य हो गई थी। नगर के एक व्यक्ति द्वारा इस चुंगी का अस्तित्व समाप्त करके उसके चारों ओर टीन शेड लगाकर बेशकीमती भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। नगरपालिका की मिली भगत से उसके द्वारा टीन शेड के अंदर ही अंदर पक्की इमारत का अवैध निर्माण कराया जा रहा है। मोहल्ला सीताकुंड वार्ड नम्बर तीन के वर्तमान सभासद कमाल अहमद का आरोप है कि वह कई बार नगरपालिका में तैनात अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन से अवैध निर्माण कार्य रोकने हेतु शिकायत कर चुके है परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे उन्होंने जिलाधिकारी को मांमले का शिकायती पत्र देकर इस अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोकने व अवैध कब्जा करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी मिली है, जांच कराकर कार्रवाई की जायेगी।

# निष्क्रिय पंचायत भवन, शासन के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

**●तिहार सचिवालय की मरम्मत पर लाखों रूपया हो चुका व्यय, फिर भी भवन अनुपयोगी**
**●शासकीय धनराशि से खरीदी गयी सामग्री प्रधान के हवाले**



**इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** विकास के नाम पर ऐलिया विकास क्षेत्र काफी पिछड़ा चल रहा है। ऐसा भी नहीं कि शासकीय धन का अभाव हो। धन भी मिला लाखों खर्च भी हुआ, लेकिन प्रधान व सचिव की जोड़ी ने डकारने में कोई कसर नहीं छोड़ी। लेकिन विकास की निगरानी करने वाले लोगों ने सरकार की खुली छूट का फायदा उठाकर लोभवश ग्राम पंचायतों की विकास गति पर ध्यान नहीं दिया। जिसका हस्र यह है कि ज्यादातर ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन/ग्राम सचिवालय आज भी क्रियाशील नहीं हैं। जिसकी खबरें भी प्रकाशित होती रहती हैं। ऐसे जिम्मेदार यदि कहें कि उनकी जानकारी में नहीं है, तो सरासर बेमानी है। कुछ ऐसा ही हाल तिहार ग्राम पंचायत में वर्ष 2011 में बने ग्राम सचिवालय का है। इस सचिवालय की मरम्मत पर विगत वर्ष लाखों रूपये शासकीय धनराशि व्यय हो चुकी है। भवन में मात्र टाइल्स लगे तो दिख रहे हैं। भवन की खिड़कियों में शीशे की जगह फाइवर लगी दिख रही है। भवन के साथ बने शौंचालय झाड़ियों में कैद अपनी दुर्दशा बयां कर रहे हैं। गाँव के बगल बना उक्त सचिवालय ग्रामीणों के बैठने व सरकारी कार्य हेतु मुफीद तो है परन्तु प्रधान सचिव की जोड़ी सचिवालय के स्थान पर प्रधान का घर उचित समझते हैं। जहां पर सरकारी सिस्टम रखकर सचिव, प्रधान के अनुरूप पंचायत के विकास को गति दे रहा हैं। पंचायत भवन में न तो वायरिंग दिख रही है और न ही पेयजल की व्यवस्था है। हां एक कक्ष के कोने में तार व बोर्ड पड़ा दिख रहा है। अब सवाल उठता है कि सरकारी दावे धरातल पर क्यूं हवा हवाई हैं। मामले को लेकर ग्राम प्रधान अपना पक्ष रखते कतरा रहा है। सचिव भी कुछ कहने को तैयार नहीं है। एडीओ पंचायत के पास सिर्फ मौका देखने का बहाना है। जो पूर्व सचिव द्वारा किये गये गोल माल को उजागर करता दिख रहा है। पंचायत सहायक पूजा का कहना है कि पूर्व में गीतांजलि मैडम ने बैठने को कहा था। विजली पानी व सिस्टम न होने से प्रधान के घर पर बैठना मजबूरी है। प्रधान ने अपना अतिरिक एक कक्ष दे रखा है। वहीं से सारा कार्य करती हूँ।

# पानी की तरह रकम खर्च कर मौज उड़ा रहे जिम्मेदार

**●कसमंडा में नल मरम्मत, प्रशासनिक खर्च एवं दवा छिड़काव के नाम पर हो रहा खेल**



**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने का दावा करने वाली सूबे की योगी सरकार में भी स्थानीय नौकरशाह बेलगाम है। भ्रष्टाचारियों पर ऐतिहासिक कार्रवाई होने के बावजूद भी जनपद में हालात नहीं सुधरे है। मॉनिटरिंग करने वाले ब्लॉक के साहबों की सादगी कहे या फिर उनकी लापरवाही सरकारी रकम को मनमाने तरीके से खर्च किया जा रहा है। कसमंडा विकास क्षेत्र में पानी की तरह शासकीय रकम व्यय कर ग्राम पंचायत स्तर के जिम्मेदार मौज उड़ा रहे है। यहां पर एक नहीं बल्कि दूसरी ग्राम पंचायत में विभिन्न कामों के लिए खरीदी गई ठेलिया के बदले मार्केट रेट से ज्यादा सरकारी पैसा खर्च कर दिया गया है। गावों में विकास के लिए आई सरकारी रकम के अंश को जिम्मेदारों की तरफ से हजम करने का यह तरीका तो महज बानगी भर है। इसके अलावा नल मरम्मत, प्रशासनिक खर्च एवं गांव में बीमारियों से निपटने के एवज में भी अनेक ग्राम पंचायतो में हुआ व्यय तमाम सवालों के घेरे में है। इन कार्यों के पीछे बड़ा खेल खेला जा रहा है। हैरत की बात यह है जब मामले अखबारों की सुर्खियां बनने पर उच्चाधिकारी संज्ञान लेते है। तो ब्लॉक अधिकारी मेहरबान हो जाते है। जिससे ऐसा करने वाले प्रधान व सचिवों हौसले और बुलंद है।

### डीपीआरओ ने लिया संज्ञान, ब्लॉक अधिकारी बन गए मेहरबान

**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कसमंडा ब्लॉक की अंधना संधना ग्राम पंचायत में कुछ इसी तरह के कार्यों को लेकर स्पष्ट आवाज़ ने बीते दिसंबर माह में अनियमितता की ओर इशारा कर रही खर्च हुई रकम शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था। जानकारों की माने तो इस खबर का डीपीआरओ ने संज्ञान लिया था। जिला पंचायत राज अधिकारी ने ब्लाक पर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जानकारों का दावा था कि इस बाबत में एडीओ पंचायत ने संबंधित सचिव को कार्यों के सापेक्ष कराये गए सभी अभिलेख तीन दिवस में उपलब्ध कराने के लिए पत्र जारी कर दिया। लेकिन इसके बाद ब्लाक अधिकारी इस तरह मेहरबान हुए कि सब कुछ रफा दफा हो गया।

# मास्टरबाग में एकजुट किसानों ने सिस्टम पर उठाये सवाल




**●एसडीएम को संबोधित ज्ञापन इंस्पेक्टर को सौंपा**

**मास्टरबाग-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** इलाके में एकजुट किसानों ने शुक्रवार को सिस्टम पर गंभीर सवाल उठाए। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक टिकैत गुट के बैनर तले उन्होंने एसडीएम को संबोधित एक नौ सूत्रीय मांग पत्र कमलापुर इंस्पेक्टर कृष्ण बली सिंह को सौंपा। दर्जनों किसानों ने दिए हुए ज्ञापन में कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा में गर्भवती महिलाओं से प्रसव के नाम एक हजार की वसूली की जाती है। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर भी लाभार्थियों से पैसा लिया जा रहा है। भंडिया जाने वाले मार्ग से ढेवाही वंशीपुर संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य में मानकों की अनुदेखी की जा रही है। जसमंडा ए तथा बी गन्ना क्रय केन्द्रों पर जिम्मेदार किसानों के साथ घटतौली व दो से तीन सौ रुपए फसल उतराई ले रहे है। पांचपीर में खाद की दुकान पर किसानों से यूरिया एवं डीएपी की बोरी पर अधिक पैसे लेने की बात सामने आ रही है। किसानों ने दिए हुए ज्ञापन में कहा कि जोडौरा ग्राम पंचायत में गौशाला का निर्माण करवाया जाना अति आवश्यक है। संगठन की पदाधिकारी उर्मिला मौर्य ने कसमंडा अस्पताल के स्टाफ पर गंभीर आरोप जड़े। उन्होंने कहा तैनात नर्सो के द्वारा महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए उनसे वसूली की जाती है। गन्ना क्रय केंद्र पर एक ट्राली का वजन कराया गया तो दो कुंटल का हेरफेर निकला।जिलाध्यक्ष रामदास यादव समेत अन्य पदाधिकारियों व दर्जनों किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मास्टरबाग में करीब तीन घंटे धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

## संक्षिप्त समाचार

### 103 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**अमेठी।** जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को रानी सागर,आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4,तिलोई, सतीश चंद्र आबकारी निरीक्षक क्षेत्र,2अमेठी मय हमराह स्टाफश्री सुबोध कुमार,रामनाथ मौर्या,कौशल सिंह,मनोज कुमार सभी प्रधान आबकारी सिपाही/आबकारी सिपाही मय संविदा वाहन के साथ ग्राम हतवा,मवई आलमपुर,बहादुरपुर,सेमरौता थाना जायस,शिवरतनगंज में दबिश देकर करीब 103 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 150 कि.ग्रा. लहन मौके पर नष्ट कर 3 मुकदमें पंजीकृत किये गये साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया। किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण, संचय अथवा बिक्री की सूचना टोल फ्री, हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गयी।

### सर्विलांस टीम ने बरामद किए चोरी के 188 मोबाइल



**अमेठी।** एसपी डॉ इलामारन जी के निर्देशन में जिले की सर्विलांस टीम ने बीते साल जिले में गायब हुए विभिन्न कम्पनी के 188 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया। बरामद किए गए मोबाइलों को शुक्रवार को उनके मालिकों के सुपुर्द किया गया। बरामद हुए मोबाइल फोन की कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई गई है। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी डॉ इलामारन जी ने बताया कि सर्विलास की टीम ने बीते एक वर्ष के भीतर गायब हुए 188 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइल की बाजार में कीमत लगभग तीस लाख रूपये है। सभी बरामद मोबाइल को उनके स्वामित्व के व्यक्तियों के सुपुर्द किया गया है। अपने खोए हुए मोबाइल फोन को प्राप्त कर मोबाइल फोन के मालिकों के चेहरे खुशी से खिल गये।फोन मालिकों ने अपने खोए हुए फोन को प्राप्त कर अमेठी पुलिस को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### क्षेत्रीय अवर अभियंता द्वारा की गई सड़क की जांच



**मुसाफिरखाना।** क्षेत्र के जमुवारी गांव की एक सड़क के डामरीकरण के लिए दिए गए प्रार्थनापत्र पर सड़क की अनुमानित लागत तय करने के लिए क्षेत्रीय अवर अभियंता द्वारा मौके पर जाकर जांच की गई। गौरतलब है कि जमुवारी निवासी चंदन सिंह ने जमुवारी सम्पर्क मार्ग से मत्स्य पालन नर्सरी को जोड़ते हुये पूरे चांद तक जाने वाले सम्पर्क मार्ग के पिच रोड करने की मांग करते हुए ऑनलाइन प्रार्थना पत्र दिया था। जिसकी जांच के लिए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के निर्देश पर क्षेत्रीय अवर अभियंता ने मौके पर जाकर जांच करते हुए जांच आख्या प्रेषित की है। प्रेषित जांच आख्या के अनुसार 700 मीटर लंबी ईंट सोलिंग सड़क के पिच किये जब पर लगभग 28 लाख की अनुमानित लागत आएगी। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के अनुसार मार्ग के निर्माण कराये जाने हेतु नियमानुसार जिला पंचायत, अमेठी बोर्ड की आगामी बैठक में प्रस्ताव रखा जायेगा। प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात धनराशि की उपलब्धता होने पर उपरोक्त कार्य कराये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### धनंजय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा यशोदा देवी कालेज को मिली पुस्तकें



**अमेठी।** विकास खंड नौगिरवा में स्थित श्रीमती यशोदा देवी बालिका इंटर कोलेज 9वीं से 12वीं तक छात्राओ के लिए सभी विषयों की लगभग 300 किताबें उपलब्ध करायी गई.इस मौके पर श्री धनंजय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट संस्था के अध्यक्ष आदित्यनाथ मिश्र ,ने कहा कि यह कार्यक्रम स्वर्गीय रामपाल मिश्र प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है विशिष्ट अतिथि संस्था के उपाध्यक्ष प्रणव मिश्र ने कहा कि वर्तमान समय में लाइब्रेरी को सबसे बढ़िया विकल्प मानते है. जहां छात्र विद्यार्थी एकांत में बिना किसी परेशानी के आराम से पढ़ सकते है. कुछ छात्र ऐसे भी होते हैं, जो अपने परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर रहने के कारण पुस्तकें खरीद पाना मुश्किल होता जरूरतमंद और सभी छात्राओं के लिए पुस्तकालय एक बेहतर और पढ़ाई के लिए मददगार स्थान साबित हो सकता है.ट्रस्टी दिग्विजय मिश्र, सचिव श्रीमती अर्पिता ट्रस्टी श्रीमती शची , प्रभाकर ट्रस्टी दिवाकर, हर्ष आदि लोग मौजूद रहे कालेज की प्राचार्या श्रीमती सिंह ने कहा कि यह कदम बढ़ा सराहनीय है इस मौके पर कालेज के समस्त स्टाफ की तरफ़ से धन्यवाद किया गया।

### प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के तहत दो दिवसीय बालीबाल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**मोहम्मदी-खीरी, (स्पष्ट आवाज)।** क्षेत्र के गांव राजापुर बैनी में प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के तहत आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप और विशिष्ट अतिथि नपाप अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया ने संयुक्त रूप से विधिवत शुभारंभ किया जिसमें विदेशी टीम ने भी हिस्सा लिया है। शुक्रवार को गांव राजापुर बैनी में स्वर्गीय रोहन सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया। पहले दिन 10 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें स्पोर्ट हॉस्टल अयोध्या, नेपाल, स्पोर्ट कॉलेज गोरखपुर, राजपूत रेजीमेंट उत्तराखंड, प्रयागराज हॉस्टल, प्रयागराज एनसीआर, मैनपुरी, आजमगढ़ ग्वालियर की टीमों ने हिस्सा लिया है। पहला मैच प्रयागराज हॉस्टल और मैनपुरी के बीच खेला गया जिसमें मैनपुरी टीम विजेता रही। दूसरा मैच गोरखपुर और रेजीमेंट उत्तराखंड के बीच खेला गया जिसमें उत्तराखंड की टीम विजेता बनी। मैच में रेफरी दिलीप बाजपेई और इरफान मलिक रहे। वही कमेंट्री अनवर सिद्दीकी सच्चिदानंद दीक्षित और दिनेश सिंह ने की। इस मौके पर बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह आयोजक वैभव प्रताप सिंह समेत तमाम दर्शक गण मौजूद रहे। फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा।

### युवा किसान की हत्या भाजपा के ताबूत की अंतिम कील: निर्भय

**प्रतापगढ़।** खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान की हरियाणा पुलिस द्वारा नृशंस हत्या के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन के संयुक्त आवाहन पर संयुक्त किसान मोर्चा प्रतापगढ़ द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा। उक्त माँग पत्र में एमएसपी गारंटी कानून बनाने, विद्युत संशोधन अधिनियम2020 रद्द किये जाने, हरियाणा सरकार की दमनकारी नीति पर रोक लगाने, मृतक किसान को शहीद घोषित करते हुए 2 करोड़ मुआवजा और परिजनों को नौकरी, किसानों की कर्जमाफी और दस हजार पेंशन, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी की बर्खास्तगी और कृषि क्षेत्र के कॉरपोरेटीकरण पर रोक लगाने सम्बन्धित मुददे रहे। निर्भय प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार पूजीपतियों के दबाव में कृषि क्षेत्र को कॉर्पोरेट जगत को सौंपने की कोशिश कर रही है जिससे खेती और उपज पर किसानों का अधिकार खत्म हो जाएगा ,देश का किसान केंद्र सरकार की इस मंशा को समझ गया है इसलिए दूसरी बार दिल्ली बॉर्डर पर इकत्र हो रहा है। सरकार इस आंदोलन से बेहद डरी हुई है भाजपा सरकार किसान विरोधी है। हरियाणा सरकार की पुलिस द्वारा किसानों पर चलायी जा रही पैलेट गन, आँसू बम, राइफल की गोलियां इसी का प्रमाण है। शहीद किसान शुभकरन सिंह की नृशंस हत्या भाजपा सरकार की ताबूत का अंतिम कील साबित होगी। एमएसपी गारण्टी कानून किसानों का अधिकार है इससे कम किसानों को कुछ भी स्वीकार नही है। इस अवसर पर राम बरन सिंह, आरडी यादव, विनोद मिश्र, सीपी शुक्ल, राजेन्द्र कुमार, राम लौट निगम, राम स्वरूप पाल, आलोक सिंह, संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रामभक्ति से राष्ट्रभक्ति संगोष्ठी का आयोजन संपन्न



**डुमरियागज /सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** 23 फरवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (गोरक्ष प्रांत) द्वारा बांसी स्थिति एक मैरेज हाल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराह्न 10.30 से आयोजित संगोष्ठी की शुरुआत गणगीत से प्रारंभ किया गया।मंच पर 11.43 पर आए प्रांत प्रचारक जी ने भगवान राम और भारत माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर वंदन किया। 11.45 से अपने उद्बोधन में कहा कि कुछ प्रश्नों के माध्यम से श्री राम मंदिर दर्शन से वापस आने वाले अपने अनुभव के बारे में बताएं ।प्रश्न में कहा कि भगवान राम के दर्शन में आपने क्या महसूस किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि रोमांचित होकर आखों से आंसू निकलने लगा। दिव्य शक्ति की अनुभूति,दिव्य अलौकिक शक्ति और अपने आपको धन्य माना,एकटक निहारना, आदि विचार आया।दूसरे प्रश्न में अक्षत वितरण व कलश यात्रा आदि की प्रतिक्रिया और अनुभव अनुभूति के प्रसंग पर कार्यकर्ताओं ने समाज के श्रृद्धा और विश्वास का अनुभव सुनाया। प्रांत प्रचारक सुभाष जी ने कहा कि 01 जनवरी से 15 जनवरी तक व्यापक जन संपर्क चला,हर घर में भगवान की पताका लहराने लगा। 22 जनवरी को पूरे देश ने देखा कि विभिन्न पंथों और लगभग सभी क्षेत्रों से आए हुए गणमान्य लोग अयोध्या जी में उपस्थित थे।12.29 पर जिस समय श्रीराम जी का प्राण प्रतिष्ठा किया गया उस समय टीवी देख रहे लोगों की प्रतिक्रिया में उपस्थित लोगों द्वारा अपने भाव विह्वल अनुभवों को बताया। उन्होंने कहा कि पहला कार्यक्रम था जिसमें कोई विरोध नहीं था,राम भक्ति को आगे ले जाना है राष्ट्र भक्ति तक । अयोध्या सनातन धर्म का केंद्र है। भगवान राम भारत भूमि की आत्मा हैं। मनुष्यों के नायक, ऋषियों के उद्धारक राम हैं।गुणों का समुच्चय ही सदासहिता होता है। कई प्रसंगों और दृष्टांतों का वर्णन करके उन्होंने राम नाम से अर्जित किए गए उर्जा को राष्ट्र के लिए लगाने का आह्वान किया। 12.55 तक चले संगोष्ठी का समापन उपस्थित लोगों द्वारा आरती करके किया गया।कार्यक्रम का संचालन मोहित जी ने किया । संगोष्ठी में विभाग संघचालक रामचंद्र मुंशी जी, सभाजीत धर द्विवेदी जी,शिव मूर्ति जी,जिला प्रचारक अजीत जी, विद्यार्थी विस्तार राहुल जी सतीश चंद्र द्विवेदी, नरेंद्र त्रिपाठी, राकेश दूबे,अशोक अग्रहरि वेद प्रकाश पाण्डेय, सोनू, अनुपमा सिंह ,जोगी बाबा,अशोक श्रीवास्तव, सुरेंद्र जी परमात्मा पांडे अमय पांडे निखिल सिंह उद्धव सिंह मंगल चौरसिया जोगी बाबा भूपेंद्र सिंह केपी सिंहके अलावा बड़ी संख्या मे अनुषांगिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं के विकास को लेकर सेमिनार आयोजित

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पखवाड़े के रूप में चल रहे अभियान के क्रम में एक कार्यक्रम प्रतापगढ़ जनपद के चिलबिला स्थित पंडित सुखराज रघुनाथी इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजूकेशन एंड टेक्नोलॉजी के प्रांगण में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम विश्व युवक केंद्र दिल्ली और समभाव फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.विकास त्रिपाठी (उप मुख्य चिकित्साधिकारी) रहे। डॉ विकास त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं में निवेश करना प्रगति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने से समाज में समानता और सहायकता का वातावरण बनता है। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने का मौका देने से उनकी साक्षमता और स्वावलंबन क्षमता में वृद्धि होती है। इससे न केवल उनका आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलती है, बल्कि समाज के विकास में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। विद्यालय के प्रबंधक चंद्रकांत त्रिपाठी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एक समाजिक प्रक्रिया है जो महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वतंत्रता, सामाजिक समानता, और स्वावलंबन की दिशा में समर्थ बनाती है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, और सांस्कृतिक पहचान के लिए अधिक आत्मनिर्भर बनाना है। महिला सशक्तिकरण उन्हें शिक्षा, रोजगार, और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। इसके माध्यम से, महिलाएं समाज में सक्रिय भागीदारी करती हैं और समाज के विकास में अहम योगदान देती हैं। सशक्त महिलाएं न केवल अपने परिवार और समाज में अधिक सकारात्मक रूप से योगदान करती हैं, बल्कि उन्हें अपने जीवन की निर्माण में भी सक्षम बनाता है।

## मनाई गई मौलाना आजाद की पुण्यतिथि



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** राजकीय डिग्री कॉलेज डुमरियागंज में शुक्रवार को देश के प्रथम शिक्षा मंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लेखक एवं देशभक्त मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नमन किया। राजकीय महाविद्यालय में इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन एवं संघर्ष के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि मौलाना आजाद ने एक विद्वान, स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में सेवा दी। उन्होंने अलहिलाल एवं अलविलाग नामक समाचार पत्र को निकाला। इंडिया विन्स फ्रीडम जैसी पुस्तकों की रचना की। मौलाना आजाद ने भारत विभाजन का हमेशा विरोध किया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा की हमेशा वकालत की। इस मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र प्रसाद, डॉ. अमरनाथ, डॉ. चन्द्रकान्त मिश्रा, अजय कुमार, डॉ. शफीकुर्रहमान, डॉ. मालिक राम वर्मा, महेश कुमार गुप्ता एवं अनिल कुमार यादव साहित भारी संख्या में महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया निपुण विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान



**सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में से निपुण घोषित 44 विद्यालय के शिक्षकों का शुक्रवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया। साथ ही अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करन? वाले विद्यालय के शिक्षकों को भविष्य में बेहतर करन? के लिए प्रेरित किया।लोहिया कला भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षा देना चुनौतीपूर्ण होता है।जब शिक्षक बच्चों के साथ अपनापन की भावना के साथ शिक्षण कार्य करता है तो आनंददायक लगता है।जिलाधिकारी ने शिक्षकों में उत्साह भरते हुए कहा कि सभी शिक्षक अपनी विशिष्ट योग्यता के आधार पर ही शिक्षक बने हैं।वे चुनौती को स्वीकार करते हुए इस विश्वास के साथ बच्चों को निपुण बनाएं कि वे ही इस कार्य को कर सकते हैं।सीडीओ ने कहा कि निपुण न हो पाने वाले विद्यालय के शिक्षक निपुण विद्यालयों से प्रेरणा लेकर नए उत्साह के साथ मिशन मोड में जुट जाएं।बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बीते दिसंबर माह में जनपद के सभी 1267 प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का डायट से रैंडम आवंटित डीएलएड प्रशिक्षुओं के माध्यम से आनलाइन परीक्षा कराई गई थी।इसमें से 44 विद्यालय में 80 प्रतिशत छात्र निपुण लक्ष्य को पूरा किए थे। इस आधार पर इन्हें निपुण घोषित किया गया है।बीएसए ने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षकों के मेहनत के दम पर अगले परीक्षण में बड़ी संख्या में विद्यालय निपुण घोषित होंगे। इस कार्यक्रम में समस्त जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी व बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।शिक्षक निपुण विद्यालय में बांसी अव्वल तो बर्डपुर फिसड्डी रहा।बांसी में सबसे अधिक नौ विद्यालय निपुण घोषित हुए हैं जबकि उस्का बाजार व भनवापुर में आठ-आठ विद्यालय निपुण हूर हैं। शोहरतगढ़,इटवा व खुनियांव में तीन-तीन,खेसरहा,मिठवल व लोटन में दो-दो,जोगिया, डुमरियागंज,बढ़नी और नौगढ़ में एक-एक विद्यालय निपुण हुए हैं।जबकि बर्डपुर में कोई विद्यालय निपुण नहीं हो सका है।

## प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करना है लक्ष्यः श्यामधनी राही



**सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।** उसका बाजार खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान,वार्ड सभासद,एस.एम.सी.अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन भव्यता के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उसका बाजार अध्यक्ष हेमन्त कुमार जायसवाल खण्ड विकास अधिकारी अनिशि मणि पाण्डेय रहे। कार्यक्रम का संचालन ए.आर.पी.गुलाम जिलानी ने किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण,दीप प्रज्ज्वलन के साथ कम्पोजिट विद्यालय उसका बाजार की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना से हुआ।कम्पोजिट विद्यालय परसा खुर्द की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों,ग्राम प्रधान, एस.एम.सी.अध्यक्ष,अधिकारियों,ए.आर.पी.,अतिथियों,शिक्षक,शिक्षकाओं,अभिभावकों व बच्चों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दिया।एकेडमिक रिसोर्स पर्सन गुलाम जिलानी ने मंच संचालन किया।ए.आर.पी. सुभाष चन्द्र ने आपरेशन कायाकल्प तथा विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य व दायित्व को समझाया ए.आर.पी. रामसेवक प्रसाद गुप्ता ने डी.बी.टी. के बारे में जानकारी दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य तेजी से हो रहा है इसमें सभी ग्राम प्रधान सहयोग कर रहे हैं।उन्होंने कहा की सभी अभिभावक डीबीटी के पैसे का सही उपयोग करें और अपने बच्चों को ड्रेस बैग जूता मोजा स्वेटर और स्टेशनरी जरूर खरीद करके दें।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पारदर्शी व्यवस्था पर यकीन करती है यह पैसा डीबीटी के माध्यम से सीधे अभिभावकों के खाते में जाता है जिससे वह अपने अनुसार ड्रेस बैग जूता मोजा स्वेटर स्टेशनरी खरीद सकें।उन्होंने प्रधानाध्यापक,ग्राम प्रधान एस.एम.सी.अध्यक्ष और उपस्थित सभी लोगों को आह्वान किया कि निपुण भारत मिशन के इस अभियान में सभी लोग अपना शत प्रतिशत योगदान दीजिए और मिशन को सफल बनाइये।हेमंत जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा और स्वास्थ्य से वंचित न रहे।इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय सियरापार के छात्रों व शिक्षकों द्वारा लगाया गया टी.एल.एम. विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।कार्यक्रम को खण्ड विकास अधिकारी अनिशि मणि पाण्डेय जी ने भी सम्बोधित किया तथा विद्यालय में विकास कार्यों की गति और तेज करने की बात कही।इस अवसर पर रामनिवास यादव,श्रीश प्रताप यादव,घनश्याम राय,मनोज कुमार, हरिशंकर सिंह, रूपेश सिंह, शिवाकांत दूबे,शिव प्रकाश शुक्ल,गुलाब चन्द्र,अजीजुर्रहमान, बालमुकुंद,अब्दुस्सबूर अंसारी,जरीना बेगम शाह,मनोज कुमार,सावित्री पाण्डेय,सुमन धुलिया,शब्बीर अहमद सहित शिक्षक शिक्षिका,ग्राम प्रधान,एस.एम.सी.अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन



*डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज।* डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत भारत भारी स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय व कबीर सेवा संस्थान बस्ती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुक्रवार को समापन हो गया। जिसमें कबीर सेवा संस्थान के को-ऑर्डिनेटर मेंहदी हसन ने बताया कि ऐसे आयोजन करने का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रूचि एवं ज्ञान अर्जित करना है। विज्ञान प्रदर्शनी के तीसरे दिन को-ऑर्डिनेटर मेंहदी हसन द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं से विज्ञान से संबंधित प्रश्नोतरी की गई। जिसका विद्यालय के बच्चों द्वारा समुचित उत्तर दिया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित कर उसका उपयोग दैनिक जीवन में करने, प्रकाश संश्लेषण, रेशम कीट से कोकून प्राप्त करने, सेव वाटर सेव लाइफ आदि विषयों से संबंधित पोस्टर बनाये। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि सभासद आकाश पाण्डेय द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल एवं मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रागिनी, अनीशा सोनी, जमुना, प्रिंस, आयुष, देवांश, सुमैया आदि बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में को-ऑर्डिनेटर मेंहदी हसन द्वारा मुख्य अतिथि सभासद आकाश पाण्डेय एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग, मिसाइल्स ऑफ इंडिया, सोलर सिस्टम, इलेक्ट्रिक बस, ग्लोब आदि प्रोजेक्ट बनाया गया। इस मौके पर मोहम्मद नदीम ने कहा कि इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा और बच्चों में विज्ञान के प्रति उत्सुकता बढ़ेगी। विज्ञान प्रदर्शनी में मंच संचालन का कार्य सहायक अध्यापक इश्तियाक अहमद एवं विकास मद्धेशिया ने किया। इस अवसर पर तनवीर अहमद, अजय कुमार उपाध्याय, विश्वदेव चौधरी, रामेन्द्र मणि त्रिपाठी केशरी मिश्रा, नीतू शुक्ला आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# लखीमपुर का सीडीपीओ है या यूपी का लाट गवर्नर

- भरी बैठक में महिला कार्यकत्री के साथ अभद्र आचरण कर किया बेइज्जत
- मोबाइल छीना धक्का देकर जमीन पर पटका, महिला कर्मचारी बेहोश
- सुविधा शुल्क न देने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से नाराज थे सीडीपीओ

**लखीमपुर (स्पष्ट आवाज़)।** जिस क्षेत्र की सांसद महिला हो वहां की महिला कर्मचारियों के साथ भरी बैठक में हुए अमर्यादित आचरण वाकई में शर्मनाक है। महिला कर्मचारी को बैठक में बेइज्जत कर उसका मोबाइल छीन कर धक्का देकर जमीन में पटकने वाले धौरहरा के सीडीपीओ खुद को लाट गवर्नर समझ बैठे। उन्होंने मर्यादाएं लाघते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ अमर्यादित आचरण किया। इतना सब कुछ होने के बाद भी स्थानीय प्रशासन पीड़ित महिला कर्मी को न्याय नहीं दिला पा रहा है। बेबस लाचार महिला कर्मी अपने पिता के साथ न्याय पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रही है। सीडीपीओ ने उसका पांच माह से वेतन रोक दिया है। समूचे जिले में सीडीपीओ के इस आचरण की खूब चर्चा हो रही है।मामला भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा के संसदीय क्षेत्र का है, तहसील क्षेत्र धौरहरा में बीते दिनों बेलाहार की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डाली अवस्थी से धौरहरा सीडीपीओ सुजीत कुमार सिंह ने सुविधा शुल्क न मिलने के कारण मीटिंग के दौरान अभद्र व्यवहार करते हुए नौकरी से निकाल देने तक की धमकी दे डाली। जब डाली ने अपने घर फोन करने के लिए मोबाइल उठाया तो सीडीपीओ साहब ने उसके हाथ से मोबाइल छीन कर फेंक दिया उसी हाथा पाई में डाली जमीन पर गिर पड़ी और बेहोश हो गई उसकी हालत बेहद बिगड़ गई भरी मीटिंग में उपस्थित अन्य महिला आगनबाड़ियो ने किसी तरह से उठाकर उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां काफी इलाज के बाद उसे होश आया। डाली ने अपने पिता के साथ कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई।सीडीपीओ का महिला कर्मचारी के साथ ऐसा व्यवहार क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

सीडीपीओ ने सुविधाशुल्क न मिलने से नाराज होकर लगभग 6 माह से वेतन रोक रखा है बिना वेतन के महिला कर्मचारी कैसे गुजारा कर रही होगी ये भी विचारणीय है।

## 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** भारत नेपाल के गौरीफंटा बॉर्डर पर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। भारत नेपाल बॉर्डर पर तस्करी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इलेक्ट्रॉनिक पाट्र्स से लेकर खाद्य सामग्री हो या मादक पदार्थ लगातार बॉर्डर के रास्ते माल की तस्करी की जाती रहती है। इतना ही नहीं पुलिस व एसएसबी के जवान समय-समय पर माल के साथ आरोपियों को भी गिरफ्तार करते रहते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बॉर्डर पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपों के पास से तलाशी के दौरान 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राजेश गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता निवासी मोहल्ला रंगरेजान एक का होना बताया है। ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की गई है।

## प्राथमिक विद्यालय में झाड़ू लगाते बच्चों का वीडियो वायरल



**मोहम्मदी खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव खेतहरा के प्राथमिक विद्यालय में नौनिहालों द्वारा सफाई करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसडीएम ने मामले में संज्ञान लेते हुए बी ओ को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।गांव खेतहरा के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने आए ननिहालों से तैनात अध्यापकों द्वारा खड़े होकर साफ सफाई कराने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा जिसके चलते लोगों ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च अधिकारी को दूरभाष पर शिकायत दर्ज कराई है। विद्यालय में पढ़ाई के समय

- एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को दिया जांच के आदेश

बच्चों से शारीरिक परिश्रम कराने को लेकर अभिभावकों ने एसडीएम डॉ अवनीश कुमार को शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मामले पर संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को जांच कर दोषी अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करने के निर्देश दिए हैं।

घटना पर जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया अध्यापक और बच्चे मिलकर टॉयलेट की भी साफ सफाई कर सकते हैं। फिर भी जांच कराई जा रही है।

### होमगार्ड्स आपदा मित्र प्रशिक्षण अच्छे से करें:डीएम

प्रतापगढ़। जनपद से 86 होमगार्ड्स जिसमें 80 पुरूषों एवं 06 महिलाओं को 12 दिवसीय होमगार्ड्स आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ के लिये डीएम संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पुलिस लाइन परिसर के टीन शेड सभागार में जिलाधिकारी ने होमगार्ड्स को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण को अच्छी तरीके से प्राप्त करें और उसमें दक्ष हो एवं उसका भरपूर प्रयोग करें।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर

पत्रांक : 2253/न0पा0परि0/वर्ष 2023-24 दिनांक : 23/02/2024

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य में पंजीकृत ठेकेदारों/समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है, शासन के पत्र सं0-47/2023/2632/006-9-7002-002-1-2023 नगर विकास अनुभाग-7 लखनऊ दिनॉक 30 नवम्बर 2023 द्वारा नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य को वित्तीय वर्ष 2023-24 में कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत नगर निकायों में कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से कान्हा गौशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे लिखित विवरण अनुसार अल्पकालिक ई-प्रक्योरमेन्ट निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं -

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 24-02-2024 (10:00AM) |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 24-02-2024 (10:00AM) |
| 3 | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 24-02-2024 (11:00AM) |
| 4 | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04-03-2024 (11:00AM) |
| 5 | ई-निविदा खोले जाने की तिथि/समय | 04-03-2024 (12:00AM) |

नियम व शर्ते तथा कार्य का विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा एवं वांछित अभिलेख स्कैन कर निविदा के साथ http://etender.up.nic.in पर अपलोड किया जाना तथा निविदा खुलने के पूर्व समस्त वांछित अभिलेख लिफाफा में भरकर कार्यालय नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर में जमा करना अनिवार्य होगा।

**(लालचन्द मौर्य)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर**

**(मुन्नी देवी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद मिश्रित-नैमिषारण्य, सीतापुर**

# डीएम को पाकर अपने द्वार, लखपति दीदी का सपना हुआ साकार

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह को विभिन्न माध्यमों से यह ज्ञात हुआ था कि विकास खण्ड जलालपुर के गौसपुर ककरहिया ग्राम की रीतादेवी के नेतृत्व में सरसवती आजीविका समूह की महिलाओं द्वारा समूह के सीसीएल एवं सीआईएफ की धनराशि से कपड़ों की सिलाई का कार्य सफलता पूर्वक प्रारम्भ करते हुए प्रतिदिन 5000 से अधिक के लोवर, टीशर्ट, बच्चों एवं महिलाओं के वस्त्र तैयार किये जा रहे है। जिलाधिकारी द्वारा उनका मनोबल बढ़ाने के लिए पूरे प्रशासनिक अमले के साथ रीता देवी के घर पहुँच गये। जहाँ समूह की महिलाएँ सिलाई का कार्य कर रही थीं। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर महिलाओं के आश्चर्य एवं हर्ष की सीमा न रही। जिलाधिकारी ने समूह की समस्त महिलाओं से सीधे वार्तालाप किया। समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि मुख्यमन्त्री जी एवं प्रधानमन्त्री जी की विराट सोच का यह परिणाम है कि हम महिलाएँ भी स्वावलम्बी हो रही



है। जिलाधिकारी द्वारा महिलाओं के यह बताने पर कि स्थान एवं संसाधन कम होने के कारण अन्य महिलाओं को इससे जोड़ा नहीं जा पा रहा है। जिससे मॉग के सापेक्ष आपूर्ति कम है, जिलाधिकारी ने अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिये कि उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए क्रिटिकल फन्ड की धनराशि से यहाँ पर एक सिलाई सेन्टर कम बारात घर का निर्माण कराया जाय। इस बरात घर की आय को समूह की महिलाओं द्वारा इसके रख-रखाव में खर्च किया जायेगा। यह सुनते ही महिलाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि यह समूह लखपति दीदी के क्लब से मात्र 20 हजार रूपये की दूरी पर है। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों से अपील की, कि समूह से निर्मित 20 ट्रैक सूट का आर्डर दिया जाय एवं जिलाधिकारी द्वारा स्वयं इसका भुगतान यह कहते हुए दिया गया कि सारे अधिकारी अपने ट्रैक सूट की धनराशि उन्हें वापस कर देगें। इस पर महिलाओं समेत समस्त अधिकारी प्रसन्नचित दिखे।जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमन्त्री के उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियल डालर इकोनोमी बनाने एवं प्रधानमंत्री जी के पाँच ट्रिलियन डालर इकोनोमी बनाने के सपने को साकार करने हेतु विकास खण्ड जलालपुर के ग्रान-गौसपुर ककरहिया को समूह की महिलाओं द्वारा किया गया प्रयास सराहनीय है।जिलाधिकारी द्वारा ग्राम में सीसी रोड, नाली, सिलाई सेन्टर, बारातघर आदि का निर्माण कराने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम की महिलाओं द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की गयी, जिससे समूह की महिलाएँ सशक्त हो रही है एवं मिशन शक्ति के रूप में उभर कर सामने आ रही है। इन महिलाओं को निजी विद्यालयों में ड्रेस आपूर्ति के लिए भी विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक की जायेगी। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी जलालपुर, उपायुक्त स्वत रोजगार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, खंड विकास अधिकारी जलालपुर उपस्थित रहे।

## डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्ण प्रतिरक्षाकरण, परिवार नियोजन, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का पंजीकरण, फर्स्ट टाइम गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, एचआरपी(हाई रिस्क प्रेगनेंसी), टोटल डिलीवरी रिपोर्ट, फुल ,हृष्ट,संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल हेल्थ टीम के द्वारा स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, ई-संजीवनी, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय लेप्रोसी उन्मूलन कार्यक्रम, पोषण पुनर्वास केंद्र पर चर्चा हुई।जिलाधिकारी द्वारा आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पंजीकरण और फर्स्ट टाइम गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण को बढ़ाकर गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को अपडेट करने का निर्देश दिया। इसमें खास तौर पर महत्वाकांक्षी ब्लॉकों को स्थिति सुधार करने की हिदायत दी गई।

# डीएम एसपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर नेपाल सीमा से सटे मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों ने कमर कस ली है। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए डीएम व एसपी ने नेपाल सीमा से सटे मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेकर दिशा-निर्देश दिए। आगामी लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी भले ही जारी न हुई है। लेकिन चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।जिसके तहत जिले के शासनिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी कमर कस ली है। शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व एसपी अतुल शर्मा ने स्वीप कार्यक्रम के तहत नेपाल सीमा से सटे माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव बंदरवोझ,बूंदी भूड व नौज्लहा नकटा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रो पर अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण




करने के बाद डीएम एसपी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होनें गांव में चौपाल लगाकर मतदाताओं से बात कर आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने पर जोर दिया। उन्होने सभी को चुनाव के दिन बढचढकर मतदान करने के लिए कहा। इसके बाद लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की वात कहकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से बिना डर के मतदान करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने कई जरूरी दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी रितु पुनिया,कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी अरूण सिंह सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त आवाज़

### डीएम द्वारा चुनाव तैयारियों के लिए किया गया निरीक्षण

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मनोज कुमार ने मुख्य विकास




अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, एसपी सिटी एके श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार आदि सम्बंधित अधिकारियों के साथ मण्डी समिति बदायूँ में स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल व पोलिंग पार्टियों की रवानगी का स्थान तय करने के लिए मंडी समिति का निरीक्षण किया।उन्होंने निर्देश दिए स्ट्रांग रूम में जो भी मरम्मत कार्य होने हैं, उन्हें समय से पूर्ण करा लिया जाए। मण्डी समिति बदायूँ से विधानसभा बदायूँ, बिल्सी, बिसौली व सहसवान के लिए पार्टियाँ रवाना होंगी। पोलिंग पार्टियों की रवानगी का स्थल की साफ-सफाई आदि समस्त तैयारियों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम आदि व्यवस्थाओं को देखकर पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

## विधायक ने इंटरलाकिंग मार्ग का लोकार्पण कर सुनी समस्याएं



पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। विधायक बाबूराम पासवान ने इंटर लाकिंग मार्ग का लोकार्पण व एक दर्जन से अधिक ग्रामों नागरिकों की समस्याओं को सुना और निस्तारण को संबधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।विधायक बाबूराम पासवान ने विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सिमरा में 16वे वित्त आयोग योजना द्वारा पंचायत घर से सुबोध कुमार के घर तक नाली व इंटर लाकिंग मार्ग का लोकार्पण किया गय इस दौरान ग्राम सिमरा के प्रधान महेश यादव सुखचैन सिंह विनोद यादव पुत्तूलाल सुरेश रामनरेश आदि ने विधायक का भव्य स्वागत कर आभार व्यक्त किया विधायक बाबूराम पासवान ने मार्ग लोकार्पण के बाद ग्राम भैसासुर चकौड़ा ज्ञानपुर महोलिया पहुचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के लिए संबधित विभागों के अधिकारियों को फेन द्वारा तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक बाबूराम पासवान का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया इस दौरान रामप्रसाद डा0 मुनीश कुमार अवनीश कुमार सुरेश पासवान बलवन्त पासवान रामनिवास शर्मा बालकराम सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया प्राथमिक विद्यालय हरसैनपुर का निरीक्षण

मुरादाबाद। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय हरसैनपुर विकास खण्ड मूंढापाण्डे का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित मिले एवं शिक्षण कार्य संतोषजनक पाया गया। एमडीएम भोजन की गुणवत्ता भी संतोषजनक पायी गयी। विद्यालय में 04 कक्ष में कक्षायें संचालित है एक कक्ष जर्जर अवस्था में पाया गया। ग्राम प्रधान को जर्जर कक्ष की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। बताते चले कि षुक्रवार को जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह मूढापाण्डे के प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे और उनके द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया।

# मैनाठेर पुलिस ने चार गो तस्करों को कटान करते किया गिरफ्तार

मुरादाबाद। थाना मैनाठेर पुलिस ने गौवषीय पषुओ का कटान करते चार गौ तस्करो को गिरफ्तार कर लिया और चारो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी षुरू कर दी है। बताते चले कि थाना मैनाठेर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लालपुर हमीर में नसीम पहलवान के खेत के पास अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा तीन गोवंशीय पशुओं को काट कर गौमांस ले जाने की घटना घटित की गयी थी तथा घटना स्थल पर गोवंशीय पशुओं की तीन गोवंशीय खाले क्षत विक्षत व ओज मौके पर छोड दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद पर मु0अ0सं0-48६2024 धारा-3६5६8 गौवध निवारण अधिनियम बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया ।उक्त के क्रम में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद महोदय के निर्देशन व श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद के कुशल पर्यवेक्षण एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी बिलारी महोदय के कुशल नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 23.02.2024 को थाना मैनाठेर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. नाजिम पुत्र मुन्ना हाजी निवासी.ग्राम फ्तेहपुर खास थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद 2. अजीम पुत्र मुन्ना हाजी निवासी ग्राम फ्तेहपुर खास थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद 3. सईम पुत्र कय्यूम कुरैशी निवासी ग्राम मुण्डी मिलक थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद हाल निवासी मौ0 ख्वाजा नगर मारूफ वाली गली थाना मझौला जनपद मुरादाबाद 4.उसमान पुत्र कल्लू निवासी मौ0 फ्जल नगर रफी डेरी के बराबर वाली गली थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को सम्भल-मुरादाबाद रोड ओवर ब्रिज से गागन तिराहे की तरफ थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया ।

## महावीर सेना ने कोटेदार पर घटतौली का लगाया आरोप

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। राशन कार्ड धारकों से खाद्यान्न वितरण के दौरान कटौती करने का आरोप लगाते हुए महावीर सेना, दुर्गा सेना रामरक्षक संघ के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी राजेश शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जांच के बाद कोटा निरस्त कराए जाने की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के गांव कढैरचोरा ता.गजरौला का कोटेदार प्रति कार्ड पर एक किलो 60 ग्राम की घटतौली कर रहा है।जिसकी जानकारी होने पर जब विरोध किया तो कोटेदार दबंगई दिखाते हुए गाली गलौच करने कर घटतौली बंद करने से इनकार कर दिया।

## बेटियाँ समृद्ध होंगी तभी होगा देश खुशहालः पोस्टमास्टर



अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। अकबरपुर ब्लाक के सेंट जेवियर्स स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत सुकन्या समृद्धि योजना का कैम्प अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर एच के यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन चन्द्र प्रकाश वर्मा, सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने शिरकत किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए डाक कर्मियों ने को सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए जागरूक किया । शिविर में मुख्य अतिथि लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष कहा कि जब आज की बेटियाँ समृद्ध होंगी तभी होगा देश खुशहाल क्योंकि बेटियाँ देश का भविष्य है और राष्ट निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। भारत सरकार के अभियान %बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ% के अन्तर्गत हम सभी लोगों का दायित्व है कि बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए एक सार्थक कदम उठाएं। बेटियां ही 21वीं सदी में हमारे देश का भविष्य हैं। साथ ही यह भी कहा कि भारत सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण की दिशा में तमाम महत्वपूर्ण योजनाएँ चलायी जा रही हैं। इसी क्रम में डाकघरों में सुकन्या समृद्धि योजना में धन जमा करने से माँ-बाप अपनी बेटी के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभायेंगे। इससे बेटियों को आर्थिक व सामाजिक रूप से भविष्य में मजबूत किया जा सकता है। नगर पालिका चेयरमैन श्री वर्मा ने 22 गरीब कन्याओं का सुकन्या खाता खुलवाते हुए कहा कि सुकन्या समृद्धि खाता खुलने से बेटियां मजबूत होंगी इससे कन्या भ्रूण हत्या रोकने, महिला सशक्तिकरण, उच्च शिक्षा में सुकन्या समृद्धि योजना राष्ट निर्माण में सहायक होगी। इस दौरान श्री दक्ष ने बेटियों को सुकन्या समृद्धि उपहार भेंट किया तथा दर्जनों उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।


## ULTRATECH CEMENT LIMITED

### NOTICE FOR LOSS OF SHARE CERTIFICATES

Notice is hereby given that the following share certificate(s) issued by Company are stated to have been lost or misplaced and the registered share holder there of have applied for issue of duplicate share certificate(s)

Notice is hereby given that the company will proceed to issue duplicate share certificates (s) to the below mentioned person(s) unless a valid objection is received by the company wintin 15 days from the date of publication of the of this notice. No claims will be entertained by the company with respect to the original share certificate(s) subsequent to the issue of duplicate there of.

| S.NO | FOLIO | NAME | CERT No. | DIST FROM. | DISS TO |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07554010 | ULTRATECH CEMENT Ltd | 67469 | 32557601 | 32557620 |

Any person who has/have a claim in respect of the certificate (s) should lodge his/her/their claim with all supporting documents with the company at its registered office. If no valid and legitimate claim is received within 15 days from the date of publication of this notice, the company will proceed to issue Letter of Confirmation in lieu of duplicate share certificate(s) to the person listed above and no further claim would be entertained from any other person(s).


## कार्यालय-नगर पंचायत छितौनी, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक : 454 (3)/न.पं. छितौनी/2023-24 दिनांक - 17.02.2024

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

**संख्या - 05/2023-24**

| क्र. सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट का नाम | http://etender.up.nic.in |
| 2 | निविदा अपलोड करने की तिथि | दिनांक 19.02.2024 |
| 3 | ठीकेदार फर्मों द्वारा निविदा डाउनलोड करने की अवधि | दिनांक 19.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 27.02.2024 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 4 | ठीकेदार/फर्म द्वारा डाउनलोड की स्वप्रमाणित प्रति नगर पंचायत कार्यालय पर जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 28.02.2024 अपरान्ह 4:00 बजे तक |
| 5 | निविदा समिति द्वारा निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.02.2024 अपरान्ह 4:30 बजे से |

**कार्यों का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 15 वॉ वित्त आयोग/अन्य मद | | | | |
| 1 | नगर पंचायत छितौनी में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी परिसर के बॉउड्रीवाल का कार्य। | 16.54 | 1,40,200 | 1700 | 3 माह |
| 2 | नगर पंचायत छितौनी में इंडिया मार्का-2 हैण्ड पम्प 45 अद्द लगाने का कार्य। | 25.65 | 2,17,500 | 2600 | 3 माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत छितौनी**
**जनपद-कुशीनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत छितौनी**
**जनपद-कुशीनगर**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, हरगांव, सीतापुर

पत्रांक : 5329/पन्द्रहवां वित्त/पंचम वित्त आयोग/टेण्डर विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक : 22.02.2024

**निविदा**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से पंचम राज्यवित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था क्षेत्र पंचायत-हरगांव द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर निविदा सूचना हेतु पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये कार्यों पर निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु फर्म से मोहर बंद निविदायें दिनांक- 22.02.2024 से दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उपरोक्त तिथि 07.03.2024 को अपरान्ह 03 बजे पंजीकृत फर्मों के अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष टेण्डर कमेटी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 07.03.2024 को पूर्वान्हन 10:30 बजे तक विकास खण्ड हरगांव कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। फर्म द्वारा धनराशि के मूल्य को अकों तथा शब्दों में लिखना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत (लाख में) | धरोहर राशि 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुन्दन के मकान से मुन्ना सिंह झाला तक खण्डजा निर्माण | पंचम वित्त योजना | 402X3.30 मी0 | 9.920 | 19840.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 2 | मूडीखेरा में आर0सी0सी0 रोड से प्रा0वि0 तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण | पंचम वित्त योजना | 168 मी0 | 9.946 | 19892.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 3 | मल्लापुर में इन्द्रपाल के घर से आमीन के घर तक नाली निर्माण | पंचम वित्त योजना | 95 मी0 | 4.986 | 9972.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत महादेव अटरा गांव के दक्षिण दिशा में अनुसूचित जाति आबादी में इण्टरलाकिंग व नाला निर्माण | पंचम वित्त योजना | 127 मी0 | 9.977 | 19954.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 5 | हरगांव रोड से रामपाल सरदार के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण | पंचम वित्त योजना | 120 मी0 | 7.485 | 14970.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 6 | स्टेशन रोड से कमला इण्टर कालेज तक इण्टरलाकिंग निर्माण | पंचम वित्त योजना | 105 मी0 | 6.021 | 12042.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 7 | मेन रोड मुद्रासन पुल से भुईया माता मन्दिर तक खण्डजा निर्माण | पंचम वित्त योजना | 420X3.30 मी0 | 9.967 | 19934.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 8 | रमेश के मकान से तिराहे तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | पंचम वित्त योजना | 162 मी0 | 9.947 | 19894.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 9 | विकास खण्ड कार्यालय बाउण्ड्री के बाहर इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम वित्त योजना | 27.50 मी0 | 2.428 | 4856.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 10 | रजनीश के मकान से रामगोपाल के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण | पंचम वित्त योजना | 190 मी0 | 9.947 | 19894.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 11 | नेवादा में इण्टरलाकिंग से चन्द्रकिशोर के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य | पंचम वित्त योजना | 111 मी0 | 5.572 | 11144.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 12 | राजकुमार के मकान से अम्बेडकर पार्क तक इण्टरलाकिंग निर्माण | पंचम वित्त योजना | 157 मी0 | 8.790 | 17580.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 13 | सत्तार के मकान से प्रेम के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण | पंचम वित्त योजना | 168 मी0 | 9.946 | 19892.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 14 | सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कक्ष मरम्मत कार्य | पंचम वित्त योजना | 01 नग | 9.987 | 19974.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 15 | विकास खण्ड में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी पटाई व समतलीकरण कार्य | पंचम वित्त योजना | | 9.987 | 19974.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 16 | शिवाला मन्दिर से पूर्व माध्यमिक विद्यालय तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण | 15 वां वित्त योजना | 174 मी0 | 9.939 | 19878.00 | 1000.00 | 3 माह |

**नियम एवं शर्ते :**

1. उन्हीं ठेकेदारों की निविदा पर विचार किया जायेगा, जिनके प्रपत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, विकास खण्ड का पंजीयन प्रमाण पत्र रू0 100 के स्टाम पर नोटरी सहित निर्धारित शपथ-पत्र जो वर्ष 2023-24 हेतु बैध हो लगाना अनिवार्य होगा।
2. टेण्डर आवेदन करने के लिए टेण्डर मूल्य का कुल 10 प्रतिशत जिसमें 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना होगा। निविदादाता के चयन के उपरान्त शेष 08 प्रतिशत जमा करना होगा अथवा भुगतान में काट ली जायेगी।
3. विकास खण्ड कार्यालय में पंजीकृत फर्म मालिक/ठेकेदार ही आवेदन कर सकेंगें।
4. यदि किसी ठेकेदार का कोई पूर्व स्वीकृत कार्य अनुबन्ध उपरान्त 06 माह से अधिक समय पूर्ण नहीं किया गया है, तो उसका निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
5. शासन स्तर से केन्द्रीय वित्त आयोग (पन्द्रहवां वित्त)/राज्य वित्त आयेग अन्तर्गत समय-समय पर जारी मार्ग दर्शक सिद्धान्त/आदेश के विपरीत यदि कोई परियोजना प्रकाश में आती है, तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
6. निविदा सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि किसी अन्य विभाग द्वारा पूर्व निर्मित/प्रस्तावित/निर्माणाधीन अथवा स्वीकृत कर ली गयी है। तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
7. निविदा की स्वीकृति/अनुबन्ध धनराशि की उपलब्धता के अनुसार ही की जायेगी।
8. निविदा की स्वीकृति/अनुबन्ध समक्ष अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त की जायेगी।

**(आत्मप्रकाश रस्तोगी)**
**खण्ड विकास अधिकारी, हरगांव-सीतापुर**

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
*संपादक -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

## संत गाडगे ने दी थी स्वच्छता की सीखः सुरजीत



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वाधान मे शुक्रवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम देवखरपुर में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरजीत वर्मा की अगुवाई में पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र संत गाडगे जी महराज की जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्हें याद किया गया और संत गाडगे महाराज अमर रहें के नारे लगाए गए। साथ ही लड्डू बांटकर लोगों का मुंह मीठा कराया गया और संत गाडगे महाराज की जयंती की बधाई दी गई।

सिराथू ब्लॉक के ग्राम देवखरपुर में समर्थ किसान पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्र संत गाडगे महराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चित्र पर लड्डू का भोग लगाया। साथ ही कई अन्य कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाया और उन्हें नमन किया। साथ ही उनके विचारों एवं उनके कार्यों को लेकर परिचर्चा की। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज एक राष्ट्र संत थे। उनका जन्म महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेणगांव में 23 फरवरी साल 1876 को हुआ था। उनकी विचारधारा मानव मात्र के कल्याण के लिए थी। उन्होंने समाज में व्याप्त अशिक्षा, भुखमरी, अंधविश्वास, कुपोषण आदि के खिलाफ बहुत संघर्ष किया साथ ही उन्होंने स्वस्छता को लेकर बहुत कार्य किए। आगे कहा कि संत गाडगे जी महराज ने लोगों को स्वच्छता की सीख दी थी। उन्होंने लोगों को बताया कि स्वच्छ वातावरण से स्वच्छ विचार आते हैं। देश उनका सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर रामपाल चौधरी, अवधेश चौधरी, रामकेशन चौधरी, छोट्टन चौधरी, फुदई मियां, गबोधर सरोज, मंगल अग्रहरी, मनीष मौर्य आदि मौजूद रहे।

# मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधायेंः डीएम

**विद्यार्थियों को मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन के दिये निर्देश, गौ-आश्रय स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्थायें हो सुनिश्चित**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर पतौना, ऑगनबाड़ी केन्द्र हाजीपुर पतौना, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम, प्राथमिक विद्यालय सौंईं खुर्द, गौ-आश्रय स्थल नगियामई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय हाजीपुर पतौना के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। प्रधानाध्यापिका से छात्रों की संख्या आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। उन्होंने कक्षा-1 के छात्रों से दीवाल पर लगे चार्ट में उल्लिखित शब्दों को बच्चों से पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा एवं अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाय। उन्होंने रसोंई घर के निरीक्षण के दौरान बन रहें भोजन की जानकारी प्राप्त करते हुए मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बच्चों को प्रदान करने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑगनबाड़ी केन्द्र हाजीपुर पतौना के निरीक्षण के दौरान बच्चांं की संख्या आदि जानकारी प्राप्त करते हुए सहायिका को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पायी गई।जिलाधिकारी ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम में उपस्थिति पंजिका के अवलोकन करने पर पाया कि एएनएम द्वारा 24 फरवरी 2024 की तिथि में भी हस्ताक्षर कर दिया गया था, जिस पर एएनएम ने बताया गलती से हस्ताक्षर हो गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी गलती दोबारा न किया जाय, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने उपस्थित मरीजों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करते हुए पूॅछा कि अस्पताल से स्वास्थ्य सुविधायें मिल जाती है, किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आती, जिस पर मरीजों ने बताया कि बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलती है। जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय सौंईं खुर्द के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक ने बताया कि कुल 295 बच्चों का नामांकन है, जबकि 190 बच्चें उपस्थित हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने अभिभावकों को जागरूक कर बच्चों की उपस्थिति और बढ़ाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दियें। उन्होंने मीनू के अनुसार आज बनाये गये तहरी का अवलोकन करते हुए भोजन की गुणवत्ता में और सुधार लाने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी द्वारा गो-आश्रय स्थल नगियामई के निरीक्षण के दौरान सचिव, ग्राम पंचायत ने बताया कि गौशाला में 75 गोवंश संरक्षित हैं, सभी की ईयर टैंगिग हो गई है।

## संक्षिप्त आवाज

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर



**महोबकंठ/महोबा (स्पष्ट आवाज)।** महोबकंठ में स्थित बसंत वैली पब्लिक स्कूल के पास झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार को पीछे से आ रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी और कार सवार मौके से बिना रुके भाग गया। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। महोबकंठ थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी आनंद अरजरिया पुत्र गोविंददास अरजरिया उम्र करीब 45 वर्ष अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर छतरपुर जनपद के हरपालपुर नगर में रहते है और आज यानी शुक्रवार को वे अपने गांव टिकरिया किसी काम को लेकर आए हुए थे। जब वे गांव से वापिस हरपालपुर जा रहे थे तभी झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर महोबकंठ में बसंत वैली पब्लिक स्कूल के पास शाम करीब 4 बजे पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक सड़क पर ही गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पनवाड़ी पहुंचाया जहां घायल युवक की हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है।

### ट्रक और ट्रैक्टर में भिड़ंत, चार मजदूर घायल

**महोबा (स्पष्ट आवाज)।** तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम ही नहीं ले रहा है द्य चरखारी महोबा रोड पर निर्भय फिलिंग स्टेशन के पास ट्रक व ट्रैक्टर में आमने सामने हुई जोरदार भिड़न्त में दोनों के परखचे उड़ गए और दुर्घटना में 4 मजदूर घायल हो गए। इलाज के लिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां दो मजदूरों की हालत नाजुक होने के कारण जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। विवरण में मिली जानकारी के अनुसार राशन विभाग का खाद्यान लेकर ट्रक महोबा से चरखारी की ओर आ रहा था जबकि ट्रैक्टर चरखारी से महोबा की ओर जा रहा था और जैसे ही दोनो वाहन निर्भय फिलिंग स्टेशन के पास पहुंचे कि दोनों की आमने सामने जोरदार भिड़न्त हो गयी द्य जिसमें ट्रक व ट्रैक्टर के पलट जाने से दोनों के परखचे उड़ गए। ट्रैक्टर में सवार मजदूर विमलेश पुत्र लक्ष्मीनारयण उम्र 22 वर्ष, गुलहर पुत्र रामकेश उम्र 20 वर्ष' चन्दन पुत्र दयाशंकर तथा मंगल पुत्र रामनाथ घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने स्थानीय पुलिस तथा एम्बूलेंस को सूचना दिए जाने के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया द्य लेकिन विमलश पुत्र लक्ष्मीनारायण और गुलहर पुत्र रामकेश की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रिफर किया है। दुर्घटना में ट्रक पलटने से लदा खाद्यान बिखर गया और ट्रक के पहिए तक टूटकर दूर जा गिरे।

### वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जपनद में एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस प्र0नि0 दिनेश सिंह परिहार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त आजाद पासी पुत्र स्व0 रन्नू पासी निवासी जलालपुर घोसी थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को मुरादपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### लेखपाल द्वारा धान खरीद में फर्जी सत्यापन, जांच का विषय

**कौशाम्बी।** जिले की हुई धान खरीद मे गड़बड़ी नहीं रूक रही है । कभी सत्यापन को लेकर हुई गड़बड़ी तो कभी धान खरीद सेंटर पर हुई गड़बड़ी। कभी धान को फर्जी लोडिंग दिखाकर खाली ट्रक को राइस मिल भेजने का भी मामला अब तक सामने आया है,लेकिन सब फाइलों में दफन हो कर रह गया। अभी हाल ही में सदर तहसील मे अजीत कुमार लेखपाल द्वारा दर्जनों किसानों का फर्जी सत्यापन करने का मामला सुर्खियों मे है। कई सौ कुंतल धान खरीद का फर्जी सत्यापन का मुद्दा गरमाया है । गौसपुर टिकरी की निवासी गीता देवी का सत्यापन 21 जनवरी को डिजिटल सत्यापन किया गया है, जिसमे 11 किसान और भी है । गीता और कुछ लोगों का पैसा भी निकल गया है ।

# घर बैठकर बीएलओ बना रहे लोकसभा चुनाव मतदाता सूची

**गलत तरीके से मतदाता सूची बनाए जाने के बाद कैसे पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष मतदान होगा**

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज करने और जो लोग गांव छोड़कर चले गए हैं। उनका नाम काटने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची का सर्वे कर मतदाता सूची कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया है। लेकिन घर बैठे मतदाता सूची बनाई जा रही है ।सर्वे नहीं हो रहे हैं इसके लिए तहसील के जरिए बूथ लेवल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ,लेकिन बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के घरों में जाकर सर्वे करके नई सूची बनाने के बजाय पुरानी सूची में ही घर बैठे हेरा फेरी करके मतदाता सूची बनाने में लगे हैं। ग्राम प्रधान और स्थानीय दबंगों के दबाव में मतदाता सूची में हेरा फेरी की जा रही है। जो प्रधान और दबंगो के विरोधी लोग हैं। उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जा रहे हैं। जिससे तमाम मतदाताओं के नाम इस लोकसभा चुनाव में भी मतदाता सूची से छूट जाएंगे और तमाम गलत लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हो जाएंगे। जिससे मतदान के दिन पोलिंग अधिकारियों को दिक्कतों से जूझना पड़ेगा । सिराथू तहसील क्षेत्र के मलाक रेजमा गांव के लोगों ने बताया कि नई मतदाता सूची का सर्वे नहीं किया गया है। दबंग के दबाव में सूची फाइनल की जा रही है। गांव में रहने वाले तमाम लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा गया है। कई बार बूथ लेवल अधिकारियों से मतदाताओं ने नाम जोड़ने की सिफारिश की लेकिन उसके बाद भी बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं की बात मानों को तैयार नहीं है। तहसील स्तर पर भी मतदाता सूची बनाने के काम को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिससे मलाक रेजमा सहित तमान गांव के तमाम लोगों का नाम मतदाता सूची में नही जुड़ सका है । गलत तरीके से मतदाता सूची बनाए जाने के बाद कैसे पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष मतदान होगा यह लोकसभा के चुनाव पर सवाल खड़ा हो रहा है।

## एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी । उन्होंने परेड का टोली बार निरीक्षण किया , निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं ड्रल कराई गई तथा शास्त्राभ्यास कराया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द पर सलामी ली गई तथा गार्द का निरीक्षण किया गया। परेड के उपरान्त परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, जिम, बारिकों, डायल 112, डीसीआर, मेंस एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर संबंधित को साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## जिले में लगातार हो रहे धान खरीद घोटाले का आखिर मास्टर माइंड कौन

**कौशाम्बी।** जिले में उपजिलाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से धान क्रय केंद्र मे किसान के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने जिला अधिकारी और बजरंग दल हिन्दू संगठन ने गुरुवार को तहसील मे प्रदर्शन कर फर्जीवाड़ा करने वालो पर कार्यवही की मांग उठाई थी। बजरंग दल नेता रवि पाण्डेय ने मंझनपुर तहसील मे दोपहर को प्रदर्शन किया,ज्ञापन के जरिये एसडीएम को बताया कि तहसील क्षेत्र के गौसपुर टिकरी गाव की रहने वाली गीता देवी पत्नी भोला प्रसाद के नाम से पीसीएफ़ धान खरीद केंद्र मे 8 फरवरी व 14 फरवरी को 99.20 कुंतल व 99.02 कुंतल धान की खरीद की गई। जिसका भूगतान उन्हे कुल 4 लाख 33 हज़ार 107 रुपये का उनके एसबीआई अकाउंट मे किया गया। इसके बाद गीता देवी का नाम पीसीएफ़ धान खरीद केंद्र के जिम्मेदारों ने खसरा सं. 34,54,99,76 मे प्रयोग कर चायल तहसील के तिलगोड़ी धान खरीद केंद्र से करीब 5 करोड़ रुपये से अधिक के धान की खरीद दिखाई गई। इसकी रकम का भी आहरण किया जा चुका है। संगठन के अध्यक्ष रवि पांडेय ने बताया कि संगठन के माध्यम से एसडीएम मंझनपुर को फर्जीवाड़े से अवगत कराया गया है कि एसडीएम के डिजिटल हस्ताक्षर के जरिये राजस्व कर्मी चकबंदी के गांव मे जमीन से दस्तावेज़ मे नाम का हेरफेर कर फर्जी खतौनी का दस्तावेज़ सत्यापित कर धान खरीद मे घोटाला कर रहे है।

## ग्रामीणों ने अन्ना गौवंश पकड़ एसडीएम को सौंपे

**राजापुर/चित्रकूट।** बछरन गांव के किसानों ने अन्ना गौवंशों के फसल नष्ट करने से परेशान होने पर एकत्र होकर अन्ना गौवंशो को पकड़कर एसडीएम राजापुर को पत्र देकर समस्या समाधान की मांग की। शुक्रवार को एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा ने बताया कि बछरन के किसानों ने 120 अन्ना गौवंशों को पकड़ कर तालाब किनारे संरक्षित करा दिया है। गौवंशों को अन्य गौशाला में भेजा जायेगा। प्रधान-सचिव को निर्देश दिये हैं कि किसी भी गांव में अन्ना गौवंश मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। किसानों की बैठक में शंकर सिंह, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, माता बदल, राज किशोर, लवलेश सिह, रमेश सिंह, राजेश पांडेय, योगेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, करण सिंह, छत्रपाल सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

## करेडी नाला तक बनेगी लिंक नहरः विधायक



**चित्रकूट।** सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले के रसिन बांध में मधवा तालाब सुदिनपुर के करेडी नाला तक लिंक नहर बनाने की प्रदेश सरकार से मांग की थी। इस बाबत 18 दिसम्बर 2023 को सिंचाई निर्माण खण्ड कर्वी के अधिशाषी अभियंता को पत्र भेजा था। शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने बताया कि लिंक नहर बनने से रौली, लूक, धौरही, ल्यौंझा, मऊ-ब समेत दर्जनो गांवों में सिंचाई समस्या से निदान मिल सकता है। मामले में सिंचाई निर्माण खण्ड कर्वी ने जरिये पत्र 23 फरवरी को बताया कि रसिन बांध से निकलने वाली रसिन दांयी मुख्य नहर के विस्तारीकरण परियोजना गठित की है। विस्तारीकरण कराना प्रस्तावित है। परियोजना को मुख्य अभियन्ताओं की तकनीकी समिति बैठक में पेश किया है। परियोजना के अनुमोदन बाद मंजूरी को शासन को पत्रावली भेजी जा चुकी है।

विधायक ने कहा कि लिंक नहर बनने से दर्जनों गांवों के किसानों की फसल सिंचाई को पानी मिलेगा। लिंक नहर की मंजूरी कराने के पूरे प्रयास किये जायेंगे।

## हर्ष फायरिंग में तीन घायल, आरोपी गिरफ्तार



**महोबा (स्पष्ट आवाज)।** गुरुवार के रोज शादी से पहले आयोजित प्रीतिभोज के दौरान शराब के नसे में लाइसेंसी हथियार डबल बैरल बन्दूक से नशे की हालत में फायरिंग से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जब कि दो लोगों को गोली छूते हुए निकल गई। घायलों को आनन फानन में जिला चिकित्सालय लाया गया जहां मौजूद डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर कर दिया गया।

जनपद के कबरई थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हौरी काजी में प्रधान रामदयाल श्रीवास के लड़के की शादी कर रहा है। शादी से पहले गुरुवार के दिन प्रीतिभोज का आयोजन किया जा रहा था जिसमें उसके द्वारा अपने ब्यौहारी व रिश्तेदार आमन्त्रित किये गये थे। सूत्रानुसार कार्यक्रम के दौरान भटेवर निवासी रमेश पुत्र इसुरिया अहिरवार द्वारा नशे के झोक में लाइसेंसी हथियार से गोली चलाई गई जिससे तीन लोग 40 वर्षीय गहरा निवासी हरिदास, बम्हौरी काजी निवासी 30 वर्षीय देवीदीन एवं लिलवाही निवासी पप्पू 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जब कि दो लोगों को गोली छूते हुए निकल जाना बताया जा रहा है। घायलों को जिला चिकित्सालय महोबा लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार के उपरांत डॉक्टर ने झांसी रेफर कर दिया। पुलिस द्वारा घटना कारित करने वाले आरोपी को लाइसेंसी हथियार डबल बैरल (डीबीबीएल) के साथ गिरफ्तार कर लिया है ।

### मंत्री का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज

**कौशाम्बी।** जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री कारागार,उ0प्र0 सुरेश राही शनिवार को मध्यान्ह 12 बजे कांशीराम गेस्ट हाउस, मंझनपुर, कौशाम्बी पहुँचेंगे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री अपरान्ह 1 बजे दंगल मैदान, पूरब-पश्चिम शरीरा पहुँचकर पासी, पासवान स्वाभिमान सम्मेलन एवं महाशय मसूरिया दीन पासी के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

## बांदा स्टेशन का होगा कायाकल्प, 26 फरवरी को पीएम वर्चुअल करेंगे शिलान्यास

**बांदा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बांदा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से 26 फरवरी को शिलान्यास करेंगे। अमृत भारत योजना में झाँसी रेल मण्डल के 10 स्टेशन भी शामिल है, जिनका पुनर्विकास का कार्य कराया जाना है। इन रेलवे स्टेशन में हरपालपुर, दतिया, भिण्ड, ललितपुर, मुरैना, बाँदा, चित्रकूट, उरई, महोबा व पुखरायां रेलवे स्टेशन शामिल हैं। जिन पर यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। कायाकल्प में स्टेशन पहुंच, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट और एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है। इस सम्बन्ध में स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार शिवहरे ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।वही झांसी रेल मंडल पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि उक्त कार्यों का शिलान्यास 26 फरवरी को प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से करेंगे। बताया कि इस योजना में इमारत में सुधार, स्टेशन को शहर के दोनों तरफ से एकीकृत करना, मल्टी-मॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल समाधान, आवश्यकता के अनुसार 'रूफ प्लाजा', चरणबद्धता और व्यवहार्यता और शहर के केंद्रों का निर्माण शामिल है। 500 करोड से अधिक रुपए की लागत से होने वाले इन सभी कार्यों क शिलान्यास प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को वर्चुअल करेंगे। बताया कि झांसी मण्डल के अंतर्गत आने वाले 77 विद्यालयों में विकसित भारत व रेल विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों में पेंटिंग, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई थी। प्रतिभाग करनेवाले प्रत्येक विद्यालय से नौ बच्चों को विजेता के रूप में चुना गया। प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले बच्चों को 26 को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## शादी का झांसा देकर आनलाइन फ्राड पर पुलिस का एक्शन, पीड़ित को दिलाये 50 हजार

**बांदा।** ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी से पीड़ित व्यक्तियों के रुपये वापस कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शुक्रवार को फ्रॉड का शिकार हुए एक व्यक्ति के 50 हजार रुपये वापस कराये गये। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के बिजलीखेड़ा के रहने वाले हरिश्चंद्र चक्रवर्ती पुत्र फूलचन्द्र चक्रवर्ती ने 7 जनवरी को अमर उजाला समाचार में एक वैवाहिक विज्ञापन देखा था इस पर उसने मैरिज ब्यूरो से बात की। मैरिज ब्यूरो द्वारा कुछ रजिस्ट्रेशन चार्ज लेकर उसे लड़की की फोटो व नम्बर साझा कर दिया गया था। जब पीड़ित ने लड़की (नाम आकांक्षा सिंह) से फोन पर संपर्क किया तो उसे पता चला कि लड़की फतेहपुर जनपद में सरकारी शिक्षक है। 18 जनवरी को लड़की आकांक्षा सिंह ने पीड़ित से फोन पर वार्ता करके बताया कि उसकी मां बीमार हो गई है और उन्हे स्टंट डलवाना पड़ेगा कुछ पैसे कम पड़ रहे हैं तुम मुझे 50 हजार रुपये भेज दो जल्द लौटा दूंगी। पीड़ित ने बात पर भरोसा करके लड़की द्वारा बताये गये खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। 23 जनवरी को पीड़ित को आकांक्ष सिंह के नम्बर से कॉल आई तो एक व्यक्ति ने बताया कि मैं आकांक्षा का चाचा बोल रहा हूं, आकांक्षा ने आत्महत्या कर ली है। उसके बाद फोन कट गया और फोन ऑफ हो गया। पीड़ित को आभास हुआ कि उसके साथ आनलॉइन फ्रॉड हो गया है।

# अभिभावकों की मीटिंग करके बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएः डीएम

**डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण**



**बांदा।** शुक्रवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुरवा विकासखंड बड़ोखरखुर्द एवं प्राथमिक विद्यालय डिगवाही का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम, प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुरवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दो शिक्षक उपस्थित पाए गए। एक शिक्षक बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में मिले तथा विद्यालय में 83 बच्चे पंजीकृत पाए गए। उन्होंने बच्चों से शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में हिंदी व गणित के प्रश्नों को पूछ कर शिक्षा की गुणवत्ता को चेक करते हुए शिक्षण कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के एक शौचालय में गंदगी पाए जाने पर तथा पेयजल की पानी की टोटी को तत्काल ठीक कराए जाने एवं सफाई कराए जाने के निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान 57 बच्चे उपस्थित पाए गए। उन्होंने अधिकार अध्यापकों को निर्देश दिए की बच्चों की उपस्थत अभिभावकों की मीटिंग करके उपस्थित बच्चों की सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मिड डे मील मीनू के अनुसार गुणवत्ता रूप दिए जाने तथा विद्यालय को निपुण मिशन के अंतर्गत बनाए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र डिगवाही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 03अध्यापक उपस्थित पाए गए। उन्होंने कक्षा 5 के बच्चों से शिक्षा के गुणवत्ता को चेक करने के लिए पुस्तकों को पढ़पकर तथा गणित के प्रश्न पूछ कर जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कमजोर बच्चों को चिन्हित कर आगे बिठाना सुनिश्चित करें तथा कमजोर बच्चों के रिवीजन क्लास प्रत्येक सप्ताह में दो दिन अवश्य कराया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण करते हुए कक्षा 2 के बच्चों को बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए, उन्होंने मिड डे मील में बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन एवं फलों का वितरण भी कराया जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं ग्राम प्रधान सहित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद महोबा

पत्रांक : 358/कर विभाग/न0पा0प0 महोबा/2023-24 दिनांक : 23.02.2024

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत)

**प्रकाशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्णगोपाल अग्रवाल पुत्र श्री जुगलकिशोर अग्रवाल निवासी ग्राटंगंज, महोबा ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि मुहल्ला व वार्ड सराफीपुरा स्थित भवन संख्या - 108, जो कि गृहकर निर्धारण रजिस्टर में श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री जुगलकिशोर के नाम अंकित है। उक्त भवन का वार्षिक गृहकर रू0 240.00 निर्धारित है। उक्त भवन को दानकर्ता श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल पत्नी श्री जुगल किशोर अग्रवाल निवासी मुहल्ला-ग्रांटगंज (सर्राफा बाजार) परगना व तहसील व जिला - महोबा ने दानगृहीता श्री कृष्णगोपाल अग्रवाल पुत्र श्री जुगलकिशोर अग्रवाल निवासी मुहल्ला गांधीनगर आल्हा चौक, परगना व तहसील व जिला - महोबा को रजिस्टर्ड दान-पत्र के आधार पर दिनांक 18.08.2023 को दान कर दिया है। उक्त भवन को आवेदक ने अपने नाम दर्ज करने की प्रार्थना की है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, महोबा**


# नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों में न हो अतिक्रमणः डीएम

**नगर निकायों में राजस्व प्राप्ति, प्रचलित विकास कार्यों को लेकर हुई समीक्षा बैठक**




**उरई (जालौन)।** आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में नगर निकायों में राजस्व प्राप्ति एवं प्रचलित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने संबंधित अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगर पंचायत एवं नगर पालिका में साफ सफाई के साथ-साथ शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

उन्होंने निकायों में चल रहे लंबित निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देशित किया कि ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी लंबित कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसके लिए सर्वे कराया जाए। जो भी हेड पंप खराब मिले उन्हें त्वरित सही कराया जाए, गर्मी का समय आने वाला है, अभी से ही सभी तैयारियां पूर्ण रहे, हेंड पंप से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त न हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने निकायों की राजस्व एवं करकरेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा कर निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में लक्ष्य तक ही सीमित न रहे लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित कराई जाए, साथ ही निकायों को आय के स्रोत बढ़ाने के भी निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव व समस्त अधिशाषी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## सीएम डैश पर चल रही योजनाओं की दिसंबर, जनवरी में 11वीं रैंक मिली, खराब रैंकिंग पर चेतावनीः एडीएम



**उरई (जालौन)।** आजअपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने सीएम डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं की दिसम्बर व जनवरी में जनपद को 11वीं रैंक मिली है, कुछ विभगों की खराब रैंकिंग को लेकर कड़ा ऐतराज जताया। अपर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग केंद्र, अधिकारी, मंडी सचिव,औषधि एवं खाद्य सुरक्षा, जिला खाद्य विपणन, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, खान अधिकारी सहित आदि 16 विभागों की रैंकिंग खराब वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी दी साथ ही सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 7 दिनों में समीक्षा कर सुनिश्चित करें कि विभागीय प्रगति तथा संबंधित योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण व ससमय में निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता को अतिगंभीरता से लेते हुए अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।


## राम प्रसाद बिस्मिल इण्टर कालेज पाण्डेयपार, कौड़ीराम, गोरखपुर

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में विद्यालय में भूतल पर कक्ष निर्माण हेतु रू0 300000/- (तीन लाख रूपया) में प्रथम श्रेणी ईंट, लोकल बालू, मौरंग बालू, सरिया, सीमेन्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 28.02.2024 तक इच्छुक फर्म द्वारा कार्यालय में बन्द लिफाफे में अपरान्ह 02:00 बजे तक बाक्स में डाली जायेगी जो उसी दिन 3 बजे तक विद्यालय कार्यालय में खोली जायेगी एवं समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी।

**प्रबन्धक**
**राम प्रसाद बिस्मिल इण्टर कालेज पाण्डेयपार, कौड़ीराम, गोरखपुर**


## सरकार विरोधी नारेबाजी कर किसानों ने मनाया काला दिवस



**चित्रकूट।** भाकियू संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर जिले के किसानों ने जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में सैकड़ों गांवों में किसानों ने काला दिवस मनाया। काली पट्टी बांधकर काले झंडे लहराकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार को भाकियू ने सरकार को किसान हत्यारी सरकार करार देते हुए जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि पूरे देश में किसानों ने काला दिवस मनाया। दिल्ली सीमा पर किसानों पर हो रहे जुल्म को लेकर किसान आक्रोशित हैं। ब्लॉक अध्यक्ष देवनारायण यादव की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने निजी नलकूप कनेक्शन पर जेई के परेशान करने बिजली पावर हाउस रामनगर का घेराव किया। किसानों ने जेई पर पैसे लेने के आरोप लगाये। किसानों का आंदोलन देख मौके पर पहुंच एसडीओ ने समस्या सुनी। भरोसा देकर आन्दोलन खत्म कराया। किसानों में ब्लॉक अध्यक्ष रमेश पाठक, वीरेंद्र, ओमनारायण गर्ग, योगेंद्र सिंह, उदयनारायण सिंह, मनोज द्विवेदी, शिवदयाल बघेल, राजकिशोर सिंह, प्रेम सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामेश्वर, कमलेश, रामबालक पाल, वीरेंद्र सिंह, राममूरत नामदेव आदि मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ आरोपी को हुई तीन वर्ष की सजा

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन व मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल व पैरोकार अशोक कुमार यादव तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम की पैरवी से न्यायालय ने नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी को तीन वर्ष की सजा व तीन हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। शुक्रवार को विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने कुलदीप पुत्र बलदेव पंडित निवासी इटवा थाना कमासिन जिला बांदा को तीन वर्ष की सजा व तीन हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि चार सितम्बर 2017 को वादी ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट लिखाई कि कुलदीप ने नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़, गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना पूर्व क्षेत्राधिकारी सुरेश प्रसाद शर्मा ने चार नवम्बर 2017 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप दाखिल किया था।

### दस लीटर शराब समेत महिला गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय की टीम ने देवमनी पत्नी स्व संतोष निषाद निवासी हरिशनपुर को दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।


## पूर्वोत्तर रेलवे

**सार्वजनिक सूचना**

रेलवे लाईनों और परिसरों के सभी उपयोग कर्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में 25000 वोल्ट, 50 हर्टज एसी से चार्ज किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युतीय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाईन की समीपयता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

**क्रम सं0 1:**– खण्ड का नामः ऐशबाग–मानकनगर स्वतंत्र बाईपास लाइन, मण्डल– लखनऊ, किलोमीटर से– ऐशबाग का ओ.एच.ई. मास्ट 1/34M इन्जी0 किमी 1.0, किलोमीटर तक– मानकनगर का ओ. एच.ई. मास्ट 4/14B इन्जी0 किमी 3.4, उर्जीकरण की तारीख–25.02.2024

उप मुख्य विद्युत इन्जीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत–275 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक
## उत्तर प्रदेश वन निगम

21/475 इन्दिर नगर, लखनऊ - 226016, फोन नं0 : 0522-2716437
Web: www.upforestcorporation.in, E-mail : dsmluc@upfc.in

पत्रांक : 1390/विज्ञापन दिनांक : 23.02.2024

**उ.प्र. वन निगम समिति नीलाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लखनऊ विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत आने वाले समस्त डिपुओं में भण्डारित प्रकाष्ठ का समिति नीलाम दिनांक 12.03.2024 को प्रातः 11 बजे से समाप्ति तक प्रकाष्ठ डिपो कुर्सी रोड लखनऊ में सम्पन्न किया जायेगा। डिपुओं के नीलाम के बाद सी–1 स्टाक का नीलाम जहां है जैसे है के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक क्रेता नीलाम में उपस्थित होकर प्रकाष्ठ क्रय कर सकते हैं।

उक्त नीलाम की विक्रय सूची सम्बन्धित डिपो तथा वन निगम की वेबसाईट www.upforestcorporation.co.in पर प्राप्त की जा सकती है। शेष समय, नियम व शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

(दविन्दर सिंह)
प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक

# जो रूट की शतकीय पारी से इंग्लैंड ने मैच पर बनाई पकड़



रांची। मध्यक्रम के बल्लेबाज जो रूट की 106 रनों की शतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 307 रन बनाकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है। आज यहां इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 47 रन जोड़े। टेस्ट में पदार्पण करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने 10वें ओवर में बेन डकेट 11 रन को जुरेल के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। उसके बाद उन्होंने ओली पोप को शून्य पर पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आकाश ने 12वें ओवर में जैक क्रॉली 42 रन को बोल्ड आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। आर अश्विन ने जॉनी बेयरस्टो 38 रन को पगबाधा आउट किया। वहीं जडेजा ने कप्तान बेन स्टोक्स को तीन रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड ने लंच तक पांच विकेट पर 112 रन बना लिये है। लंच तक ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आज शायद दो सत्र भी नहीं खेल पाएगा। लेकिन जो रूट ने फोक्स, हार्टली और रॉबिंसन के साथ साझेदारी करते हुए इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। जो रूट 226 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद 106 रन बनाये। बेन फोक्स 47 रन और टॉम हार्टली 13 रन बनाकर आउट हुये। आज दिन का खेल समाप्त होने पर जो रूट नाबाद 106 और ऑली रॉबिंसन नाबाद 31 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत की ओर से पहले सत्र में आकाश दीप ने तीन विकेट लिये। मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# मोदी गारंटी के साथ बैंक दे रही उद्यमियों को बड़ा ऋण: वित्तमंत्री

अनिल वर्मा

**महराजगंज (स्पष्ट आवाज)।** महराजगंज कृषि प्रधान जिला है। यहां छोटे-छोट उद्योग स्थापित कर यहां उद्यमी बढ़िया कमाई कर सकते हैं। इसके लिए मोदी गारंटी के नाम पर जिले के विभिन्न बैंकों ने उद्यम लगाने के लिए उद्यमियों को बिना खेती बारी गिरवी रखे ही ऋण मुहैया करा रही है। इसके लिए न तो उद्यमियों को कही परेशान होने की जरूरत और न ही कही जाने की। खुद बैंक चलकर किसानों और उद्यमियों के घर पहुंच रही है और उद्यम लगाने के लिए उन्हें बड़ा ऋण दे रही है।



यह कहना है केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीमारमण का। वे शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी धनेवा धनेई में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि किसानों और उद्यमियों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए जिले के विभिन्न बैंकों ने विभिन्न योजनाओं के जरिए 1143 करोड़ का ऋण वितरित कर चेक प्रदान किया। इस जिले में 182 बैंक शाखाएं कार्य कर रही है। 136 एटीएम भी लोगों के लिए सुविधा जनक बना है। उन्होंने कहा कि यह किसान की भूमि है। यहां किसानों को ऋण देने के लिए मोदी जी की गारन्टी है। यहां पशु पालन और मत्स्य पालन करने के लिए मोदी गारन्टी पर बैंक लोन आसानी से दे रही है। किसानों को इसका लाभ उठाना चाहिए। विश्वकर्मा योजना के तहत लकड़ी के कारपेंटर के लिए योजना चली है। उन्होंने कहा कि अब ऋण लेने के लिए कोई चीज गिरवी रखने की जरूरत नही है। मोदी गारंटी के साथ बैंक बिना कुछ बंधक रखे ही उन्हें ऋण मुहैया करा रही है। पीएम निधि, फसल बीमा, किसान क्रेडिट योजना का भी जिक्र किया। कहा कि इन योजनाओं के तहत किसानों और उद्यमियों को भारत सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधा दी जा रही है।

**मोदी के नेतृत्व में आज भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में 10वें पायदान से 5वें पायदान पर आ गया, अगले एक डेढ़ साल में हम तीसरे पायदान पर होंगे**

वित्तमंत्री ने कहा कि गरीब किसानों के लिए भी सरकार योजना चला रही है। इसके तहत मोटरसाइकिल खरीदने के लिए, मकान बनाने के लिए, रोजगार करने के लिए, उद्यम लगाने के लिए कही भटकने की जरूरत है। अपने स्थानीय बैंक शाखा से संपर्क करें, उन्हे तत्काल ऋण मुहैया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में 10 वे पायदान से 5 वे पायदान पर आ गया है। अगले एक डेढ़ साल में हम तीसरे पायदान होंगे। उन्होंने कहा कि जिस देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होती है उस देश के लोगो का जीवन स्तर भी बेहतर होता है। देश की बेहतर अर्थव्यवस्था से सभी को लाभ होता है। वित्तमंत्री ने कहा कि पहली सरकार है मोदी जी के नेतृत्व में जो जनता की सुनती है। फिर योजनाये बनाकर पात्रों तक पहुचाने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दूर दृष्टि के साथ काम करती है।

# सपा नेता विनय शंकर तिवारी के कई ठिकानों पर ईडी की रेड

**लखनऊ।** यूपी में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी रेड की है। मिली जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी नेता विनय शंकर तिवारी के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि ये रेड बैंक लोन घोटाला केस में की गई है। विनय शंकर तिवारी की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा बैंकों के कंसोर्टियम के 754 करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में ये कार्रवाई की गई है। गोरखपुर के आलावा सपा नेता के दिल्ली, लखनऊ समेत कई ठिकानों पर भी रेड की गई है। उनके निवास पर अर्धसैनिक बलों के साथ प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों की टीम मौजूद है। बता दें कि विनय शंकर तिवारी पूर्वांचल के कद्दावर नेता रहे स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी के बेटे हैं। इस रेड की कार्रवाई में उनके भाई से भी पूछताछ की जा रही है। ये कार्रवाई तिवारी होते में उनके आवास पर चल रही है। बता दें कि पूर्व में विनय शंकर तिवारी बसपा से चिल्लूपार से विधायक रह चुके हैं। वहीं उनके भाई भीष्म शंकर तिवारी संत कबीर नगर से सांसद रहे हैं। इससे पहले भी प्रवर्तन निदेशालय विनय तिवारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी।

# भगवान बुद्ध के शिष्यों के पवित्र अवशेष प्रदर्शनी के लिए थाईलैंड पहुंचे

**बैंकॉक।** भगवान बुद्ध के चार पवित्र पिपराहवा अवशेष सहित उनके दो शिष्यों- अरहाता सारिपुत्र और अरहाता मौदगल्यायन के अवशेष 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ 26 दिवसीय प्रदर्शनी के लिए कल थाईलैंड के बैंकॉक पहुंचे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार कर रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में कुशीनगर व औरंगाबाद के सम्मानित भिक्षु, लद्दाख स्थित संस्कृति मंत्रालय व मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारी, राष्ट्रीय संग्रहालय के क्यूरेटर, कलाकार और विद्वान



शामिल हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन विदेश मंत्रालय, थाईलैंड में भारतीय दूतावास, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, राष्ट्रीय संग्रहालय, मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। बैंकॉक सैन्य हवाई अड्डे पर पवित्र अवशेषों का थाईलैंड की सरकार में संस्कृति मंत्री श्री सर्मसाक पोंगपनित, थाई अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में भिक्षुओं द्वारा श्रद्धापूर्ण हार्दिक स्वागत किया गया। इन पवित्र अवशेषों का स्वागत सैन्य हवाई अड्डे पर शुभ मंत्रोच्चार समारोह और उत्साहपूर्ण आतिथ्य प्रदर्शन के साथ किया गया। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार और प्रतिनिधिमंडलों के साथ श्री सर्मसाक पोंगपनित व थाई अधिकारियों द्वारा पवित्र अवशेषों को सैन्य हवाई अड्डे से बैंकॉक स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में सुरक्षित रखने के लिए ले जाया गया। इसके बाद इन्हें 23 फरवरी को बैंकॉक के सनम लुआंग पवेलियन में तैयार एक भव्य मंडप में स्थापित किया जाएगा। वहीं, श्रद्धालु माखा बुचा दिवस से अपनी श्रद्धा अर्पित कर सकते हैं।

# पश्चिम बंगाल में नहीं बचा लोकतंत्र महिलाओं पर हो रहे अत्याचार : भाजपा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई घटना पर भारतीय जनता पार्टी लगातार हमलावर है। शुक्रवार को भाजपा ने ममता बनर्जी पर संदेशखाली का मास्टर माइंड और तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संरक्षण देने का आरोप लगाया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संदेशखाली में राजनीति का बहुआयामी अपराधीकरण हुआ है और यहां अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। इस तरह के राजनीतिक संरक्षण भारतीय इतिहास में अभूतपूर्व है। पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र बचा नहीं है। सुधांशु ने पूछा कि संदेशखाली के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? बंगाल की सरकार मुस्लिम समाज के कट्टरपंथियों के माध्यम से अपनी सरकार बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जो निंदनीय है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बंग भूमि इस समय अत्याचार से त्रस्त है।आज ही भाजपा की महिला सासंद, विधायक और पदाधिकारियों को वहां जाने से रोका गया है।

# केजरीवाल गिरफ़्तार हो जाएं, तो भी कांग्रेस के साथ होगा गठबंधन : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी भले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करा ले लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन होकर रहेगा। आप के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक, वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि भले ही भाजपा श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करा ले लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन होकर रहेगा। श्री पाठक ने कहा कि भाजपा को शुरू से ही यह विश्वास था कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होने वाला है और ये लोग इस बात से बहुत खुश थे कि इनका



गठबंधन नहीं होने जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में गठबंधन को लेकर चर्चा बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ी है और लगभग गठबंधन अपने अंतिम प्रारूप में पहुंच गई है। यह सुनते ही भाजपा को सदमा लग गया है, उनकी सारी खुशियां काफूर हो गई है। पिछले दो साल से श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने तैयारी चल रही थी। इस नई राजनीतिक परिस्थिति में अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के माध्यम से श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि ये लोग जिस दिन श्री केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे, पूरे देश में सुनामी आ जाएगी। सारे अच्छे लोग सड़क पर आ जाएंगे और इनके सारे राजनीतिक आंकलन उल्टे पड़ने वाले हैं। जब हम आज तक नहीं डरे तो आगे भी डरने वाले नहीं हैं।

हम देश के लिए गठबंधन में जा रहे हैं। हम गठबंधन में अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं जा रहे हैं। इस दौरान श्री भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच यह सहमति बन गई है कि कौन सी पार्टी किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, हालांकि इसकी उम्मीद मीडिया नहीं लगा रहा था। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने एक साक्षात्कार में कह चुके थे कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने यह बातें दावे के साथ कही थी।उन्होंने कहा कि अब प्रश्न उठ रहा है कि ऐसा क्या हुआ है, जो केंद्र सरकार के अंदर इतनी जल्दबाजी दिखाई जा रही है कि अब प्रवर्तन निदेशालय ईडी को छोड़ो। ईडी का मामला तो कोर्ट में फंस गया है इसलिए अब सीबीआई से श्री केजरीवाल को गिरफ़्तार करने की कोशिश की जा रही है। सुश्री आतिशी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि पिछले 2-3 महीने से एक-एक कर अरविंद केजरीवाल को सात बार ईडी का नोटिस आ चुका है।

## पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को मिला चुनाव चिन्ह

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है जिसमें तुरहा बजाते हुए एक व्यक्ति है।चुनाव आयोग ने श्री पवार को गुरुवार रात पत्र भेजकर इसकी सूचना दी।आयोग ने कहा कि पावर गुट लोकसभा चुनाव में तुरहा बजाते हुए आदमी के चुनाव चिह्न का उपयोग कर सकेगा। राकांपा ने चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त चिह्न पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह उसके लिए गर्व की बात है। इसके पहले इस पार्टी को चुनाव चिह्न के रूप में 'वटवृक्ष' मिला था जिस पर विश्व हिन्दू परिषद ने यह कहकर इस पर आपत्ति जतायी थी कि यह उसके संगठन का पंजीकृत चिह्न है।

# हम भाजपा सरकार की ब्लैकमेल की राजनीति से नहीं डरते : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार उसके बैंक खाते सील कर तथा कंपनियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का डर दिखाकर ब्लैकमेल की राजनीति कर रही है, लेकिन कांग्रेस इन सबसे डरने वाली नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को दबाने के लिए भाजपा जो भी चाल चले और जैसी भी राजनीति करे, उससे हम डरने वाले नहीं है और भाजपा सरकार की हर कोशिश को करारा जवाब देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस पर आर्थिक हमला कर, कांग्रेस को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। जिस तरह से



2016 में नोटबंदी हुई थी उसी तरह अब मोदी सरकार कांग्रेस के खिलाफ खाता बंदी अभियान चला रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं और उसके हर हथकंडे का डटकर मुकाबला करेंगे। मोदी सरकार की यह ब्लैकमेल की राजनीति हफ्तावसूली का प्रतीक है। साल 2018 से 2023 के बीच करीब 30 निजी कंपनियों के खिलाफ ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने एक्शन लिया और फिर इन्हीं कंपनियों से पिछले चार साल में भाजपा को 335 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। ये हफ्ता वसूली है। एक तरफ कांग्रेस के खिलाफ उत्पीड़न और प्रतिशोध की राजनीति हो रही है तो दूसरी तरफ निजी कंपनियों के खिलाफ ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग हो रहा है ताकि उनसे हफ्ता वसूली हो सके। उन्होंने कहा कि जिस तरह मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रकाशित किया था, क्या उसी तरह हफ्ता वसूली पर श्वेतपत्र प्रकाशित करेंगे। सरकार कहती है कि उनकी फंडिंग में पारदर्शिता है तो क्या चुनाव आयोग ने न्यूज पोर्टल से जो जानकारी ली है, आप उसका खण्डन करेंगे।

# विकसित भारत के लिए जीडीपी को 25 प्रतिशत पर ले जाना होगा : शाह

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की के अध्यक्ष एवं महिंद्रा ग्रुप के समूह सीईओ एवं प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने आज कहा कि वर्ष 2047 में 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का एक विकसित भारत बनाने के सपने को पूरा करने के लिए विनिर्माण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 25 प्रतिशत होना चाहिए। श्री शाह ने एक निजी टेलीविजन नेटवर्क द्वारा आयोजित आइडियास ऑफ इंडिया समिट 3.0 के शुभारंभ के मौके पर अपने संबोधन में कहा विकसित भारत के लिए हमें अधिक महत्वाकांक्षी होना चाहिए और विनिर्माण को 16 गुणा तथा निर्यात को 11 गुणा बढ़ाने की जरूरत होगी। उन्होंने राष्ट्रीय विकास और आर्थिक समृद्धि को तेजी से बढ़ाने के लिए उद्योगों और उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुये कहा कि अगले 7 वर्षों में, भारतीय जीडीपी वैश्विक जीडीपी में पूरे यूरोपीय संघ के बराबर योगदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय आम बजट में राजनीति के स्थान पर आर्थिक प्राथमिकता को चुना गया है, वित्तीय अनुशासन को अपनाया गया है और पूंजी निवेश को बढाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है ताकि भारत में विनिर्माण प्रतिस्पर्धी बन सके।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष से दूर रहे भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत ने आज स्वीकार किया है कि कुछ भारतीय रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी सेना में भूमिका निभा रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को संघर्ष से दूर रहने का परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में एक बयान जारी किया है। उनका कहना है कि भारतीयों ने रूसी सेना में सहयोगी नौकरियों के लिए करार किए हैं। इसकी हमें जानकारी है। भारतीय दूतावास लगातार संबंधित रूसी प्राधिकार से उन्हें जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने के लिए कहा है। साथ ही हम भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि संघर्ष से दूरी बनाएं और उससे जुड़े कामों को लेकर सतर्कता बरतें।

# निजी स्कूल की लापरवाही से हाईस्कूल की परीक्षा नहीं दे सका छात्र



- आठवीं की मान्यता पर कराई जा रही थी हाईस्कूल तक पढ़ाई

**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** क्षेत्र के नवागांव स्थित एक निजी स्कूल की लापरवाही से छात्र हाईस्कूल की परीक्षा देने से वंचित रह गया। उसके दो वर्ष खराब हो गये। आकर्ष सिंह पुत्र संदीप सिंह निवासी नवागांव थाना अटरिया ने थाना, एसडीएम व शिक्षा विभाग को शिकायत करते हुए कि वह बीते वर्षो से गांव स्थित नवागांव पब्लिक स्कूल में कक्षा दस का छात्र था। प्रतिदिन स्कूल पहुंचकर पढ़ाई करता था और समय समय पर स्कूल की फीस जमा करता था। जिसकी उसके पास रसीदें भी मौजूद है। जब उसने यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य योगेंद्र शर्मा से हाईस्कूल का प्रवेश पत्र मांगा तो स्कूल प्रबंधन तीन दिनों तक पीड़ित छात्र को धता बताता रहा और छात्र को प्रवेश पत्र नहीं उपलब्ध कराया। जब पीड़ित छात्र ने विरोध किया तो स्कूल प्रबंधन ने कहा कि हाईस्कूल में फार्म नहीं भरा इसी लिए प्रवेश पत्र नहीं आया। जबकि छात्र कक्षा नौ से दस तक प्रतिदिन स्कूल गया और तीन सौ रुपए के हिसाब से प्रतिमाह शुल्क जमा किया, लेकिन उसका प्रवेश पत्र नहीं आया। पीड़ित के पिता ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने सिर्फ आश्वासन दिया था कि उसका पुत्र हाईस्कूल की परीक्षा में बैठेगा और वह स्वयं नवागांव स्कूल से लेकर हरदोई के भरावन स्थित पचकरिया देवी इंटर कॉलेज के चक्कर लगाए पर कोई कामयाबी हासिल नहीं हुई। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि मामले की शिकायत डीआईओएस से कर जांच पड़ताल करवाएंगे।

### बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे प्राइवेट स्कूल

**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सिधौली इलाके में प्राइवेट स्कूलों की भरमार है यहां जिम्मेदार अधिकारी बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। यह कोई ताजा मामला नहीं आया है कि यूपी बोर्ड परीक्षा में कई बार बच्चे शिक्षकों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। यहां के प्राइवेट तथाकथित विद्यालय भोली भाली जनता को बहला फुसलाकर योजनाओं का लाभ देने का लालच देकर उनका अपने स्तर से हरदोई के परागीखेड़ा स्थित इंटर कॉलेज से फार्म भरवाकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करते है।

### फर्जी तरीके से संचालित हो रही इंटर तक कक्षाएं

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा से वंचित रहे छात्र के मामले को लेकर निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेंद्र शर्मा ने बताया कि बच्चा हमारे यहां कोचिंग पढ़ता था। छात्र ने स्वयं हरदोई के कॉलेज से फार्म भरा था, हमसे कोई मतलब नहीं है। जबकि सूत्र कहते हैं कि यहां की मान्यता कक्षा आठ तक है। दसवीं-बारहवीं की कक्षाएं फर्जी तरीके से चलाकर गैर जनपद से रजिस्ट्रेशन करवा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं।

मामले की पड़ताल कराएंगे। अगर ऐसा हुआ है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ऐसे विद्यालयों की शिकायत हरदोई डीआईओएस से करेंगे।

**राजेंद्र सिंह**
**डीआईओएस सीतापुर।**

# गाँव के सरकारी भवनों पर पूर्व प्रधान ने जड़ा ताला, अफ़सर मौन

- सामुदायिक केंद्र, शौचालय व सचिवालय में जड़ा निजी ताला
- भाजपा से निर्वाचित सभासद ने ईओ को दिया प्रार्थना-पत्र
- कार्रवाई की बजाय हीलाहवाली कर रहे अधिशासी अधिकारी

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के चुनिंदा मामलों पर प्रशासन का बुलडोजर भले ही गरजता हो, लेकिन नगर की सीमा से सटे और नगर पंचायत का हिस्सा बने एक गांव के सरकारी भवनों




पर पूर्व प्रधान ने दबंगई के बल पर ताला जड़ दिया है। भाजपा नेता की शिकायत के बावजूद प्रशासन कार्रवाई करने से कतरा रहा है। मामला नगर पंचायत के वार्ड नया जलालपुर (कटीली) का है। भाजपा के सिंबल पर निर्वाचित वार्ड संख्या 16 के सभासद बुधई कश्यप ने महोली के अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के पूर्व प्रधान ओम प्रकाश पुत्र स्वर्गीय बाबूराम अपनी दबंगई और मनमानी के चलते सरकारी कार्यों में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को चुनौती देते हुए गांव के अंबेडकर सामुदायिक केंद्र, सामुदायिक शौचालय और ग्राम पंचायत सचिवालय में अपना ताला जड़ दिया है। जिससे न सिर्फ सरकारी काम बाधित होते हैं बल्कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को शौच जाने में भी मशक्कत करनी पड़ती है। शौचालय पर लंबी लाइन लग जाती है। उलाहना देने के बावजूद वह ताला नहीं खोल रहे हैं। जन समस्याओं के मामले पर प्रशासन की चुप्पी सरकारी दावों को चुनौती दे रही है। सभासद ने मौके का वीडियो बनाकर भी वायरल किया है।जिसमें ताला लगा हुआ प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी आदित्य प्रकाश से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल तो रिसीव की लेकिन बात करना मुनासिब नहीं समझा।

### सभासद के आरोप बेबुनियाद

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** इस प्रकरण में जब पूर्व प्रधान ओम प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सरकारी भवन सरकारी कार्यों के लिए हैं। सभासद के इशारे पर कई बार इनमें छुट्टा गोवंशों को बंद किया जा चुका है। एक बार फिर यह सरकारी भवन में छुट्टा गोवंशों को बंद करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। सरकारी भवनों में ताला नहीं पड़ा है उनके आरोप गलत हैं।

## विधान परिषद की 13 सीटों पर 21 मार्च को मतदान

**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद की रिक्त 13 सीटों के लिए चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन सीटों पर 4 मार्च से नामांकन शुरू हो जाएगा जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 4 मार्च को नामांकन शुरू हो जाएंगे। 14 मार्च तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 21 मार्च को मतदान होगा। इसके बाद इसी दिन शाम पांच बजे के बाद मतगणना होगी। यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उ0प्र0 विधान परिषद के 13 सदस्यों के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश विधान सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल आगामी 05 मई, 2024 को समाप्त हो रहा है।

# चीन-भारत संबंधों को बरकरार रखना एक चुनौती

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत-चीन संबंधों के लिए, संतुलन की स्थिति में पहुंचना और इसे बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने हालांकि, इस बात पर जोर दिया कि तात्कालिक मुद्दा निर्धारित नियमों का बीजिंग द्वारा पालन नहीं किया जाना है जिसके चलते पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद उत्पन्न हुआ। 'रायसीना डायलॉग' में एक परिचर्चा सत्र में, जयशंकर ने द्विपक्षीय ढांचे के तहत मुद्दों को रोकने में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए। विदेश मंत्री ने आर्थिक मोर्चे पर कहा कि एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि



नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। उन्होंने वैश्विक रेटिंग एजेंसी गोल्डमैन सैश के अनुमानों का हवाला दिया, जिसके अनुसार 2075 तक दोनों देश 50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत को सर्वश्रेष्ठ संभावित नतीजे पाने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय प्रणाली का उपयोग करने के लिए पर्याप्त रूप से आश्वस्त होना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि क्या चीन और भारत के बीच समाधान का कोई बिंदु है और क्या दोनों देश अपने ठहरे हुए संबंधों में आखिरकार संतुलन की एक स्थिति लाएंगे? उन्होंने कहा कि यहां एक तात्कालिक मुद्दा है: 1980 के दशक के अंत से, विशेष रूप से सीमा मुद्दे पर हमारे बीच एक तालमेल था क्योंकि यह हम दोनों के लिए उपयुक्त था। करीब 30 साल बाद अब इससे विचलन हो गया है।

सीमा पर उनके बर्ताव के संदर्भ में बदलाव आया है...। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि संतुलन की एक स्थिति में पहुंचना, फिर उसे बरकरार रखना और उसे स्फूर्त करना दोनों देशों के लिए एक सबसे बड़ी चुनौती होने जा रही है।

# युवक को भरे बाजार मारी गोली

- बगल के गांव का रहने वाला है हमलावर
- पकड़ने में जुटी पुलिस, नहीं लग सका है हाथ

**कुशीनगर।** कसया के नादह प्रीतम टोला के अंकुश पटेल को शुक्रवार की शाम की रात बाइक सवार युवक ने गोली मार दी। घटना को तब अंजाम दिया गया जब वे दुकान पर खड़ा हो मछली खरीद रहे थे। भीड़ भरी बाजार में गोली चलते ही भगदड़ मच गई। हमलावर फरार हो गया। युवक के पीठ गर्दन अंगूठा में गोली लगी है। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल काले रेफर कर दिया।

बताया कि गले और गर्दन में गोली फंसी हुई है, अंगूठे पर लगी गोली आरपार हो गई है। हमलावर के साथ पुलिस घटना के पीछे का कारण भी तलाशने में जुटी है। स्वजन से मछली खरीदने की बात कहकर अंकुश (18 वर्ष) शाम को घर से निकले और गांव के सटे ही मछली बाजार में दुकान पर खरीदारी करने लगे। पुलिस के अनुसार इसी बीच रामकोला थाने के पथरदेवा का रहने वाला रवि सिंह बाइक से आया और पीछे से लगातार पिस्टल से तीन गोली मारकर फरार हो गया। गोली लगते ही लहूलुहान हो अंकुश गिर पड़े तो बाजार में भगदड़ मच गई।

इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिला संयुक्त अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने गोली फंसे होने व अधिक रक्तस्राव के चलते मामला गंभीर बता गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि हमलावर की तलाश की जा रही है। उसका आपराधिक इतिहास भी है। घटना के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है, जांच की जा रही है। शीघ्र ही मामले का पर्दाफाश हो जाएगा।

# शिक्षक के साथ स्टार प्रचारक की भूमिका में सीएम राजस्थान

- संगठन पदाधिकारियों से किया सीधा संवाद, दिये सुझाव
- साधारण कार्यकर्ता को बुलंदियों तक पहुँचाती है भाजपा

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को सीतापुर में थे। लोकसभा कलस्टर बैठक में पदाधिकारियों से सीधा संवाद कर परिचय प्राप्त किया। पदाधिकारियों की कार्य प्रणाली जानने के बाद उन्हें और बेहतर ढंग से काम करने के सुझाव दिये। प्रवास बैठक में मंझे हुए शिक्षक की तरह दिखने वाले राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा ने प्रबुद्ध सम्मेलन में पार्टी के स्टार प्रचारक की भूमिका निभाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा साधारण कार्यकर्ता को बुलंदियों तक पहुंचाना जानती है। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि आज भी मेरे घर में नाम के नीचे जिलाध्यक्ष लिखा





हुआ है। पार्टी के लिए काम करने वाला मैं छोटा कार्यकर्ता था, जिसे पार्टी नेतृत्व ने राजस्थान प्रांत का मुख्यमंत्री बना दिया। नैमिषारण्य तीर्थ में दर्शन पूजन करने के बाद भजन लाल शर्मा शहर के एक गेस्ट हाउस पहुंचे थे। यहां आयोजित लोकसभा कलस्टर प्रवास बैठक में मौजूद पांच लोकसभा क्षेत्रों के विधान सभा संयोजकों व प्रभारियों के अलावा संगठन पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। राजस्थान सीएम ने एक-एक पदाधिकारी से परिचय लेने के बाद क्षेत्र में उनकी कार्यशैली लोगों के बीच संवाद और पार्टी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी ली। भजन लाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक डायरी बना लीजिए, हर दिन जो भी काम करे वह उस डायरी में तारीख के साथ लिखे। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों के अलावा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित हुए लोगों के नाम व मोबाइल नंबर उस डायरी में अंकित होने चाहिए। लाभार्थियों से निरंतर संवाद स्थापित करने के साथ अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये जोड़े रखने का काम विधान सभा संयोजक व प्रभारियों को करना होगा। राजस्थान सीएम ने सभी कार्यकर्ताओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और उनके जोश भी भरा। श्री शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनी रणनीति सहित संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। सीतापुर, मिश्रिख, हरदोई, धौरहरा व लखीमपुर जनपद के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हर बूथ पर लहरानी चाहिए पार्टी की विजय पताका

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** खैराबाद के गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निजी लाभ के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से काम करता है। कार्यकर्ताओं के बूते भाजपा आज विश्व की नंबर एक पार्टी बन चुकी है। समर्पित भाव से काम करने वाले कार्यकर्ताओं का पार्टी ने सदैव सम्मान किया है। भाजपा राष्ट्र उत्थान के लिए 24 घंटे काम करती है। सीएम भजन लाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के सामने अपने जीवन संघर्ष का उदाहरण रखते हुए कहा कि सामान्य परिवार में जन्म लिया, बाल्यावस्था से ही देश के प्रति प्रेम और कुछ करने की इच्छा थी। भाजपा के साथ जुड़े और विभिन्न पदों पर रह कर समर्पण भाव से काम करते रहे। संगठन के दायित्वों का निर्वाहन किया। पार्टी से लोगों को जोड़ कर नेतृत्व की कसौटी पर खरा उतरने की कोशिश की। भाजपा ने मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को राजस्थान का मुख्यमंत्री बना दिया। लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व में पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने जा रही है। जन कल्याणकारी योजनाओं से हर घर के लोग लाभांवित हुए है। कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच जाना है। चुनाव में ऐतिहासिक जीत से हमें कोई रोक नहीं सकता। प्रबुद्ध सम्मेलन को यूपी सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, नितिन अग्रवाल, रजनी तिवारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सांसद राजेश वर्मा, अशोक रावत, राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, सुरेश राही सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने किया।